आश्विन कृष्णा पक्ष अष्टमी 12:11 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 25 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 237, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा 14
पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू 13

## एक नजर

### आभूषण निर्माण इकाई में आग से 14 श्रमिक झुलसे

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार को एक आभूषण निर्माण इकाई में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है। सूरत नगर निगम के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारीक ने बताया कि इमारत की तीसरी मंजिल पर आभूषण बनाने के लिए सोने को पिघलाने में इस्तेमाल होने वाली गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई। कतारगाम पुलिस ने बताया कि आभूषण बनाने वाली आरवी ऑर्नामेंट्स में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आग पर काबू पाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग अन्य जगहों पर फैलने से पहले ही बुझा दी गई।

### पुलवामा विस्फोट: आरोपी की हृदयाघात से मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलवामा विस्फोट के एक आरोपी की यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सोमवार को मौत हो गई। अस्पताल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलवामा विस्फोट मामले में संलिप्तता के आरोप में बिलाल अहमद कुचाय (27) जिला जेल किश्तवाड़ में बंद था।पुलवामा के हाजीबल ललहार निवासी बिलाल को गुइलेन-बैरी सिंड्रोम बीमारी के कारण 17 सितंबर को जम्मू जीएमसी में भर्ती कराया गया था। उसे जिला अस्पताल किश्तवाड़ से रेफर किया गया था। सोमवार शाम को उसकी मृत्यु हो गई।

### मप्र में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, तीन घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में मंगलवार को एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि यह घटना अपराह्न डेढ़ से दो बजे के बीच समन्ना गांव के पास हुई। घायल लोगों को सड़क पर बनाए गए विशेष गलियारे के जरिए जबलपुर पहुंचाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस कर्मी और ग्रामीण बचाव अभियान शुरू करने के लिए मौके पर पहुंचे।

### अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य है। न्यायमूर्ति सी.एस. डायस ने कहा कि सिद्दीकी गवाहों को डरा-धमका सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है।

# ढाबों-रेस्टोरेंट की जांच के आदेश, होगा कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन

## योगी ने कहा- खानपान की चीजों में मानव अपशिष्ट मिलाना स्वीकार्य नहीं

- खानपान की चीजों की शुद्धता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में हो आवश्यक संशोधन
- शेफ और वेटर को लगाना होगा मास्क-ग्लव्स, होटल-रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य



सरकारी आवास पर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य, गंदी चीजों की मिलावट की ताजा घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई अस्वीकार्य हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में मुख्यमंत्री ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने उप्र. के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। ऐसे स्थानों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

### खानपान के प्रतिष्ठानों पर संचालक का नाम और पता डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री योगी के मुताबिक, ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई शुरु कर दी जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किए जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

# अब सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद पर विवाद

- प्रसाद के पैकेट पर चूहे का वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

**मुंबई, एजेंसी :** तिरुपति के लड्डू प्रसादम को लेकर जारी विवाद के बीच अब मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद को लेकर भी विवाद उठ खड़ा हुआ है। प्रसाद के कैरेट में चूहे के बच्चे होने और पैकेट को चूहे द्वारा कुतरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास (एसएसजीटी) ने आरोप से इनकार किया और कहा कि उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवसेना नेता और एसएसजीटी अध्यक्ष सदा सर्वंकर ने मंगलवार को कहा कि रोजाना लाखों लड्डू बांटे जाते हैं और जिस स्थान पर वे बनाए जाते हैं, वह स्वच्छ है। वीडियो में एक गंदा स्थान दिखाई दे रहा है। मैं देख सकता हूं कि यह मंदिर का नहीं है और वीडियो कहीं बाहर बनाया गया है। कथित वीडियो में नीले रंग की एक ट्रे में रखे लड्डू के पैकेट चूहों द्वारा कुतरे दिखाई दे रहे हैं। सर्वंकर ने कहा कि हम सीसीटीवी फुटेज खंगालेंगे और जांच के लिए एक डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) रैंक के अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दो आरपीएफ सिपाहियों के हत्यारोपी को मार गिराया

- 19 अगस्त की रात बाड़मेर गुवाहाटी एक्सप्रेस से धकेलकर की थी दोनों सिपाहियों की हत्या
- एसटीएफ नोएडा, जीआरपी एवं गाजीपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में किया एनकांउटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह को ढेर करने के बाद एसटीएफ ने अगले 20 घंटे के अंदर एक और अपराधी को मार गिराया। 19 अगस्त की रात तेज गति से चल रही बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस से आरपीएफ के दो सिपाहियों को धकेलकर मार डालने वाले आरोपी के खिलाफ एसटीएफ ने गाजीपुर में कार्रवाई करते हुए ढेर किया है। एसटीएफ की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से हड़कंप मचा हुआ है।

कार्रवाई कर रहे एसपी डॉ. इरज राजा ने बताया कि बिहार का रहने वाला मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या का आरोपी था। जाहिद पर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं। घटना के बाद उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार की रात करीब एक बजे एसटीएफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी दिलदारनगर और गाजीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि दिलदारनगर के गोपालपुर के पास मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू बाइक से अपने साथी के साथ जाता नजर आया। टीम ने उसकी घेराबंदी की तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली लगने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में जाहिद के सीने में गोली लग गई। घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी भदौरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

### पटना का रहने वाला था आरोपी जाहिद



जाहिद मूल रूप से बिहार के पटना के पेढ़िमा बाजार के मंसूर गली का रहना वाला था। उसके पिता का नाम मुस्तफा है। बता दें कि बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन से धकेलकर आरपीएफ जवान जावेद खान और प्रमोद सिंह की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप मो. जाहिद पर लगा था।

# जमीन घोटाले मामले में सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भू आवंटन मामले में उनके विरूद्ध जांच के लिए राज्यपाल थारवरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी।

मुख्यमंत्री ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पॉश क्षेत्र में उनकी पत्नी को किए गए 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के सिलसिले में उनके खिलाफ राज्यपाल द्वारा दी गई जांच की मंजूरी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने 12 सितंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को अंतरिम आदेश में विशेष अदालत को सिद्धरमैया की इस याचिका के निस्तारण तक सुनवाई टाल देने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने व्यवस्था दी कि याचिका में बताए गए तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता है। इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि याचिकाकर्ता का परिवार है। याचिका खारिज की जाती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आज तक प्रभावी किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश समाप्त हो जाएगा। इस निर्णय के बाद विशेष अदालत सुनवाई कर सकेगी।

### सिद्दारमैया बोले-मैं बदले की राजनीति का शिकार



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को खुद को बदले की राजनीति का निशाना बताते हुए कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच की अनुमति निर्धारित करने के लिए वह कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे। मुख्यमंत्री का यह बयान कर्नाटक हाईकोर्ट की ओर से उनकी याचिका को खारिज किए जाने के बाद आया है।

# एसडीएम-तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास

**मुरादाबाद :** भोजपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात अवैध खनन कर रहे माफिया को रोकने के प्रयास में गुर्गों ने एसडीएम सदर और तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की।

अधिकारियों और टीम के लोगों ने खुद को जैसे-तैसे बचाया। मामले में लेखपाल की तहरीर पर 7-8 अज्ञात और दो ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। राजस्व टीम ने दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक हाइड्रा पुलिस को सौंप दिया है। सदर तहसील के भोजपुर धर्मपुर में तैनात लेखपाल सर्वेश कुमार ने भोजपुर थाने में दी तहरीर में बताया है कि रविवार की रात करीब दस बजे सूचना मिली की ढेला नदी के पास कुछ लोग अवैध रूप से बालू निकाल रहे हैं। इस पर एसडीएम सदर राम मोहन मीणा और तहसीलदार रामवीर सिंह राजस्व कर्मियों और पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे। टीम को देखते ही खनन करने वाले भागने लगे। राजस्व टीम ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो लोगों ने टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाकर जान लेने की कोशिश की। थाना प्रभारी भोजपुर श्यामवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### जम्मू-कश्मीर विस चुनाव

# दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए मतदान आज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा और इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला करेंगे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं। दूसरे चरण में जिन 26 सीट पर चुनाव होगा वे छह जिलों के अंतर्गत आती हैं। इनमें से तीन जिले कश्मीर संभाग में हैं जबकि इतने ही जिले जम्मू संभाग के हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 3,502 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला, एजेंसी :** त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले। सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया। साहा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं शुरू कर स्वदेशी लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए काम करती रही है।

# हाईकोर्ट को सीबीआई जांच का आदेश देने का अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- शीर्ष अदालत ने कहा-पहले बताना होगा तार्किक आधार

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाईकोर्ट को किसी मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपने का अधिकार है, लेकिन उसे इस बात का तार्किक आधार भी देना होगा कि उसे ऐसा क्यों लगता है कि संबंधित राज्य पुलिस द्वारा मामले की जांच निष्पक्ष नहीं है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज करते हुए की, जिसमें सीबीआई को गोरखा प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) में स्वैच्छिक शिक्षकों की भर्ती और नियमितीकरण से संबंधित एक मामले को लेकर कुछ पत्रों में लगाए गए आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश के अवलोकन से पता चलता है कि इस बारे में एक भी शब्द नहीं कहा गया कि हाईकोर्ट को राज्य सरकार द्वारा कराई गई जांच अनुचित क्यों लगी।

शीर्ष अदालत पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका पर विचार कर रही थी, जिसमें जलपाईगुड़ी में हाईकोर्ट की सर्किट बेंच की खंडपीठ द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश के अमल पर रोक लगाने वाला अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। एकल न्यायाधीश ने सीबीआई को पत्रों में लगाए गए आरोपों की प्रारंभिक जांच या विश्लेषण करने तथा कथित आरोपों के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

# तमिलनाडु में 11 स्थानों पर एनआईए का छापा

- भारत विरोधी विचारधारा फैलाने की जांच के सिलसिले में कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है। चुनावी मताधिकार को हिज्ब-उत-तहरीर ने गैर-इस्लामिक या हराम माना है। आतंकवाद रोधी एजेंसी के अनुसार, हिज्ब-उत-तहरीर एक कट्टरपंथी संगठन है जो अपने अनुयायियों को विभाजनकारी कार्यों के माध्यम से वैध रूप से स्थापित लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने में लगा हुआ है।



# धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रु. प्रति क्विंटल निर्धारित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से तय हुई खरीद की दरें**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने धान क्रय नीति को स्वीकृत करते हुए खरीद की दरें निर्धारित कर दी हैं। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। इसमें पिछली बार के मुकाबले 117 प्रति क्विंटल की दर से (5.36 प्रतिशत) की वृद्धि की गई है।

धान की कीमत 2320 रुपये रखी गई है जबकि इसकी पिछले वर्ष दर 2203 रुपये प्रति क्विंटल रखी गई थी। पश्चिमी उप्र में यह खरीद 1 अक्टूबर से व पूर्वी उप्र व मध्य उप्र में यह खरीद 1 नवंबर से होगी। इस बार 70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

खाद व रसद विभाग के इस प्रस्ताव को मंगलवार को कैबिनेट बाई सुर्कलेशन मंजूरी दे दी गई। पश्चिमी यूपी में मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी व लखनऊ सम्भाग के हरदोई, लखीमपुर व सीतापुर में धान क्रय की अवधि 1 अक्टूबर 2024 से 31 जनवरी, 2025 तक होगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज व लखनऊ सम्भाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में धान क्रय की अवधि 1 नवम्बर, 2024 से 28 फरवरी, 2025 तक होगी। धान खरीद वर्ष अगला 2024-25 में एफपीओ-एफपीसी को मंडी परिषद से सम्बद्ध हो लेख धान क्रय की अनुमति प्रदान की जाएगी। सभी धान क्रय केन्द्रों पर नमी मापक यन्त्र, इलेक्ट्रानिक कॉटे व किसानों की सुविधाओं के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। किसानों से कॉमन व ग्रेड-ए किस्म के धान के साथ-साथ हाइब्रिड धान भी क्रय किया जा सकेगा।

# भिक्षावृत्ति में फंसे बच्चों को भी मुक्त कराना महिला आयोग के जिम्मे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **प्रदेश सरकार ने दिया निर्देश ऐसे बच्चों की पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने में महिला आयोग निभाए प्रभावी भूमिका**

▶▶ **राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक कहा- सकारात्मक भाव से करें दायित्वों का निर्वहन**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने नवगठित राज्य महिला आयोग की पदाधिकारियों, सदस्यों से कहा कि देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों में फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम में भी राज्य महिला आयोग प्रभावी योगदान करें।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। यदि कतिपय कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के सुचारू कामकाज के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर महिला आयोग के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

## एक नजर

### आज ईडी कार्यालय में पेश होंगे मोहिंदर सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कॉडर के पूर्व आईएएस व नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। सूत्रों के मुताबिक, मोहिंदर सिंह से नोएडा सेक्टर 75 के भूखंडों के आवंटन व बिल्डरों से संबंध के बारे में पूछताछ की जाएगी। बता दें कि ईडी ने पूर्व आईएएस के चंडीगढ़ स्थित आवास पर छापा मारा था, इस दौरान सात करोड़ के आभूषण सहित करोड़ों की नकदी आदि बरामद हुई थी। जांच के दौरान मोहिंदर सिंह द्वारा पद पर रहते हुए अरबों के भ्रष्टाचार का भी मामला उजागर हुआ था।

### सीमावर्ती गांवों में लंपी से बचाव को टीकाकरण तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोवंशों को लंपी स्किन डिजीज बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने सीमावर्ती गांवों में चेन बनाकर टीकाकरण तेज कर दिया है। पहले से टीकाकरण होने से गोवंश आसपास जिलों से फैलने वाले संक्रमण की चपेट में नहीं आएंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में 15 सितंबर से लंबी स्किन डिजीज विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया है। 31 अक्टूबर तक गोशाला व पशुपालकों के 1,71,500 गोवंशों को गोट पॉक्स वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए 18 टीमें क्षेत्रों में सक्रिय हैं। 60 हजार से अधिक गोवंशों का टीकाकरण हो चुका है। यह वायरस गोवंशों में एक से दूसरे जिले में फैलकर बढ़ता है। इसकी रोकथाम के लिए जिले की सीमा में 10 किमी तक के गांव में चोरोंतरफ से चेन बनाकर गोवंशों का विशेष टीकाकरण करा रहे हैं। बाहर गोवंशों के सुरक्षित होने से संक्रमण नहीं फैलेगा।

### पान-मसाला का उपयोग नहीं करने के लिए किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत मंगलवार को राजभवन में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक 'आईईटी' की नाट्य संस्था 'जोश' की ओर से 'रेड स्पॉट' नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान व पान मसाला खाने के दुष्प्रभाव व इसे खाकर इधर-उधर थूकने से होने वाली गंदगी से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, कुलपति डॉ. जय प्रकाश पांडेय समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# 15 दिन में सड़कों को बनाएं ऐसा कि चलने पर हो सुखद अनुभूति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **मुख्यमंत्री ने की खराब सड़कों के सुधार कार्यों को लेकर विभागीय समीक्षा**

▶▶ **कहा, नई बनने वाली हर सड़क की 5 वर्ष की हो गारंटी, सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण**

▶▶ **एनएचएआई से बोले योगी अधूरे हाइवे पर न हो टोल वसूली**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले शारदीय नवरात्रि, दशहरा व दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के मद्देनजर राज्य की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान चला 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। 15 दिनों में गड्ढामुक्ति, सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों को ऐसा बनाएं कि चलने पर सुखद अनुभूति हो। बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत व ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए।

गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले 5 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लेखित की जाएं।

विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सीवर लाइन व पाइप लाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए।

### महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए

मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर मंडी समिति व औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सीएसआर पद्धति के माध्यम से पेयजल, टॉयलेट, कैंटीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस कार्य से महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए। मंडियों में कैंटीन के माध्यम से किसानों के लिए कम कीमत में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### एमपी-एमएलए निधि से बनीं सड़कों की कार्य योजना बने

योगी के मुताबिक, एक्सप्रेसवे की मरम्मत का कार्य भी आगे बढ़ाया जाए। एमपी तथा एमएलए निधि के अंतर्गत बनी सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना विभाग द्वारा गन्ना समिति तथा विद्यालयों के भवनों की मरम्मत की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालयों की अवधारणा को केंद्र सरकार ने मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। ग्राम सचिवालयों की तर्ज पर गन्ना समिति के कार्यालयों का अपग्रेडेशन किया जाए।

### गड़बड़ी पर आधार से पकड़े जाएंगे सर्वेयर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के सर्वे में इस बार फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। जांच या शिकायत में अपात्र मिलने पर सर्वेयर की आधार कार्ड से पहचान करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मकसद जरूरतमंदों को हर हाल में आवास देकर लाभान्वित करना है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश में लाभार्थियों का चयन करने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। सिर्फ केंद्र से सर्वे करने के लिए एप लांच होने का इंतजार है। इस वर्ष सरकार का मकसद किसी भी हालत में नए व पुराने लाभार्थी आवास योजना से छूटने नहीं चाहिए। इसके लिए कई नियम बनाएं हैं और प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए बदलाव किया गया है। सर्वे ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो मौके पर सीधे घर आदि की स्थिति देखकर फोटो लेंगे और मुखिया व सदस्य का पूरा विवरण रजिस्टर पर दर्ज करेंगे। इससे संपूर्ण समाधान दिवस व अन्य जनसुनवाई के दौरान यदि कोई व्यक्ति आवास से वंचित होने की शिकायत करता है तो रजिस्टर पर विवरण देखा जाएगा।

# आठ विश्वविद्यालयों में स्थापित होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **चार करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत, वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार हो सकेंगे शिक्षक और छात्र**

▶▶ **शोध, नवाचार व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनेंगे विश्वविद्यालय**

▶▶ **रुहेलखण्ड विवि बरेली, पूर्वांचल विवि जौनपुर, लखनऊ विवि, छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर समेत अन्य विश्वविद्यालय शामिल**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है। इससे छात्र और शिक्षक इस क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनेंगे। इसके लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 3 करोड़ 88 लाख 77 हजार 800 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

उच्च शिक्षा मंत्री, योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकें। दरअसल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाना है। यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय स्तर पर योजना की मॉनीटरिंग की जाएगी और शासन को अवगत कराया जाएगा।

### ये विश्वविद्यालय शामिल

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

## सांसद आर के चौधरी को हाईकोर्ट का नोटिस

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मोहनलालगंज से सपा सांसद आरके चौधरी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। उनके खिलाफ निर्वाचन याचिका दाखिल करते हुए, जाति-धर्म के आधार पर वोट मांगने का आरोप लगाया गया है। न्यायालय ने याचिका पर विचार की आवश्यकता जताते हुए, नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 19 नवम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने ज्ञानी की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने दलील दी कि चुनाव के दौरान न सिर्फ प्रत्याशी बल्कि उसकी पार्टी के द्वारा भी 'पीडीए' शब्द का बारम्बार प्रयोग किया गया। आरोप लगाया गया कि 12 मई 2024 की चुनाव रैली में मोहनलालगंज में आरके चौधरी ने खुलेआम जाति व धर्म के नाम पर वोट मांगे। कहा गया कि सोशल मीडिया साइटों पर भी चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से आरके चौधरी व उनकी पार्टी द्वारा जाति, धर्म व समुदाय के आधार पर वोट मांगे गए। कहा गया कि आरके चौधरी चुनाव जीत गए लेकिन जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123(3) के तहत जाति-धर्म, समुदाय के नाम पर वोट मांगने के कारण उनका चुनाव रद् होना चाहिए। न्यायालय ने याची पक्ष को सुनने के उपरांत मामले में विचार की आवश्यकता जतायी।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गायत्री प्रजापति को जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **चार वर्षों बाद भी आय से अधिक सम्पत्ति मामले में विवेचना लंबित**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की जमानत याचिका को मंजूर कर लिया है। उक्त मामले में गायत्री प्रजापति साढ़े तीन वर्ष से जेल में है, जबकि प्रावधानों के तहत कुल सजा सात वर्ष की ही है, लिहाजा अधिकतम सजा की आधी अवधि जेल में बिताने के आधार पर न्यायालय ने मामले में गायत्री को जमानत दे दी।

वहीं, न्यायालय ने यह भी पाया कि मनी लॉन्ड्रिंग के उक्त मुकदमे का आधार आय से अधिक सम्पत्ति का एक मुकदमा है, जिसे वर्ष 2020 में दर्ज किया गया था, लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बावजूद यूपी विजिलेंस इस्टैब्लिश्मेंट मामले में अपनी विवेचना ही पूरी नहीं कर सका है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने गायत्री प्रजापति की याचिका पर दिया। गायत्री की ओर से दलील दी गई कि लोकायुक्त की सिफारिश पर 26 नवम्बर 2020 को आय से अधिक सम्पत्ति मामले में विजिलेंस ने उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इसी मुकदमे के आधार पर वर्ष 2021 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गायत्री के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया, मनी लॉन्ड्रिंग के उक्त मामले में 8 फरवरी 2021 को गायत्री को ज्युडिशियल रिमांड पर लिया गया।

कहा गया कि विजिलेंस आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में अब तक अपनी विवेचना ही नहीं पूरी कर पायी और मनी लॉन्ड्रिंग के वर्तमान मुकदमे में भी अभियुक्त आधी से अधिक अवधि जेल में बिता चुका है। ईडी की ओर से जमानत याचिका का विरोध किया गया। हालांकि न्यायालय ने पाया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 436 ए के तहत गायत्री को जमानत पाने का अधिकार है क्योंकि वह अधिकतम सजा की आधी अवधि जेल में बिता चुका है।




डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848



अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com

व्हाट्सएप
8112979390


## मौसम

बादल छा सकते हैं, हल्की बारिश होने की संभावना भी है।

| 37.0° | 25.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## शहर में आज

- दीनदयाल वाटिका में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देंगे – 8:45 बजे।
- इंदिरा भवन स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी की ओर से सिंधी साहित्यकार अर्जुन चावला का सिंधी साहित्य में योगदान विषयक संगोष्ठी– 3:00 बजे।
- सी.एम.एस. विशाल खण्ड में अशोक सिंघल स्मृति न्यास की ओर से अशोक सिंघल की 98वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में विशेष काव्यांजलि कार्यक्रम– 4:30 बजे।

## एक नजर

### मोबाइल स्टैंड बनाने पर लविवि शिक्षक को मिला पेटेंट

**अमृत विचार, लखनऊ:** दो तरफा मोबाइल स्टैंड के डिजाइन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. केया पांडेय को भारत सरकार ने पेटेंट प्रदान किया है। यह स्टैंड दोनों तरफ आसान उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया। यह पेटेंट डिजाइन 4 लोगों की एक टीम द्वारा तैयार किया गया था। एमिटी यूनिवर्सिटी, रांची के डॉ. राहुल, लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर केया पांडेय, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड रांची के प्रोफेसर अजय सिंह और बीआईटी, मेसरा रांची की डॉ. ऋचा पांडे ने डिजाइन को विकसित करने और परिष्कृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पेटेंट हासिल करने पर बधाई दी है।

### भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को दिलाई सदस्यता

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** रविवार को भाजपा नेताओं ने सिसेंडी, भीलमपुर, डाढा सिकंदरपुर, मोहनलालगंज समेत दर्जनों गांवो में सभाये कर ग्रामीणो कों केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियो को बताते हुये भाजपा की सदस्यता दिलाई। मोहनलालगंज के सिसेंडी व भीलमपुर गांवो में यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने पूर्व मंडल महामंत्री अजंनी शुक्ला व भाजपा नेता आशीष मिश्रा व वरिष्ठ नेता प्रदीप द्विवेदी समेत कार्यकर्ताओ की मौजूदगी में नुक्कड़ सभा कर सरकार की उपलब्धियां बताते हुये ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। डाढा सिकन्दरपुर गांव में एमएलसी रामचन्द्र प्रधान ने ग्रामीणों को सदस्यता ग्रहण कराई।

### किसानों की चेतावनी के बाद पहुंचे अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में चल रहे धरना प्रदर्शन मे 13 वें दिन पहुंचे एलडीए और आवास विकास परिषद के जिम्मेदारों ने किसानों की मांगों को मानने से इंकार कर दिया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) संगठन की ओर से आवास विकास और एलडीए के अधिकारियों की शव यात्रा निकालने की चेतावनी पर पहुंचे अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि उनकी मांगे पूरी करना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। जिन गांवों में रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगाया गया एक सप्ताह में खोल दिया जाएगा। भाकियू के प्रदर्शन के मौके पर संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री आशु चौधरी, मंडल अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह, मंडल महामंत्री सुनील शुक्ला जिला अध्यक्ष लखनऊ आलोक वर्मा, महानगर अध्यक्ष तौकीर फरहत महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला मौर्य मौजूद रहे।

# लीला सिनेमा हॉल के पास धंसी नगर निगम की सड़क

## पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा आवागमन रोका



लीला सिनेमा हॉल के पास सड़क पर हुए गड्ढे के पास लगी बैरिकेडिंग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अभियंता ने किया आज सड़क ठीक कराने का दावा

**अमृत विचार:** शहर में सड़कों के धंसने का सिलसिला थम नहीं रहा है। मंगलवार को लीला सिनेमा हॉल के पास नगर निगम की सड़क में एक फीट चौड़ा गड्ढा हो गया।

पुलिस ने गड्ढे के चारों ओर बेरिकेडिंग कर रास्ता बंद करा दिया है। सूचना पर नगर निगम के अभियंता भी मौके पर पहुंच गए थे। सड़क पर कई दिनों से बहुत छोटा सा गड्ढा था। लोगों की शिकायत के बाद भी नगर निगम के अभियंताओं ने सही नहीं कराया। मंगलवार शाम अचानक सड़क पर एक फीट चौड़ा और दो फिट गहरा गड्ढा हो गया। नगर निगम के अधिशासी अभियंता किशोरी ने बताया कि बुधवार तक सड़क सही करा दी जाएगी।

### विश्वविद्यालय के सामने सड़क बनने में अभी लगेंगे 15 दिन

**अमृत विचार, लखनऊ:** विश्वविद्यालय के पास धंसी लोक निर्माण विभाग की सड़क को ठीक होने में अभी 15 दिन और लगेंगे। अभी जल रिसाव वाले हिस्से में पाइप ठीक करने कार्य चल रहा है। एक लेन से आवागमन होने से लोगों को परेशान का सामना करना पड़ रहा है। हनुमान सेतु से विश्वविद्यालय की ओर जाने वाली मुख्य सड़क बीते दिनों धंस गई थी। नगर निगम, जलकल की ओर से जल रिसाव वाली पाइप ठीक करने का काम चल रहा है। दोनों ओर से दीवार बनाकर आरसीसी की स्लैब ढाली जा रही है। इसके बाद सड़क बनाने का कार्य शुरू होगा। लखनऊ में सड़क धसने की ये घटना पहली नहीं है। इससे पहले सड़क पर गड्ढा बनने की दो और घटनाएं हो चुकी हैं। ये तीसरी घटना है जब सड़क पर बीस फीट का गड्ढा हो गया।



विश्वविद्यालय के पास मरम्मत कार्य करते मजदूर। अमृत विचार

# बीमारियां फैला रहे कूड़े के ढेर

## सड़कों के किनारे बने पड़ाव अड्डों और घरों से समय पर नहीं होता कूड़े का उठान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





हजरतगंज में लखनऊ क्लब के सामने और फैजाबाद रोड स्थित बाबूगंज के समीप सड़क पर लगे कूड़े के ढेर। अमृत विचार

- मंडलायुक्त के आदेश के बाद भी खुले में डाला जा रहा कूड़ा
- रामकी कंपनी नहीं संभाल पा रही कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** घनी आबादी में पड़ाव अड्डों में लगे कूड़े के ढेर चिकनगुनिया, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियां फैला रहे हैं। कूड़ा के ढेर से उठने वाली बदबू ने आसपास के लोगों का सांस लेना तक मुश्किल कर रखा है। नगर निगम सफाई, फागिंग और एंटी लार्वा के छिड़काव के दावे तो कर रहा है, लेकिन बढ़ती बीमारियां जमीनी हकीकत को खुद बयां कर रही हैं। मंडलायुक्त ने पड़ाव घरों से समय पर नियमित कूड़ा उठाने और रोस्टर बनाकर फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के आदेश दिए हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कमरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं।

नगर निगम के कई पड़ाव घर सड़कों पर ही बने हैं। इनमें सड़कों तक कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। इन डंपिंग यार्डों के अलावा घरों से भी कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। हजरतगंज जैसे वीआईपी इलाके में भी सफाई व्यवस्था बदहाल है। लखनऊ क्लब के सामने पड़ाव घर के बाहर दोपहर तक कूड़ा सड़क पर फैला रहता है। घनी आबादी वाले कई इलाकों में सड़क पर बने डम्पिंग यार्डों में हफ्तों कूड़ा सड़ता रहता है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब के आदेश के बाद भी नगर निगम ने खुले में कूड़ा डालने पर रोक नहीं लगाई है और न ही डम्पिंग यार्डों को ढकवाया ही गया है।

> 42 डाला गाड़ियों, 36 कोल्ड फॉगिंग मशीनों से ऑन डिमांड और रोस्टर के हिसाब से फॉगिंग कराई जा रही है। फॉगिंग और सफाई के लिए जेडएसओ और नगर निगम के टोल फ्री नंबर 1533 पर शिकायत कर सकते हैं।
>
> –पीके श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

### डम्पिंग यार्डों में दिन भर पड़ा रहता है कूड़ा

नगर निगम ने सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए हैदराबाद की बड़ी कंपनी रामकी को 5 जोन में कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी दी है। कंपनी लखनऊ स्वच्छता अभियान के नाम से जोन–1, 3, 4, 6 और 7 में डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन और पड़ाव घरों से कूड़ा उठाने का काम देख रही है। कंपनी यह जिम्मेदारी संभाल नहीं पा रही। घरों और पड़ाव घरों से समय पर कूड़ा नहीं उठा पा रहा है। कंपनी के पास खुद के संसाधन नहीं हैं। ठेकेदारों को ही डम्पिंग यार्डों से कूड़ा उठाने का काम दे दिया है।

### कागजों तक सीमित फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव

कहने को नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग वेक्टर जनित बीमारियों डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया आदि से बचाव के लिए अभियान चला रहा है। ये अभियान कागजों पर ज्यादा धरातल पर कम नजर आता है। नगर निगम 42 डाला गाड़ियों, 36 कोल्ड फॉगिंग मशीनों से लगातार फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव का दावा कर रहा है, लेकिन लोग इस दावे पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सफाई, फॉगिंग करने और कूड़ा उठाने कोई नहीं आता है।

# डेंगू से महिला की मौत, 33 नए मरीज भर्ती, 6 को मलेरिया

## सीएमओ ने डेंगू के केवल 25 नए मरीज मिलने का किया दावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर में मंगलवार को डेंगू से एक महिला की मौत हो गई और सरकारी अस्पतालों में 33 मरीज भर्ती कराए गए। सीएमओ ने डेंगू के 25 व मलेरिया के 6 नए मरीज ही मिलने का दावा किया है। सिविल अस्पताल में 25, महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल में 4, लोकबंधु में 2 और बलरामपुर अस्पताल में डेंगू के 2 मरीज भर्ती हुए हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है।

फैजुल्लागंज प्रीतिनगर निवासी राजमिस्त्री शिवशंकर की पत्नी सामंती देवी (57) को करीब एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। नजदीकी क्लीनिक से दवा लेने पर राहत नहीं मिली। हालत बिगड़ने पर परिजन ने ताड़ीखाना स्थित होपवेल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने डेंगू कार्ड से मरीज की जांच कराई।

शिवशंकर के अनुसार रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। दो दिन सामंती वहीं भर्ती रही। हालत बिगड़ने पर दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया। 22 सितंबर को सामंती को चंदन हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां इलाज दौरान मंगलवार सुबह मौत हो गई।

चंदन अस्पताल प्रशासन का कहना है कि महिला बेहद गंभीर हालत में आई थी। डेंगू कार्ड टेस्ट पॉजिटिव होने के साथ शॉक सिड्रोम में थी।



सिविल अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती मरीज और मौजूद तीमारदार। अमृत विचार

### महिला को कई बीमारियां थीं : सीएमओ

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि महिला मरीज की डेंगू कार्ड टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव थी। उसे सांस लेने में तकलीफ के साथ कई अन्य बीमारियां थीं। डॉक्टरों ने मौत की वजह मल्टी आर्गन फेल होना बताया है।

### अब तक मिले 309 मरीज

स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक जनवरी से अब तक डेंगू के 309 और मलेरिया के 386 मरीज मिल चुके हैं। सीएमओ का कहना है किसी भी मरीज की स्थिति नाजुक नहीं है। जिन इलाकों में मरीज मिले हैं, वहां सफाई कराने के साथ लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

### इलाज में लापरवाही का आरोप

सामंती देवी के परिजन ने होपवेल हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कार्ड टेस्ट में रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद डेंगू का इलाज शुरू कर दिया। एलाइजा जांच नहीं कराई गई। दो दिन में हजारों रुपए वसूले गए। हालत बिगड़ने पर दूसरे संस्थान रेफर कर दिया गया। परिजन ने सीएमओ से लिखित शिकायत करने की बात कही है।

### महिला की मौत के बाद जागा नगर निगम, कराई साफ-सफाई

फैजुल्लागंज निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने कहा कि डेंगू को लेकर फैजुल्लागंज अति संवेदनशील की श्रेणी में आता है। हर साल यहां डेंगू से मौतों का आंकड़ा अधिक रहता है। इसके बावजूद नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार लापरवाह रहते हैं। समुचित साफ–सफाई, फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं होता। संचारी रोग नियंत्रण अभियान सिर्फ कागजों पर चल रहा है। महिला की मौत के बाद नगर निगम ने साफ–सफाई कराई है।

### जब एलाइजा जांच ही मान्य तो क्यों करा रहे कार्ड टेस्ट

सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग अपने रिकॉर्ड में एलाइजा जांच में डेंगू पॉजिटिव आने वाले मरीजों का ही ब्यरो रखता है। फिर कार्ड टेस्ट कराने में मरीजों का समय क्यों गवाया जा रहा है। लक्षण दिखने पर एलाइजा जांच ही करवाई चाहिए। जिससे मरीज का समय से इलाज शुरू हो सके।



मृतक महिला के घर के आसपास सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

# कार्यालय में बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान बैंक अधिकारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- एचडीएफसी बैंक की विभूतिखंड शाखा में अतिरिक्त उप वाइस प्रेसीडेंट थीं सदफ फातिमा

**अमृत विचार:** विभूतिखंड स्थित एचडीएफसी बैंक की महिला अधिकारी सदफ फातिमा (45) की मंगलवार को ऑफिस में तबीयत बिगड़ गई। वह बेसुध होकर गिर गई। आनन-फानन उन्हें लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कार्डियक अरेस्ट से मौत होने की आशंका जाहिर की गई है। परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वजीरगंज जीवन बेग लेन निवासी अविवाहित सदफ फातिमा एचडीएफसी बैंक में अतिरिक्त उप वाइस प्रेसिडेंट के पद पर कार्यरत थीं।

मंगलवार सुबह वह रोज की तरह विभूतिखंड शाखा स्थित कार्यालय आई थी। दोपहर 3 बजे के करीब वह अपने केबिन में थी। इस बीच उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। कुछ ही देर में वह अचेत हो गई। साथी कर्मचारी उन्हें आनन-फानन में डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह के मुताबिक अंदेशा जताया जा रहा है कि कार्डियक अरेस्ट से सदफ फातिमा की मौत हुई है। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। परिवार वाले पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे।

उन्हें समझा-बुझाकर शव पोस्टमार्टम लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पारा 37 के पार गर्मी-उमस कर रही बेहाल

**अमृत विचार, लखनऊ:** सूर्यदेव की तपिश और उमस बेहाल कर रही है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक है। मंगलवार को सुबह से ही चटख धूप खिली थी। दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी और बढ़ गई। हवा न चलने के कारण उमस ने बेहाल कर दिया। अधिकतम तापमान 37.0 और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8 और न्यूनतम सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के डॉ. दानिश ने बताया कि बुधवार से मौसम का मिजाज बदलेगा। बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश होने की संभावना है।

**प्रगति** श्रीअन्न की खेती से समृद्ध हुए किसान प्रदीप, अब करेंगे तिल की पैदावार, तमिलनाडु के कोयम्बटूर में प्रसंस्करण कराकर बनाते हैं मिलेट पोहा

# मधुमेह के मरीजों के लिए रामबाण बनेगा मिलेट पोहा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न की खेती किसानों को समृद्ध करने लगी है। इन्हीं किसानों में आईआईएम रोड लखनऊ निवासी प्रदीप दीक्षित मोटे अनाज की पैदावार करके देश भर में लोगों की सेहत सुधारने के साथ लाखों रुपये कमाने लगे हैं। वह दो साल से अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक के ग्राम महुआ डांडा में अन्य फसलें छोड़कर पूरे सात एकड़ में गौआधारित सांवा, काकुन, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी, अलसी आदि की पैदावार करते हैं। इन अनाजों को तमिलनाडु के कोयम्बटूर भेजकर प्रसंस्करण कराकर मिलेट पोहा बनाते हैं। इसकी पैकिंग व अन्य कार्य घर पर करके गोमती नगर स्थित किसान बाजार के ऑर्गेनिक स्टॉल से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, नोएडा, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि जगहों पर भेजते हैं।



ऑर्गेनिक स्टॉल में रखा मिलेट पोहा।

### पोहा बनाकर या फिर दूध व पानी में मिलाकर कर सकते हैं सेवन



प्रदीप बताते हैं मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और गौ आधारित खेती से दवा की तरह काम करते हैं। खासकर मिलेट पोहा मधुमेह, लीवर व पेट संबंधित बीमारी के लिए रामबाण साबित हो रहा है। इसके सेवन से पाचन अच्छा होता है। इसका चिउड़ा पोहा की तरह पकाकर खा सकते हैं या फिर दूध व पानी में मिलाकर पी सकते हैं। इसके बेहतर परिणाम मिले हैं। इस वर्ष पूरे सात एकड़ में तिल की खेती करेंगे।

### 50 हजार लागत, हर माह एक लाख कमाई

प्रदीप ने सात एकड़ में एक फसल 50 से 60 हजार रुपये लागत से करके 15 क्विंटल मोटा अनाज की पैदावार करते हैं। वह प्रोसेसिंग, पैकिंग, परिवहन भाड़ा आदि खर्च निकालकर प्राकृतिक किसान परिवार नाम से स्टॉल में मिलेट पोहा की बिक्री से हर माह एक लाख रुपये कमाते हैं। इस काम से 40–45 लोगों को जोड़कर रोजगार देते हैं। उनके 400 ग्राम के एक पैकेट की कीमत 100 रुपये है। उनका कहना है सरकार का मोटे अनाज की पैदावार पर जोर है। बिक्री के लिए किसान बाजार में स्टॉल आवंटित किए हैं। लेकिन प्रोसेसिंग की दिशा में काम नहीं हुआ है। इस कारण प्रदेश के बाहर प्रोसेसिंग कराने में अधिक खर्च के साथ परेशानी होती है।

> सरकार के प्रयास से श्रीअन्न की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। प्रोत्साहन के तौर पर किसानों को निशुल्क बीज और अन्य सुविधाएं मिलने से लागत कम हुई है। किसान प्रदीप गौ आधारित श्रीअन्न की खेती करके किसान भाइयों को प्रेरित कर रहे हैं।
>
> – तेग बहादुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।

# सहारा इंडिया से वापस ली ग्रीन बेल्ट की जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कब्जे हटाकर नगर वन विकसित करेगा लखनऊ विकास प्राधिकरण

**अमृत विचार:** सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को लीज पर दी गई ग्रीन बेल्ट की जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने वापस ले ली है। साथ ही कब्जा लेकर विभागीय बोर्ड लगाना शुरू कर दिया है। एलडीए ग्रीन बेल्ट की जमीन पर अवैध निर्माण हटाते हुए नगर वन विकसित करेगा।

एलडीए ने 1995 में सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को ग्राम जियामऊ, उजरियांव व रेलवे लाइन के मध्य लाइसेंस के आधार पर 100 एकड़ जमीन 30 वर्ष के लिए लीज पर ग्रीन बेल्ट उपयोग के लिए दी थी। लेकिन, शर्तों के मुताबिक 29 साल में ग्रीन बेल्ट विकसित नहीं की गई। बल्कि जमीन पर अवैध निर्माण हो गया। प्राधिकरण ने 5 जुलाई को बोर्ड बैठक में लीज का लाइसेंस निरस्त करके जमीन वापस लेना का प्रस्ताव रखा था। स्वीकृत मिलने पर जमीन वापस ले ली गई। मंगलवार को अर्जन और अभियंत्रण टीम ने जमीन की नापजोख करके कब्जा की प्रक्रिया शुरू की। मानचित्र से मिलान कर प्राधिकरण ने अर्जित जमीन के बोर्ड लगाए।

## एक नजर

### भाषा विवि में प्रवेश से छूटे छात्र कर सकते हैं आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम अवसर दिया गया है। जैसा कि सत्र 2024–25 में भाषा विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। प्रवेश प्रक्रिया में प्रवेश से छूटे अभ्यर्थी 24, 25 और 26 सितम्बर को आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इन तिथियों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन कर सकते हैं। उसके बाद 27 व् 28 सितम्बर को काउन्सलिंग के माध्यम से प्रवेश लिया जा सकता है। प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद से संपर्क किया जा सकता है।

### नशा मुक्त भारत कार्यक्रम का लविवि में हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो वीके शर्मा ने आंगुतकों का स्वागत किया। नारकोटिक्स कंटोल ब्यूरो के सहायक निदेशक डां. कुल प्रकाश सिद्धार्थ व चन्द्रशेखर कुमार सिंह अधिक्षक ने ड्रग उन्मूलन से संबंधित विविध पहलुओं की चर्चा की। अन्त में धन्यवाद प्रस्ताव प्रो ओएन उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रिया सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र– छात्रायों ने नशा मुक्त भारत करने का शपथ लिया।

### स्पेलिंग प्रतियोगिता में छात्रा को द्वितीय रैंक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस की कक्षा 8 की छात्रा ध्रुविका श्रीवास्तव ने 'स्पेल बी स्टेट लेवल प्रतियोगिता' में द्वितीय रैंक अर्जित की है। सीएमएस के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि ध्रुविका ने अंग्रेजी ज्ञान, स्पेलिंग, ग्रामर, पजल्स, फोनेटिक्स सिम्बल, बोलने की क्षमता, राइमिंग वर्डस, जंबल लेटर्स आदि विभिन्न मानकों पर प्रदर्शन किया। आयोजकों ने उसे प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्राफी प्रदान की। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कनिष्ठ विश्लेषक औषधि का पाठयक्रम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने कनिष्ठ विश्लेषक औषधि की मुख्य परीक्षा का पाठयक्रम जारी कर दिया है। इस साल अप्रैल माह में कनिष्ठ विश्लेषक औषधि पद पर 361 पदों पर आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए सीधी भर्ती होनी थी लेकिन आवेदन की बड़ी संख्या को देखते हुए चयन आयोग ने मुख्य परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। जिसके लिए पाठ्यक्रम जारी कर दिया गया है। आयोग की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया है कि मुख्य परीक्षा 100 अंकों की होगी।

# दो वर्षों में 21 हजार से अधिक पद नहीं भर पाया अधीनस्थ सेवा आयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वर्ष 2022 से 19 परीक्षाएं लंबित
- छह माह में 40 हजार पदों पर भर्ती का दावा कैसे होगा पूरा

**अमृत विचार :** राज्य सरकार 6 माह में 40,000 पदों पर भर्ती करने का दावा कर रही है। इसमें ज्यादातर नियुक्तियां उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से होनी हैं। जिस आयोग से 40 हजार भर्तियां 6 माह में कराने की बात कही जा रही है, वह आयोग दो-तीन वर्षों में 21,543 रिक्तियों की परीक्षा प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाया है। इन रिक्तियों पर आवेदन तो ले लिए गए हैं लेकिन मुख्य परीक्षा अभी तक नहीं कराई गई है।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का कहना है कि ऐसी घोषणा दो-तीन माह से की जा रही है, लेकिन अब तक भर्तियां नहीं निकाली गई हैं। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से वन दरोगा, कंबाइंड टेक्निकल असिस्टेंट, मुख्य सेविका, आईटीआई अनुदेशक सहित कई पुरानी भर्तियों के साक्षात्कार अभी तक नहीं हो पाए हैं। इसकी मांग लगातार अभ्यर्थी कर रहे हैं। मुख्य सेविका भर्ती होने वाली लड़कियां और छात्रों ने मुख्यमंत्री दरबार तक गुहार लगाई लेकिन मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है।

> हम अभ्यर्थियों की चिंता से अवगत हैं। परीक्षाएं जल्द संपन्न कराने के लिए आयोग युद्धस्तर पर प्रयासरत है। कुछ मामले माननीय न्यायालय में हैं। शीघ्र ही परीक्षाओं को सम्पन्न करा लिया जाएगा।
>
> **–अवनीश सक्सेना,** सचिव, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग

**ये भर्तियां हैं आयोग में लंबित**

**प्रारम्भिक पात्रता परीक्षा (पीईटी) 2022 के अंतर्गत भर्तियां**

- ग्राम पंचायत अधिकारी – 1468 पद
- एक्सरे टेक्नीशियन– 382 पद
- डेंटिस्ट हाइजेनिस्ट– 288 पद
- प्रवर्तन कांस्टेबल– 477 पद
- लेखा परीक्षक– 530 पद
- नेत्र परीक्षण अधिकारी– 157 पद
- जूनियर असिस्टेंट– 5512 पद
- स्टेनोग्राफर– 333 पद
- वनरक्षक– 709 पद
- मानचित्रकार– 283 पद
- कुल पद 10139 लंबित है।

**वर्ष 2023 की पात्रता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को इन भर्तियों का इंतजार**

| | | |
|---|---|---|
| आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट– 1002 पद | लेखापरीक्षक–1828 पद | मंडी परिषद सचिव श्रेणी 3– 134 पद |
| सहायक स्टोर कीपर– 200 पद | कनिष्ठ विश्लेषक( खाद्य )– 417 पद | कृषि प्राविधिक सहायक– 3446 पद |
| सहायक लेखाकार व | कनिष्ठ विश्लेषक( औषधि )– 361 पद | जूनियर इंजीनियर सिविल 4016 पद |

## भाकपा कार्यकर्ता करेंगे सत्याग्रह

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्राम पंचायत देवरी रुखारा के किसान मजदूर विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकपा (माले) और किसान महासभा के तत्वावधान में बुधवार को 11 बजे से सायं 3 बजे तक दुर्गा इंटर कालेज के पास देवरी गांव में सत्याग्रह करेंगे। राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बीकेटी को सौंपा जाएगा। पार्टी के जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर समेत जिले के कई नेता मौजूद रहेंगे।

# नियमों में खेल कर होता है उच्च शिक्षा निदेशालय में तबादला

## शिक्षा निदेशालय में सहायक निदेशक के पद तीन, नियुक्त हुए चार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के पास पहुंचा मामला तो मचा हड़कंप
- अभियंता पर अनियमितता करने का भी लगा आरोप

**अमृत विचार:** उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में सहायक निदेशक पद पर नियुक्ति, कार्य विभाजन और वेतन निर्गत करने को लेकर घमासान मचा है। इसी के साथ नियमों को ताक पर रखकर स्थानांतरण चर्चा में है।

उच्च शिक्षा निदेशालय में सहायक निदेशक के तीन पद हैं जिन पर तीन लोगों की नियुक्ति पिछले कुछ माह में हुई है, लेकिन पहले से जमे एक सहायक निदेशक वहां से हटने का नाम नहीं ले रहे हैं। जब वेतन निर्गत करने को लेकर समस्या आई तो एक सहायक निदेशक को हटाने में स्थानांतरण नियमों को ठेंगा दिखा दिया गया।

बताया जाता है कि पहले से यहां पर तैनात सहायक निदेशक पिछले छह वर्ष से कार्यरत हैं। उनको स्थानांतरित करने के बजाए शासन ने तीन माह पूर्व आए सहायक निदेशक को तबादला आदेश थमा दिया है। शासन अपनी स्थानांतरण नीति के तहत प्रत्येक 3 वर्ष पर नए सहायक निदेशकों की नियुक्ति करता है। जिसके तहत इस वर्ष डॉ. केसरी नंदन मिश्र, डॉ शशिकांत सुमंत पांडे और डॉ. अजीत सिंह की नियुक्ति की गई है। बताया जाता है कि पिछले 7 वर्षों से यहां पर डॉ. वृंदावन लाल शर्मा बतौर सहायक निदेशक जमे हुए हैं। इससे अब तीन पदों के सापेक्ष चार सहायक निदेशक हो गए हैं। मामला मुख्यमंत्री दरबार में पहुंच चुका है। वहां भेजी गई शिकायत में वृंदावन लाल शर्मा के कार्यों में अनियमितता के आरोप भी लगाए गए हैं।

> मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। आश्चर्य होता है कि तीन माह पूर्व ही डॉ केशरी नंदन सहायक निदेशक नियुक्त हुए और उनका तबादला कर दिया गया है। यहां पर छह–सात वर्षो से जमे हुए सहायक निदेशक को बरकरार रखा गया है। कम से कम उच्च शिक्षा के मंदिर को तो बक्श दिया जाता।
>
> **–अवनीश कुमार पाण्डेय,** शिकायतकर्ता

## बीबीएयू में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व बीबीएयू के पूर्व एग्जीक्यूटिव इंजीनियर डॉ. एस. के. गोयल ने कहा कि आजकल हम हिन्दी भाषा को भूलते जा रहे हैं, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्य वक्ता व सेंटर ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट लीगल स्टडीज की डायरेक्टर प्रो. प्रीति सक्सेना ने चर्चा के दौरान ने कार्यालय संबंधी गतिविधियों में पत्राचार के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। संस्कृत व वैदिक अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रिपुसूदन सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा देश की एकता का सूत्र है। मंच पर मुख्य वक्ता के तौर पर सेंटर ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट लीगल स्टडीज की डायरेक्टर प्रो. प्रीति सक्सेना, संस्कृत एवं वैदिक अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रिपुसूदन सिंह, विश्वविद्यालय हिन्दी अधिकारी डॉ. शिवकुमार त्रिपाठी व एनसीसी अधिकारी डॉ. राजश्री उपस्थित रहीं। डॉ. शिवकुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया। डॉ. विपिन कुमार झा ने कम्प्यूटेशनल संस्कृत के बारे में बताया।

# प्रदेश की जीडीपी 2027 तक एक ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान

## एक कार्यक्रम में बीबीएयू के कुलपति प्रो. वर्मा ने जताई उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम. पी वर्मा ने एक्शन एलायंस फॉर रीसाइक्लिंग बेवरेज कार्टन्स द्वारा रीजेंटा सेंट्रल होटल में आयोजित सड़न रोकनेवाला पैकेजिंग की शक्ति का उपयोग, खाद्य सुरक्षा, परिपत्रता, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन एजेंडा विचार रखे। प्रो. वर्मा ने सभी को कम्पाउन्ड एनुअल ग्रोथ रेट के बारे में कहा कि वर्ष 2027 तक भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहा है।

साथ ही उत्तर प्रदेश की जीडीपी भी संभवतः 2027-28 में एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। जिसका सकारात्मक असर विभिन्न उद्योगों में स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा। इसके अतिरिक्त हमें हितधारकों के साथ जुड़कर अपशिष्ट प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र और पैकेजिंग उद्योग को ध्यान में रखकर कार्य करना होगा। एक्शन एलायंस फॉर रीसाइक्लिंग बेवरेज कार्टन्स एक प्रकार का गैर लाभकारी उद्योग निकाय हैं। जो कि पर्यावरण, समाज, सरकार और अर्थशास्त्र को ध्यान में रखते हुए उद्यमियों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और स्थानीय समुदायों को पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर एक मंच पर लाने का कार्य करता है। 15 प्रमुख कंपनी जैसे रेडिको खेतान, आईजीएल, डाबर इंडिया, कोका- कोला आदि द्वारा समर्थित एक व्यापक और अपशिष्ट प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर केंद्रित है।

कार्यशाला के उपरांत किसानों की आय बढ़ाने, रोजगार बढ़ाने एवं पर्यावरण को शुद्ध बनाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने सभी सीईओ से निवेदन किया कि बीबीएयू में भी इस प्रकार के आयोजन कर निवेशक नेतृत्व की दूसरी पंक्ति तैयार करें ताकि सतत विकास बना रहें। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने हेतु इस प्रकार का कार्यशाला काफी मददगार सिद्ध होगी।



लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### वैश्विक आर्थिक मंदी और उसके बाद की दुनिया पर हुआ व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय व प्रो. विनीता काचर लखनऊ विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में ग्लोबल मेल्टडाउन और उसके बाद की दुनिया विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कला संकाय के डीन प्रोफ़ेसर अरविंद मोहन ने मुख्य वक्ता के रूप में विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलगीत गायन और प्रोफेसर विनीता काचर के स्वागत भाषण के साथ हुई। प्रो. अरविंद मोहन ने वैश्विक मंदी और उसके बाद की दुनिया पर बताया। उन्होंने पूंजी केंद्रित विकास, नौकरी केंद्रित विकास, वैश्विक जोखिम कारक, आर्थिक संकट के सामने आने वाली चुनौतियां, वैश्विक आर्थिक संकट और भारत, अमेरिका, चीन, जापान पर प्रभाव के बारे में बताया। डॉ. अमिताभ रॉय ने इस शुभ अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# एआरपी व एसआरजी की कार्यशैली संतोषजनक नहीं

## नियमित दो घंटे स्कूल में रुकने का आदेश, सर्वेक्षण के नाम पर खानापूर्ति करने वाले हटेंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कक्षा एक से आठ तक सरकारी स्कूलों के लिए तैनात स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एसआरजी) व अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) की कार्यशैली बेहतर न पाए जाने पर बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्ती शुरू की है।

अब इन्हें हर दिन दो घंटे स्कूल में रुकना जरूरी होगा। इस दौरान कक्षा का अवलोकन, उपचारात्मक और समस्यात्मक चीजों पर ध्यान देना होगा। लापरवाही बरतने वाले एआरपी व एसआरजी को पद से हटाया जाएगा।

विभाग ने समीक्षा में पाया कि कई एआरपी ऐसे हैं जो स्कूलों में सर्वेक्षण कार्य के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। अब इसकी मॉनीटरिंग भी की जाएगी। बता दें कि निपुण लक्ष्य की पूर्ति के लिए 2021 में विषयवार करीब 50 शिक्षकों की एआरपी और 3 शिक्षकों की एसआरजी के पद पर तैनाती हुई थी, इनका मुख्य काम हर माह 30 विद्यालयों में जाकर गणित, अंग्रेजी, विज्ञान जैसे विषयों पर ध्यान देना था, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर है।

**एसआरजी सर्वेक्षण के बाद जाएंगे मूल विद्यालय**

सभी एसआरजी को 10 दिनों में 20 स्कूलों का सर्वेक्षण करना अनिवार्य है। इसके बाद वह अपने उस विद्यालय में पढ़ाने भी जाएंगे जहां उनकी तैनाती है। इस संबंध में एसआरजी प्रीती सिंह, सुनीता तिवारी, क्षमा सिंह को नोटिस जारी कर दिया गया है। विद्यालय में शिक्षण कार्य न करने वाले वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

> एआरपी और एसआरजी के कार्यों की मॉनीटरिंग की जा रही है। जिनका कार्य बेहतर नहीं है उन्हें चेतावनी दी गई है।
>
> **–राम प्रवेश,** बीएसए

## छात्रों को पढ़ाया गया समर्पण का पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय में अभिविन्यास-2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में नव प्रवेशी बी.टेक छात्रों के स्वागत और उन्हें विश्वविद्यालय के वातावरण से परिचित कराने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलगीत की प्रस्तुति के साथ हुई। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए. के सिंह ने विशिष्ट अतिथियों डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, प्रोफेसर वी.के. शर्मा एवं द्वितीय कैंपस के निदेशक, प्रोफेसर आर.के. सिंह का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। छात्रों के कल्याण से संबंधित योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी देते हुए डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, प्रोफेसर वी.के. शर्मा ने अपना संबोधन दिया। प्रोफेसर शर्मा ने छात्रों को उनकी मानसिक, सामाजिक, और शैक्षणिक भलाई पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर बल दिया और बताया कि विश्वविद्यालय उनकी हर संभव सहायता के लिए तैयार है। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कैंपस के निदेशक, प्रोफेसर आर.के. सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए और छात्रों को उनके अध्ययन के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

## वसूली का विकेन्द्रीकरण है कमिश्नरेट : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा राज में कमिश्नरेट दरअसल करेप्शनरेट बन गये है। कमिश्नरेट वसूली का विकेन्द्रीकरण है। आम जनता कहीं बाढ़, कहीं जंगली जानवर और बीमारियों से परेशान और त्रस्त हैं। मंगलवार को जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि उप्र. की तमाम समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सरकार के इशारे पर निर्देषों को झूठें मुकदमों में फंसाने और फर्जी एनकाउण्टर का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि कमजोर लोग एनकाउण्टर को अपनी शक्ति मानते हैं।


अमृत विचार — क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरी पुत्री **सुषमा सिंह** आयु 41 वर्ष (ब्लड ग्रुप O+) किडनी रोग से पीडित है डॉ0 ने **किडनी प्रत्यारोपण** का सुझाव दिया है। परिवार में अन्य कोई व्यक्ति किडनी देने वाला नही है। कोई भी व्यक्ति जो स्वेच्छा से मेरी पुत्री के जीवन की रक्षा हेतु **किडनी** देना चाहता है तो कृपया निम्न पते पर सर्म्पक करें। **सी0एल0 सिंह एफ–29 राजाजीपुरम् लखनऊ उ0प्र0 मो0 9450767670**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैः– **निविदा सं:–वमंविइ–लजं0–25–2024, कार्य का विवरणः–** गोण्डा जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्रमुख उन्नयन से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागतः–** रु. 4,26,62,090.35, **बयाना राशिः–** रु. 3,63,300.00, **निविदा मूल्यः–** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधिः–** 06 माह, **निविदा सं:–वमंविइ–लजं0–26–2024, कार्य का विवरणः–** लखनऊ मंडल के मानवयुक्त समपारों के विद्युतीकरण तथा लखनऊ मंडल में विभिन्नों स्टेशनों पर पैदल उपरगामी पुल से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागतः–** रु. 64,73,465.86, **बयाना राशिः–** रु. 1,29,500.00 **निविदा मूल्यः–** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधिः–** 04 माह, **निविदा सं:– वमंविइ– लजं0–27–2024, कार्य का विवरणः–** लखनऊ मंडल के विभिन्न समपारों पर केबिल के द्वारा यूपीपीसीएल से पावर सप्लाई व्यवस्था के प्रावधान से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागतः–** रु. 40,85,301.89, **बयाना राशिः–** रु. 81,700.00 **निविदा मूल्यः–** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधिः–** 04 माह, **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय – 18.10.2024 को 15:00 बजे। नोटः–** • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सामान्य लखनऊ
मुजाधि/विद्युत–136

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गुलफिशा पत्नी नफीस अहमद, निवासिनी–सी–137, अबरार नगर, कल्याणपुर, लखनऊ,** मेरी पुत्री इरम पब्लिक स्कूल की छात्रा है। स्कूल के अभिलेखों में पुत्री का नाम इकरा अंकित है। यह कि मेरी पुत्री इकरा सिद्दीकी की नाम से जानी जाती है। अतः मेरी पुत्री का नाम स्कूल के अभिलेखों में इकरा के स्थान पर इकरा सिद्दीकी अंकित किया जाय।

**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2018 का अंकपत्र रोल नंबर 1314945 तथा इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 का अंकपत्र रोल नंबर 0880488 वास्तव में कहीं खो गए हैं। काफी खोज करने पर भी नहीं मिल सके हैं। **अंकित कुमार पुत्र राम जीवन निवासी ग्राम व पोस्ट– हरई पुर थाना – बेहटा मुजावर, परगना व तहसील – बांगरमऊ, जिला – उन्नाव**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम Khusbuddeen था जो मैंने बदलकर Khusbuddeen Khan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।–S/o Mohammad Saleem, Address - Vill- Khaira Hasan, Post- Turahni Rajjab, Bahraich

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट No- J3313452 में पहले मेरा नाम MOHAMMAD NAIM व जन्मतिथि 01/01/1976 दर्ज है सही नाम MO. NAEEM व जन्मतिथि 01/01/1983 है, भविष्य में मुझे इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाए–ADD S/o Mohammad Ajeem, Kazi Pur-2, Fatehpur, Barabanki, Uttar Pradesh-225305

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अनुप कुमार गुप्ता (टुनटुन) के अनैतिक कृत्यों के चलते समस्त चल अचल सम्पति व सम्बन्धों से बेदखल करती हूँ। **मालती देवी पत्नी स्व0 राम सूरत गुप्ता निवासी– मीरापुर डेराबीबी, अयोध्या, यूपी**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AZAD था जो मैंने बदलकर MOHD AZAD रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। – **मो0 आजाद, कोतवाली नगर, इमामबाड़ा, गोण्डा**

**NOTICE**

I declare that I have passed ICSE (Class 10) in 2022 with my UID No. 7696230 and Index No. 1223834/158 and ISC (Class 12) in 2024 with UID No. 7696230 and Index No. 2241745/091 from Jesus & Mary School and college Balrampur and the correct name of my father is Anil Kumar and the correct name of my mother is Anita. Praveen Kumar Singh S/O Anil Kumar R/O Mohalla Pahlwara, Balrampur-271201 (U.P.), Mob#9450957151.

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नम्बर U1107146 मे मेरा नाम Mohammad Taiyab अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरे आधार कार्ड व मार्कशीट में मेरा नाम Mohd Taiyab पुत्र Samiurrahman जो सही है **ग्राम बौडिहार सुखुईया, उत्तरौला, बलरामपुर उ0प्र0 271604**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस ऋतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। – **सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी– ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**

**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना संख्या 171/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **त्यौहार, दीपावली–छठ पर विशेष गाड़ियों** का संचलन निम्नवत् किया जायेगा।

**01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गोरखपुर–लोकमान्य तिलक टर्म (सप्ताह में दो बार) – विशेष गाड़ी**

एक्स. लोकमान्य तिलक टर्मिनस– (शुक्र, रवि) – 25.10.24, 27.10.24, 01.11.24 एवं 03.11.24) = 04 फेरे
एक्स. गोरखपुर–(शनि, सोम)–26.10.24, 28.10.24, 02.11.24 एवं 04.11.2024) = 04 फेरे

| 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस आगमन | 01123 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | 01124 गोरखपुर आगमन | 01124 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – – | 12:15 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 07:25 | – – |
| 12:35 | 12:38 | ठाणे | 06:50 | 06:53 |
| 12:57 | 13:00 | कल्याण | 06:30 | 06:33 |
| 14:40 | 14:45 | इगतपुरी | 04:40 | 04:45 |
| 15:30 | 15:35 | नासिक रोड | 01:30 | 01:35 |
| 19:25 | 19:30 | भुसावल | 21:45 | 21:50 |
| 21:40 | 21:45 | खंडवा | 19:40 | 19:43 |
| 00:45 | 00:55 | इटारसी | 16:50 | 16:55 |
| 03:10 | 03:15 | भोपाल | 15:05 | 15:10 |
| 05:10 | 05:15 | बीना | 13:25 | 13:30 |
| 07:15 | 07:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 10:40 | 10:45 |
| 08:28 | 08:30 | उरई | 08:30 | 08:32 |
| 12:30 | 12:35 | कानपुर सेंट्रल | 06:40 | 06:45 |
| 13:35 | 13:45 | लखनऊ | 02:45 | 02:55 |
| 15:50 | 15:55 | गोंडा | 00:10 | 00:15 |
| 17:25 | 17:30 | बस्ती | 22:20 | 22:25 |
| 18:55 | – – | गोरखपुर | – – | 21:15 |

**संरचना :** शयनयान कक्ष-08, सामान्य द्वितीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–02, (एसएलआर) सामान्य द्वितीय श्रेणी – 02 **कुल = 18 कोच**

**01431/01432 पुणे–गोरखपुर–पुणे सुपर फास्ट (साप्ताहिक) विशेष गाड़ी**

एक्स. पुणे (शुक्र) – 25.10.24 एवं 01.11.24 = 02 फेरे
एक्स. गोरखपुर (शनि) – 26.10.24 एवं 02.11.24 = 02 फेरे

| 01431 पुणे आगमन | 01431 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | 01432 गोरखपुर आगमन | 01432 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – – | 16:15 | पुणे | 06:25 | – – |
| 17:18 | 17:20 | दौंड कॉर्ड लिन | 04:48 | 04:50 |
| 18:47 | 18:50 | अहमदनगर | 03:10 | 03:12 |
| 19:50 | 19:52 | बेलापुर | 02:13 | 02:15 |
| 20:30 | 20:33 | कोपरगांव | 01:22 | 01:25 |
| 21:55 | 22:00 | मनमाड | 00:15 | 00:20 |
| 00:15 | 00:20 | भुसावल | 21:50 | 21:55 |
| 02:20 | 02:23 | खंडवा | 20:45 | 20:47 |
| 04:45 | 04:50 | इटारसी | 18:10 | 18:15 |
| 06:35 | 06:40 | भोपाल | 16:10 | 16:15 |
| 08:30 | 08:35 | बीना | 13:10 | 13:15 |
| 10:45 | 10:55 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 10:10 | 10:20 |
| 12:23 | 12:25 | उरई | 08:00 | 08:02 |
| 15:20 | 15:25 | कानपुर सेंट्रल | 06:10 | 06:15 |
| 15:38 | 15:40 | लखनऊ | 04:00 | 04:10 |
| 17:45 | 17:50 | गोंडा | 01:50 | 01:55 |
| 18:18 | 18:20 | मनकापुर | 01:15 | 01:17 |
| 19:24 | 19:27 | बस्ती | 00:25 | 00:28 |
| 19:58 | 20:00 | खलीलाबाद | 23:55 | 23:57 |
| 20:40 | – – | गोरखपुर | – – | 23:25 |

**संरचनाः** शयनयान कक्ष–08, सामान्य द्वितीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, (एसएलआर) सामान्य द्वितीय श्रेणी– 02 **कुल = 18 कोच**

**01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–गोरखपुर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (प्रतिदिन) विशेष गाड़ी**

एक्स. छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस –से– 22.10.24 को 11.11.24 = 21 फेरे
एक्स. गोरखपुर –से– 24.10.24 को 12.11.24 = 21 फेरे

| 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस आगमन | 01079 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | 01080 गोरखपुर आगमन | 01080 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – – | 22:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | – – |
| 22:45 | 22:47 | दादर | 00:17 | 00:20 |
| 23:17 | 23:20 | ठाणे | 23:55 | 23:58 |
| 23:47 | 23:50 | कल्याण | 23:37 | 23:40 |
| 02:20 | 02:25 | नाशिक रोड | 19:00 | 19:03 |
| 03:18 | 03:20 | मनमाड | 17:57 | 18:00 |
| 05:18 | 05:23 | जलगांव | 15:50 | 15:53 |
| 05:50 | 06:00 | भुसावल | 15:20 | 15:25 |
| 09:00 | 09:05 | खंडवा | 13:27 | 13:30 |
| 13:05 | 13:15 | इटारसी | 08:40 | 08:45 |
| 15:55 | 16:00 | भोपाल | 06:30 | 06:35 |
| 19:18 | 19:20 | बीना | 04:35 | 04:40 |
| 21:50 | 22:00 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 02:10 | 02:15 |
| 23:08 | 23:10 | उरई | 00:05 | 00:07 |
| 02:10 | 02:20 | कानपुर सेंट्रल | 22:20 | 22:25 |
| 04:10 | 04:15 | लखनऊ | 19:50 | 19:55 |
| 06:30 | 06:35 | गोंडा जंक्शन | 16:55 | 17:00 |
| 07:52 | 07:55 | बस्ती | 15:42 | 15:45 |
| 08:25 | 08:30 | खलीलाबाद | 15:00 | 15:05 |
| 10:00 | – – | गोरखपुर | – – | 14:30 |

**संरचनाः** शयनयान कक्ष–08, सामान्य द्वितीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, (एसएलआर) सामान्य द्वितीय श्रेणी –02 **कुल = 18 कोच**

**01415/01416 पुणे–गोरखपुर–पुणे (प्रतिदिन) विशेष गाड़ी**

एक्स. पुणे–22.10.24 से 11.11.24 = 21 फेरे
एक्स. गोरखपुर–23.10.24 से 12.11.24 = 21 फेरे

| 01415 पुणे आगमन | 01415 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | 01416 गोरखपुर आगमन | 01416 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| –– | 06:50 | पुणे | 03:15 | –– |
| 08:10 | 08:12 | दौंड कॉर्ड लाईन | 01:58 | 02:00 |
| 09:30 | 09:32 | अहमदनगर | 23:10 | 23:12 |
| 13:10 | 13:15 | मनमाड | 20:10 | 20:15 |
| 15:55 | 16:00 | भुसावल | 17:00 | 17:05 |
| 18:07 | 18:10 | खंडवा | 15:05 | 15:08 |
| 21:10 | 21:20 | इटारसी | 12:10 | 12:20 |
| 23:15 | 23:25 | भोपाल | 10:05 | 10:10 |
| 01:25 | 01:30 | बीना | 08:00 | 08:05 |
| 04:00 | 04:10 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 04:10 | 04:15 |
| 08:25 | 08:30 | कानपुर सेंट्रल | 00:20 | 00:25 |
| 10:00 | 10:05 | लखनऊ | 22:30 | 22:35 |
| 12:25 | 12:30 | गोंडा | 20:15 | 20:30 |
| 13:55 | 14:00 | बस्ती | 19:12 | 19:15 |
| 16:00 | – – | गोरखपुर | – – | 17:30 |

**संरचना :** शयनयान कक्ष-08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी–06, (एसएलआर) सामान्य द्वितीय श्रेणी– 02 **कुल = 18 कोच**

मुजाधि/टी–60बी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## एक नजर

### महापौर को जन्मदिन की बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल को जन्मदिन की बधाई देने वालों का मंगलवार को तांता लगा रहा। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य अधिकारियों, पार्षदों और भाजपा के पदाधिकारियों ने महापौर को जन्मदिन की शुभकामना दी। उत्तर प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अम्बी बिष्ट ने पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ महापौर को कैम्प कार्यालय में मुलाकात करके गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके अलावा नगर निगम कर्मचारी संघ और जलकल विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भी महापौर से मिलकर उन्हें जन्म दिन की शुभकामनाएं दीं।

### 10 सूत्रीय मांग को लेकर कल करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनपीएस और यूपीएस को रद्द करके ओपीएस बहाली सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ गुरुवार को राष्ट्रीय प्रतिरोध दिवस मनाएंगे। शहर अध्यक्ष अफीफ सिद्दीकी ने कहा कि प्रतिरोध दिवस के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को प्रशासन के माध्यम से मांग पत्र प्रेषित करेंगे। प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों सहित शहर में एकत्र होकर प्रदेश अध्यक्ष कमल अग्रवाल के नेतृत्व में प्रशासन प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### भाषा विश्वविद्यालय में मनाया एनएसएस दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रामदास कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस इकाई के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामदास ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों में समाज सेवा का भाव विकसित करना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कोऑर्डिनेटर डॉक्टर नलिनी मिश्रा, विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारीगण व स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# उप मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद निकाले गए चार सुरक्षा कर्मी

## पीजीआई में तीमारदारों से मारपीट की जांच को फैक्ट फाइंडिंग टीम गठित

संवाददाता पीजीआई

**अमृत विचार :** संजय गांधी पीजीआई संस्थान में सुरक्षा कर्मियों द्वारा तीमारदारों को पीटने के मामले में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नाराजगी जताई है। संस्थान प्रशासन को फटकार लगाने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। आनन- फानन संस्थान के नोडल अफसर सुरक्षा वरुण बाजपेयी ने मुकदमे में नामजद आरोपित गार्ड मनीष यादव समेत कुल चार गार्डों को संस्थान से निष्कासित कर दिया। निदेशक आरके धीमन ने एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी भी बनाई है। तीन दिन में जांच रिपोर्ट देनी होगी।

> मामले में तत्काल प्रभाव से 4 सुरक्षा गार्डों को निष्काषित कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच के लिए फैक्ट फाइंडिंग टीम गठित की गई है। संस्थान के सभी गार्डों को हिदायत दी गई है कि वो किसी भी मरीज व तीमारदार से अभद्र व्यवहार न करें नहीं तो शिकायत के बाद तुरंत कार्रवाई की जाएगी।
> – प्रो. आरके धीमन, निदेशक पीजीआई

पीजीआई में रविवार को ओपीडी के बाहर बैठे सैकड़ों तीमारदारों को गार्डों ने खदेड़ कर भगा दिया था। नाराज तीमारदारों ने रायबरेली नेशनल हाइवे जाम कर जमकर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत कराया था। इसके अगले ही दिन सोमवार को नानी गायत्री देवी को दिखाने आये गोसाईगंज निवासी अनिकेत व उनके परिजनों के साथ भी गार्डों ने मारपीट व गाली गलौज किया था। पीड़ित परिजनों ने पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया था।

घटना का संज्ञान लेकर उप मुख्यमंत्री मंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को संस्थान के निदेशक को जांच कमेटी बनाकर एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफतौर पर कहा है कि ऐसी घटनाएं भविष्य में दोबारा कभी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संस्थान व सरकार को धूमिल करने वाले ऐसे कर्मचारियों को संस्थान से हमेशा के लिए बर्खास्त करने को कहा है।

### किरकिरी के बाद अधिकारियों ने किया निरीक्षण

पीजीआई में लगातार सुरक्षा कर्मियों द्वारा तीमारदारों से अभद्रता और मारपीट करने के मामले में लगातार दो दिन से हो रही किरकिरी के बाद मंगलवार को निदेशक आरके धीमन समेत तमाम अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण कर तीमारदारों का हालचाल लिया। वहीं नोडल अफसर सुरक्षा वरुण बाजपेयी ने बताया कि उन्होने एमएस पीजीआई और पुलिस के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया और जहां भी कोई कमी लगी उसे सुधारने का प्रयास किया।



कार्यक्रम में शामिल केजीएमयू की कुलपति, डॉक्टर और क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

# 100 लड़कियों का हुआ निशुल्क एचपीवी टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- क्वीनमेरी में इनर व्हील क्लब के सहयोग से लगाया गया टीका

**अमृत विचार :** सर्वाइकल महिलाओं में होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर हैं। इससे महिलाओं की मौत होने के पीछे जागरुकता की कमी हैं। एचपीवी टीकाकरण से होने वाली मौत की संख्या पर सीधे से लगाम लगाई जा सकती हैं। ये बातें किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कही। वह मंगलवार को इनर व्हील क्लब के सदस्यों के सहयोग से केजीएमयू के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग (क्वीनमेरी) में आयोजित कराए गए निशुल्क एचपीवी टीकाकरण शिविर में जानकारी साझा कर रहीं थी।

इस मौके पर 100 लड़कियों का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान केजीएमयू की ओर से इन लड़कियों का निशुल्क रक्त परीक्षण (सीबीसी) कराई गई है। जांच के माध्यम से खून की कमी (एनीमिया) की समस्या को दूर करने में सहायता प्राप्त होगी। इस मौके पर डॉ. सुजाता देव, डॉ. अंजू अग्रवाल, डॉ. शालिनी गुप्ता सहित क्लब की पदाधिकारीअल्का बंसल, मधु भार्गव, मोनिका बंसल, शशी गुलाटी और संगीता मित्तल प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# बच्चे को बार-बार बुखार आना थकान व दर्द महसूस करना कैंसर के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बच्चे के शरीर में असामान्य गांठ, सूजन, थकान महसूस करना, हड्डी और जोड़ों का दर्द, कमजोरी और लगातार वजन घटने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये लक्षण बच्चों में रक्त कैंसर की वजह से हो सकते हैं। समय पर जांच और इलाज से बच्चों में कैंसर ठीक हो सकता है। जांच व इलाज को लेकर जागरुकता जरूरी है। यह बातें कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने कही। वह कैंसर संस्थान में मंगलवार को गोल्ड सितंबर थीम से आयोजित हुए बाल कैंसर जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर निदेशक ने ओपीडी ब्लॉक में बच्चों के लिए प्ले रूम (खेल के कमरे) का शुभारंभ किया।




कार्यक्रम में मौजूद निदेशक प्रो. आरके धीमन, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

- कैंसर संस्थान में आयोजित हुए जागरुकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी जानकारी
- संस्थान में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए खेल के कमरे का उद्घाटन भी हुआ

इसमें बच्चों के लिए खिलौने होंगे। ताकि इलाज से पहले व बाद में बच्चों का खेल-खिलौने से मन बहला सकें। उनकी पीड़ा कम की जा सकेगी। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि कैंसर का जल्द इलाज जरूरी है। इससे कैंसर को हराया जा सकता है। उन्होंने सरकारी व गैर सरकारी संगठनों को बधाई दी। लोगों से कैंसर से पीड़ित पड़ोसियों और दोस्तों की मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं से कैंसर पीड़ितों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा सकता है।

**उल्टी व सिर दर्द दिमाग का कैंसर के लक्षण :** डॉ. आरके धीमन ने कहा कि बच्चों में दिमाग का कैंसर भी आम है। इसमें बच्चे को उल्टी व सिरदर्द होता है। धुंधला दिखाई देता है। सुनने में भी परेशानी होती है। जबकि लिम्फोमा कैंसर भी बच्चों को बहुत परेशान करता है। इसमें बच्चे के लिम्फ नोड में सूजन आ जाती है। बुखार आता है। वजन तेजी से घटता है। इसके अलावा भी तमाम तरह के कैंसर बच्चों में पनपते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में कैंसर के मामलों में इजाफा हो रहा है। राहत की बात यह है कि नई दवा व तकनीक से इलाज आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि देश में हर साल बाल कैंसर के 50 हजार से अधिक मामलों का इलाज किया जाता है, जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान लगभग 20 फीसदी है। उनमें से केवल आधे का ही इलाज हो पाता है। इसका प्रमुख कारण बाल कैंसर के बारे में जागरूकता की कमी है। इस मौके पर पीडियाट्रिक आंकोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. गीतिका पंत, पब्लिक हेल्थ विभाग के अध्यक्ष डॉ. आयुष लोहिया, डॉ. राखी जैन, रेडियोथेरेपी विभाग के डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुर वर्मा ने भी जानकारी साझा की।

# कैंसर संस्थान में 94 और लोहिया में 126 डॉक्टरों की होगी भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और चक गंजरिया स्थित कैंसर संस्थान में डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए जल्द ही भर्ती प्रक्रिया पूरी करा ली जाएगी।

कैंसर संस्थान में 94 डॉक्टरों की भर्ती होगी। इसमें मेडिकल आंकोलॉजी, पीडियाट्रिक, न्यूरो, आर्थो, ईएनटी, गायनी, डेंटल, जेनेटिक्स, रेडियोथेरेपी, रेडियोडायग्नोसिस समेत दूसरे विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए देश भर से 150 से ज्यादा डॉक्टरों ने आवेदन किया है। कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि आवेदन फार्म की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। ज्यादातर विभागों में साक्षात्कार के लिए विशेषज्ञों की कमेटी गठित कर दी गई है। जल्द ही साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती पूरी की जाएगी। लोहिया संस्थान में संविदा पर लगभग 126 डॉक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया है। प्रवक्ता डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने बताया कि इसमें सुपर स्पेशियालिटी समेत ब्राड स्पेशियालिटी विभागों में डॉक्टर भर्ती किए जाएंगे।

### लोहिया में नियमित पदों की भर्ती फंसी

लोहिया संस्थान में डॉक्टरों के 300 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इसमें देश भर के करीब 800 डॉक्टरों ने आवेदन किया था। आवेदन फार्म स्क्रीनिंग हो गई। साक्षात्कार के लिए कमेटी गठित कर दी गई। लेकिन मामला कोर्ट में पहुंच गया। लिहाजा भर्ती प्रक्रिया अधूरी रह गई है।

# सदस्यता को लेकर बूथ स्तर पर चलेगा अभियान



सदस्यता अभियान को लेकर बैठक में जानकारी देते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री सहित सांसद, विधायक आज सदस्यता अभियान में होंगे शामिल
- लखनऊ महानगर 2,52, 494 सदस्य पार्टी से जोड़कर उत्तर प्रदेश में सबसे आगे

**अमृत विचार:** सदस्यता अभियान के प्रथम चरण के आखिर दिन बूथ स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री सहित सांसद, विधायक आज सदस्यता अभियान में होंगे शामिल। एक-एक बूथ पर जाकर सदस्यता अभियान चलाकर आमलोगों को भाजपा परिवार से जोड़ेंगे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने महानगर कार्यालय में सदस्यता अभियान टोली प्रमुखों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण अभी तक 2,52,494 सदस्यों को पार्टी से जोड़कर पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे आगे चल रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दिवस के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद क्षेत्र में जाकर कम से कम 100 सदस्य को जोड़ा जाएगा।

दूसरी ओर एमएलसी मुकेश शर्मा ने मंगलवार को बुद्धेश्वर विकास महासभा एवं बुद्धेश्वर व्यापार मंडल की ओर से आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में शामिल होकर टोल फ्री नंबर 88000 2024 पर मिस्ड कॉल करवाकर और प्राप्त लिंक पर आवश्यक जानकारी भरवाकर भाजपा का सदस्य बनाया। इस दौरान रमाशंकर राजपूत, राकेश शुक्ला, पिंटू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 3 से 12 अक्टूबर के बीच मनाया जाएगा शारदीय नवरात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र 3 से 12 अक्टूबर के बीच मनाया जाएगा। शारदीय नवरात्र का काफी महत्व है। नवरात्र के 9 दिनों में दुर्गा जी के 9 रूपों की पूजा की जाती है। यह माना जाता है कि 9 दिनों तक लगातार उपवास रखने वाला नवें दिन कन्या पूजन के बाद जब कोई प्रार्थना करता है तो वह प्रार्थना जरूर पूरी होती है। साल में चार बार नवरात्रि आती है। जिसमें चैत्र नवरात्रि और शरद नवरात्रि को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। मानव आदर्श सेवा समिति के संयोजक पीके घोष ने बताया कि हिन्दुओं का यह त्यौहार यूं तो पूरी दुनिया में मनाया जाता है लेकिन विशेष रूप से यह भारत के पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगलादेश में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा की ऐसी धूम है कि उसकी धमक पूरी दुनिया महसूस करती है। दिसम्बर 2021 में कोलकाता की दुर्गा पूजा को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है।



दुर्गा पूजा नेपाल में भी जोर शोर से मनाई जाती है। भारत के जिन क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल के लोग बसे हैं वह अपनी परम्परा के अनुसार नवरात्रि का उत्सव उसी धूम से मनाते हैं। उन्होंने बताया कि लंदन के ब्रिटिश संग्रहालय के ग्रेट हाल में संग्रहालय के अधिकारी और प्रवासी भारतीय मिलकर दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन करते हैं।

# पेंशनर 27 को ईपीएफओ कार्यालय पर देंगे धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों एवं निजी संस्थानों से सेवानिवृत्त वृद्ध ईपीएस-95 पेंशनरों के हितों की अनदेखी करने के विरोध में सभी ईपीएफओ कार्यालयों पर 27 सितंबर को धरना देंगे। प्रदर्शनकारी केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजेंगे। लखनऊ में धरने का नेतृत्व महिला विंग की अध्यक्षा गीता वर्मा करेंगी।

ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति उप्र के प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी, प्रांतीय सचिव राजशेखर नागर और आरएन द्विवेदी ने बताया कि 8 वर्षों से न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी के लिए आंदोलन किया जा रहा है। ईपीएफओ, श्रम मंत्रालय और केंद्रीय श्रम मंत्री झूठे आश्वासन देकर मसले को टाल रहे हैं। इसके विरोध में प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली, आगरा, अलीगढ़, मेरठ और नोएडा क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रुमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### नगर निगम कर्मी को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : सआदतगंज के रामनगर में मंगलवार सुबह कूड़ा डालने के विवाद में राजू ने नगर निगम कर्मी राजेश की पिटाई कर दी। इससे नाराज नगर निगम के कर्मचारी अंबरगंज चौकी पहुंचे और जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे पार्षद एहसान ने कर्मचारियों को शांत कराया। चौकी इंचार्ज आशीष बालियान के मुताबिक दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### बदमाशों ने छीना मोबाइल

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई थाना क्षेत्र में बदमाशों ने वृन्दावन चौकी के पास वृंदावन योजना सेक्टर 7 निवासी लक्ष्मी गौड़ से मोबाइल छीन लिया। सोमवार को पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि 8 सितंबर को वह घर के काम से साइकिल से जा रही थी तभी एक युवक ने उन्हें धक्का देकर मोबाइल छीन लिया और अपने बाइक सवार साथी के साथ फरार हो गया।

### बस की टक्कर से कार पलटी, शिक्षिका गंभीर

अमृत विचार, लखनऊ : बस की टक्कर से कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार चला रही शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। तेलीबाग निवासी शैलेंद्र सिंह के मुताबिक उनकी पत्नी ज्योति सिंह आर्मी स्कूल छावनी में कार्यरत हैं। 20 सितंबर की सुबह आठ बजे वह कार से स्कूल जा रही थीं। यदुनाथ चौक के पास बस ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। लोगों ने ज्योति को अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### हत्यारोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे हत्या के आरोपित अयोध्या निवासी आकाश तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले में नामजद आरोपित समेत दस लोगों को पहले जेल भेज चुकी है। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया वृंदावन कालोनी निवासी की 26 जुलाई 2023 की रात राजेश तिवारी पर 10–15 लोगों ने पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमें आरोपी फरार चल रहा था।

# लखनऊ और नोएडा से पकड़े गए 350 साइबर ठग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डिजिटल अरेस्ट करने वाले गिरोह की भी तोड़ी कमर

**अमृत विचार:** साइबर ठगी के ज्यादातर मामले राजधानी लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद में सामने आए है। इन अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसटीएफ ने भी विशेष अभियान चलाकर पिछले 7 साल में करीब 350 ठगों को दबोच कर जेल भेजा। इसमें कई बड़े गिरोह शामिल है। जिनका नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने वाले गिरोह की कमर भी एसटीएफ ने तोड़ी है। हालांकि पूरी तरह से अंकुश लगाने में अभी कामयाबी नहीं मिली है।

भाजपा की सरकार बनने के बाद साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए प्रदेश में 18 क्षेत्रीय साइबर थाना, डिजिटल फोरेंसिक लैब समेत हर थाने पर साइबर हेल्प डेस्क बनाए गए। साइबर क्राइम टीम के अलावा डिजिटल अपराध को रोकने के लिए एसटीएफ ने भी कार्रवाई शुरू की। हाल ही में एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का भी खुलासा एसटीएफ ने ही किया। इस मामले में अब तक 16 को जेल भेजा गया है।

एसटीएफ ने ऑनलाइन ठगी करने वाले कई बड़े गिरोह का खुलासा किया। एसटीएफ ने क्लोन चेक बनाकर बैंक से ठगी, फर्जी टेलीकॉलिंग सेंटर से ऑनलाइन ठगी, बीमा कंपनियों के नाम पर ठगी समेत फर्जी बीमा कंपनी खोलकर ठगी करने वाले दर्जनों गिरोह का राजफाश करते हुए सैकड़ों आरोपियों को जेल भेज दिया। एसटीएफ ने साढ़े सात वर्षों में 379 साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है। इस दौरान एजेंसी ने बड़ी मात्रा में कंप्यूटर, लैपटॉप, वॉकी टॉकी, मोबाइल, सिम कार्ड, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया है। एसटीएफ ने प्रदेश में सबसे बड़े ऑनलाइन ठगी के गिरोह का भंडाफोड़ कर 105 साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया। इस गिरोह के पास से करीब 2 लाख प्वाइंट डाटा (रिलायंस फ्यूचर, एक्साईड, बिरला सन लाइफ, मैक्स लाइफ, पीएनबी मेट लाइफ, एचडीएफसी एग्रो, पेटीएम ऑनलाइन शॉपिंग, शायक्लूज, फ्लिपकार्ट, इंडिया शॉपिंग मॉल) प्राप्त हुआ, जिसके जरिये गिरोह ठगी को अंजाम दे रहा था।

### 225 अपराधी लखनऊ से पकड़े

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह के मुताबिक प्रदेश में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद में अभियान चलाकर साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है। इनमें सर्वाधिक गौतमबुद्धनगर में 225, लखनऊ से 116, गाजियाबाद से 9 साइबर अपराधी शामिल है। इसके अलावा प्रयागराज, आगरा और दिल्ली के पांच-पांच, प्रतापगढ़, जौनपुर, कानपुर नगर से एक-एक, फतेहपुर, गोरखपुर से चार-चार, राजस्थान के तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा वाराणसी के ऑनलाइन ठगी के मामले में बिहार से एक साइबर ठग को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर कई ठगी के मामलों का खुलासा किया गया।

# साइकिल सवार छात्रा को टक्कर मारने के बाद दुकान में घुसी स्कूल की वैन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



क्षतिग्रस्त स्कूल की वैन।

▸▸ पारा के सरोसा-भरोसा में सेंट मैरी स्कूल की वैन मंगलवार सुबह हुई हादसे का शिकार

**अमृत विचार:** पारा इलाके में मंगलवार सुबह 7.30 बजे साइकिल सवार छात्रा को टक्कर मारने के बाद स्कूली वैन दुकान के चबुतरे में जा घुसी। हादसे में साइकिल सवार छात्रा समेत वैन में बैठे 8 छात्र-छात्राएं चोटिल हो गई। हादसा सरोसा-भरोसा से गैस गोदाम जाने वाली सड़क पर हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा। वहीं, चालक की तलाश कर रही है।

पारा इलाके में स्थित सेंट मैरी स्कूल की वैन सुबह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। सरोसा-भरोसा से गैस गोदाम जाने वाली सड़क पर अचानक साइकिल सवार छात्रा सामने आ गई। उसे टक्कर मारने के बाद वैन सड़क किनारे दुकान के चबुतरे में जा घुसी। वैन में बैठे छात्रों के हाथ, पैर और चेहरे पर चोट लग गए। पुलिस ने वैन को कब्जे में ले लिया है। वहीं, हादसा होते ही चालक फरार हो गया। हादसे में वैन में बैठे कक्षा छह के जैन, पांचवीं में पढ़ने वाली उसकी बहन जारा, तीसरी की अमितांशी बच्चन, एलकेजी के आरुष, कक्षा दो की स्वास्तिका, नर्सरी की अनुपमा मौर्या और दूसरी कक्षा की इशिका को चोटें आईं। साइकिल सवार गर्वमेंट गर्ल्स कॉलेज की छात्रा सलोनी को भी चोट लगी। वहीं हादसा होते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। वहां पहुंचते ही चालक तौहीद की पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर मौका लगते ही चालक तौहीद भाग गया।

# कुकरैल जंगल में मिला शव, हत्या की आशंका

## डालीगंज इलाके से 10 दिनों से लापता था फर्नीचर कारीगर, फाइनेंस कर्मी पर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आठ दिन पहले हसनगंज थाने में दर्ज हुई थी गुमशुदगी

**अमृत विचार:** डालीगंज इलाके से 10 दिन पहले लापता फर्नीचर कारीगर शेर खान (33) का शव सोमवार को कुकरैल जंगल में पड़ा मिला। इस मामले में आठ दिन पहले हसनगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज थी। परिजन ने मुंशी पुलिया निवासी फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी पर हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

हसनगंज स्थित तकिया मुंशीगंज डालीगंज के रहने शेर खान फर्नीचर का काम करता था। 14 सितंबर को घर से निकला और देर रात वापस नहीं आया। उसके नंबर पर कॉल की गई, पर बंद मिला। काफी तलाश करने के बाद नहीं मिला तो 16 सितंबर को हसनगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। कंकाल मिलने के बाद परिवारजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। परिवार के सदस्यों ने मुंशी पुलिया निवासी फाइनेंस कंपनी के एक कर्मी पर हत्या की आशंका जाहिर की है।

पैर में पड़ी रॉड से हुई शिनाख्तः सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे इंदिरानगर पुलिस को कुकरैल जंगल में शव मिलने की सूचना राहगीरों ने दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। कुछ दूरी पर कपड़े पड़े थे। वहीं, पर एक पहचान पत्र भी मिला। जिस पर शेर खान का नाम लिखा था।

इसके बाद पुलिस ने पैर में पड़े रॉड से उसका मिलापकराया। दोनों के मिलान के बाद पुलिस ने हसनगंज थाने को जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे एजाज ने कंकाल के पैर में पड़ी रॉड के जरिये अपने भाई शेर खान की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पांच वर्ष से मायके में रहे रही थी पत्नी

शेर खान की पत्नी शहाना अपनी 6 साल की बेटी उमरा के साथ करीब पांच वर्षों से अपने सिधौली स्थित मायके में रहे रही थी। वही दो भाई सउदिया अरब में रहते है। शेर खान का काम कम चलता था ऐसे में भाई लोग ही उसका खर्च उठाते थे।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत, चार पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, माल : माल थाना क्षेत्र के बघोलवा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतका के पिता ने पति सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है।



सैरपुर थाना क्षेत्र के निवासी केशनपाल वर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दे कर बताया कि दो वर्ष पूर्व उन्होंने पुत्री मानसी (22) का विवाह माल थाना क्षेत्र के बघोलवा गांव निवासी विपिन वर्मा के साथ किया था। शादी के कुछ दिन बाद पति विपिन व उनके परिवार के लोग दहेज की मांग को लेकर उससे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। मृतका के पिता के अनुसार चार दिन पहले विपिन मानसी को उसके माता पिता के पास छोड़कर चला गया था। आरोप है कि मंगलवार रात साढ़े नौ बजे विपिन मानसी को विदा कराने सैरपुर पहुंचा। मना करने के बावजूद जबरदस्ती साथ ले गया। रात लगभग साढ़े बारह बजे विपिन के पिता ने फोनकर जानकारी दी कि बेटी ने जहर पी लिया है और उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जब वह अस्पताल पहुंचे तो पुत्री मृत अवस्था में मिली। मानसी के पिता ने पति विपिन, सास प्रियंका, दादी मालती, वर्तमान ग्राम प्रधान फुफुवा ससुर अनिल निवासी टंटापुरवा थाना सैरपुर के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर विनय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पति से पूछताछ की जा रही है।

# लविवि के पास युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शिकायत करने पहुंचे परिजन से की आरोपी ने मारपीट

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के पास युवती से शोहदों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर धमकाते हुए आरोपी भाग निकला। युवती ने परिजन को इसकी जानकारी दी। परिजन आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो उनके साथ मारपीट की। युवती के चचेरे भाई ने हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डालीगंज मायानगर निवासी युवती सोमवार शाम को घर से बाजार के लिए निकली थी। मकान से कुछ दूर पहुंचते ही शोहदा पीछा करने लगा। लविवि रोड पहुंचने पर आरोपी ने युवती को अपशब्द कहे। शोहदे की हरकत को नजरअंदाज कर युवती आगे बढ़ने लगी। इस बीच आरोपी ने छेड़छाड़ करने लगा। मना करने पर गाली गलौज की। पीड़िता के चिल्लाने पर राहगीर भी जमा हो गए। जिन्हें आते देख शोहदा भाग निकला। घर लौट कर युवती ने मां को घटना की जानकारी देते हुए शोहदे की पहचान नूर आलम के तौर पर बताई। जो डालीगंज में ही रहता है। चचेरे भाई के मुताबिक वह लोग नूर आलम के घर गए थे। जहां आरोपी के साथ अभिषेक, दीपक और रोबिन ने हमला बोल दिया।

परिवार के मुताबिक नूर आलम दबंग प्रवृत्ति का है। पहले भी कई लोगों के साथ वह गलत हरकत कर चुका है।



लालबाग स्थित हरि ओम मंदिर के पास बीच सड़क पर खुदा गड्ढा। अमृत विचार

# बाजार जा रही युवती के अपहरण का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मदेयगंज इलाके में कार सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार:** घर से सामान खरीदने बाजार जा रही युवती को कार सवार बदमाशों ने अगवा करने का प्रयास किया। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए। जिसे देख बदमाश दुष्कर्म करने की धमकी देते हुए भाग निकले।

बड़ी पकरिया निवासी युवती सोमवार को मछली खरीदने के लिए घर से निकली थी। वह बंधा स्थित मछली बाजार के पास पहुंची। जहां कार सवार शब्बीर साथियों के साथ मौजूद था। पीड़िता के मुताबिक शब्बीर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। फिर कार में घसीटने लगा। शब्बीर के साथ रियाज और मजबूब आलम भी थे। वह लोग भी आरोपी का साथ देने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज की। सरेराह युवती को कार में घसीटने का प्रयास होते देख राहगीर मदद के लिए दौड़े। जिसके चलते आरोपी भाग गए। पीड़िता के मुताबिक शब्बीर और उसके साथियों ने बलात्कार करने की धमकी दी है। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह के तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सड़क हादसों में दो की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कृष्णानगर और मड़ियांव इलाके में हुई घटना

**अमृत विचार:** कृष्णानगर और मड़ियांव इलाके में हुए अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कृष्णानगर में न्यू सिंधु नगर के रहने वाले ऋतिक पटेल (22) चाय की दुकान चलाते थे। उनके भाई रोशन ने बताया कि ऋतिक रविवार देर रात दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। पकरी पुल के पास सामने से दूसरे बाइक सवार को बचाने में ऋतिक की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां ऋतिक की सोमवार देर रात मौत हो गई।

मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी आशीष शर्मा (37) सैलून चलाते थे। उनके भाई विनीत के मुताबिक शनिवार दोपहर भाई आशीष बाइक से बंथरा के हरौनी से बहन के घर से लौट रहे थे। आईआईएम रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। ट्रॉमा सेंटर में सोमवार देर शाम उनकी मौत हो गई।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**अमृत विचार** : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित किसान पथ पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार कुलदीप (26) को टक्कर मार दी। हादसे में कुलदीप की मौत हो गई। हादसा होते ही चालक ट्रक लेकर भाग निकला। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक गोसाईंगंज के जहांगीरपुर रकीबखेड़ा निवासी कुलदीप मंगलवार रात खुर्दही बाजार के पास किसान पथ से गुजर रहा था। इस बीच तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से उछलकर कुलदीप दूर जा गिरा। पुलिसकर्मियों ने कुलदीप को गोसाईंगंज सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कर्ज में डूबे व्यापारी ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

कार्यालय सवांददाता, लखनऊ।

▸▸ इंदिरानगर सेक्टर-18 में हुई घटना

▸▸ अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

**अमृत विचार** : गाजीपुर थानाक्षेत्र के इंदिरानगर सेक्टर-18 निवासी दीपक सांवलनी (54) ने सोमवार दोपहर चूहा मारने की दवा खा लिया। नौकर और पत्नी ने उन्हे अस्पताल भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दीपक बेकरी का संचालन करते थे। उन पर बैंक का कर्ज था। जिससे वह काफी परेशान थे।

इंस्पेक्टर विकास राय के मुताबिक दीपक ने बैंक से कर्ज किया था। इसमें कुछ रकम बड़ी बेटी की शादी में खर्च की थी। कर्ज के चलते उन्होंने भूतनाथ स्थित बेकरी किराये पर देकर कलेवा चौराहे के पास छोटी दुकान खोल ली थी।

सोमवार दोपहर नौकर से ही चूहा मारने की दवा मंगाई थी। मालिक को दवा खाता देखकर नौकर ने घटना की जानकारी उनकी पत्नी चित्रा को दी और उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचा। वहां उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि कर्ज लेन-देन से जुड़े लोगों के संबंध में जानकारी की जा रही है।

# जालसाजों ने युवती समेत चार से 16.25 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▸▸ गाजीपुर, चिनहट, इंदिरानगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने युवती समेत चार लोगों से 16,25,470 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने गाजीपुर, चिनहट और इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंदिरानगर की किरन सिंह ने पुलिस को बताया कि ऑनलाइन पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर 13 लाख रुपये ठग लिए गए। 13 सितम्बर से 20 सितम्बर के बीच में यह रुपये ठगे गए। गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वहीं, चिनहट के आकाश से पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर 37000 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया।

इंदिरानगर की निशा श्रीवास्तव ने बताया कि अमेजॉन से सामान मंगाया। सामान पसंद न आने पर अमेजॉन का कस्टमर केयर नंबर गूगल पर खोज रहीं थीं। इसके बाद पीड़िता के पास कस्टमर केयर से कॉल आई और डेबिट कार्ड की जानकारी मांगी गई। पीड़िता के खाते से दो बार में 118470 और 40000 रुपये निकाल लिए। इंदिरानगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

इस्माइलगंज निवासी अतुल कुमार ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड लिया था। साइबर जालसाजों ने बैंककर्मी बनकर कॉल की। क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट कराने को लेकर जालसाजों ने 101925 और 28075 रुपये खर्च कर दिए। चिनहट पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गैस एजेंसी के नाम पर 34 लाख की ठगी करने वाले गिरफ्तार

अमृत विचार : साइबर जालसाजों ने फेसबुक पर विज्ञापन निकाला। गैस एजेंसी दिलाने के लिए ऑन लाइन आवेदन करावाया। इसके बाद धीरे-धीरे कर व्यापारी से जालसाज ने 34 लाख रुपये ठग लिए। दो साल पहले इस मामले में मोहनलालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज थी। पुलिस ने गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने सात लाख रुपये बैंक खाते में फ्रिज करा दिया है। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में बिहार के नवादा स्थित थालपोश निवासी सिंटू कुमार, किशू और अमेठी के घनश्यामपुर निवासी प्रवेश कुमार शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल बरामद किए है। एसीपी ने बताया कि 3 जुलाई 2022 को माधवखेड़ा के कुलदीप कुमार ने मोहनलालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि कुलदीप कुमार ने शिकायत की थी कि मई 2020 में अपने फेसबुक पर एसआर पेट्रोल पंप की विज्ञप्ति देखी। पेट्रोलपंप के लिए अपने मोबाइल से पत्नी के नाम पर आवेदन कर दिया। इसके बाद मनोज पटेल ने कॉल कर बताया कि पंप स्वीकृत हो गया है। रजिस्ट्रेशन फीस एसआर के खाते में जमा करें। 22 मई 2022 को 25500 रुपये 28 मई को 86600 रुपये जमा किए। इसके बाद जालसाजों ने अलग-अलग खातों में 16 जून 2020 से 12 जनवरी 2021 के बीच में 34,04,050 रुपये जमा कराए थे।

## सार-संक्षेप



आईआईएम रोड़ पर लगाया गया प्याऊ। अमृत विचार

### राहगीरों के लिए लगाया प्याऊ

अमृत विचार, लखनऊ : महाकाल युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कौशल व दीपक सिंह तोमर की ओर से गर्मी को देखते हुए राहगीरों को राहत देने के लिए आईआईएम रोड़ कूड़ा चौराहे पर निशुल्क प्याऊ शुरू किया गया। इस अवसर पर रवि सिंह, अंशु राजपूत, लकी गुप्ता, मनीष रस्तोगी, लवकुश यादव समेत संगठन के वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

### कॉल नहीं उठाई तो कार में की तोड़फोड़, विरोध पर पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट इलाके में दबंगों ने युवक को कॉल की। कॉन न उठने पर नाराज दबंगों ने घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। है। आदर्श नगर निवासी रवि कुमार रावत के मुताबिक बीते रविवार को वह अपने घर पर था। रात करीब 12 बजे घर के बाहर आशुतोष तिवारी तीन अन्य साथियों के साथ उसे फोन कर बुला रहा था। उसका फोन रिसीव न करने पर वह गाली-गलौज करने लगा। जब वह घर के बाहर निकलकर आया, तो आरोपितों ने उसकी पिटाई कर घर के बाहर खड़ी कार ईंट, पत्थरों से तोड़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके से भाग निकले। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### छात्रा से दुष्कर्म करने के आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को 5वीं की छात्रा को अगवा कर एक होटल में दुष्कर्म के आरोपियों बदालीखेड़ा निवासी दानिश व उसके नाबालिक साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मालूम हो कि सोमवार को सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में स्कूल से छात्रा जब वापस लौट रही थी तो आरोपियों ने उसको कार से अगवा कर कृष्णा नगर स्थित एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया था। जिसकी देरे रात पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूत्रों का कहना है कि दोनों अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस दोनों के खिलाफ दुष्कर्म व एससीएसटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### आधा दर्जन से पूछताछ, आसपास के जिलों में दबिश

अमृत विचार, लखनऊ : चिहनट के विकल्प खंड में प्रॉपर्टी डीलर धीरेंद्र सिंह के घर 40 लाख रुपये के जेवरात व नकदी चोरी के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। वहीं, आसपास के जिलों में कुछ टीमें दबिश दे रही है। धीरेंद्र ने 15 लाख रुपये अपनी किडनी ट्रांसप्लांट कराने के लिए अलमारी में रखे थे। चोर वह भी पार कर ले गए थे। एसीपी विभूतिखंड राधा रमण सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध दिखे हैं पर रात होने के कारण फुटेज साफ नहीं है। घटना के खुलासे के लिए सर्विलांस समेत कई टीमें लगाई गई हैं। चोरों के बारे में कुछ इनपुट मिले हैं उसके आधार पर टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। चोरों ने दस्ताने पहनकर वारदात को अंजाम दिया था। इस लिए उनके फिंगर प्रिंट भी फोरेंसिक टीम को नहीं मिले थे।

# सपा नेता ने दरोगा पर लगाया अभद्रता का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डीसीपी उत्तरी से मिलकर की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ने अलीगंज थाने में तैनात दरोगार महेंद्र कुमार पर अभद्रता का आरोप लगाया।

महेंद्र यादव ने कहा कि सोमवार शाम को बाइक से दोस्त मोहित के साथ जा रहे थे। बाटी चोखा रेस्टोरेंट के पीछे रोककर दरोगा ने धमकी दी। विरोध करने पर दरोगा और आक्रोशित हो गए। सपा नेता के मुताबिक जब उन्होंने अपना नाम और पद बताया तो दारोगा ने सुलतानपुर डकैती में मारे गए बदमाश मंगेश यादव का नाम लेते हुए जातिगत टिप्पणी की। दरोगा की धमकी के बाद से परेशान हैं। मंगलवार दोपहर साथियों के साथ सपा नेता डीसीपी उत्तरी के आफिस पहुंचे। डीसीपी को संबोधित करते हुए ज्ञापन देकर दारोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान इलाहाबाद विवि के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अवनीश यादव, राष्ट्रीय महासचिव छात्रसभा मनोज पासवान व अन्य लोग मौजूद रहें। एसीपी अलीगंज ब्रज नारायण ने बताया कि चेकिंग के दौरान महेंद्र यादव की गाड़ी रोकी गई थी। उसी में दरोगा पर अभद्रता का आरोप लगाया है। जांच की जा रही है।

# पटरी दुकानदारों के लिए तय की जाए समय सीमा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ त्योहारों पर सादी वर्दी में तैनात रहे पुलिस

▸▸ व्यापारियों ने डीसीपी सेंट्रल का स्वागत कर किया सम्मानित

**अमृत विचार:** अमीनाबाद में पटरी दुकानदारों एवं नाका क्षेत्र में अतिक्रमण मुख्य समस्या है। दिल्ली की तर्ज पर पटरी दुकानदारों को सुबह 6:00 से 10:00 बजे तक और रात में 9:00 से 12:00 बजे तक दुकान लगाने दी जाए।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने हर कदम विश्वास के तहत आयोजित संवाद कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी का स्वागतकर सम्मानित कियाा गया। मिश्रा ने कहा कि सर्राफा बाजारों समेत अन्य घने बाजारों में पुलिस की गशत दिन में भी कराई जाए। साथ ही बैंकों के पास पुलिस बूथ बनाए जाएं। बैंक खुलने से बंद होने तक पुलिस तैनात रहे। त्योहारों पर सादी वर्दी में पुलिस गशत करे।

वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि व्यापारियों के साथ थाने में मासिक बैठक हो। महामंत्री जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि यातायात प्रबंधन अमीनाबाद में फेल है। पटरी दुकानदारों का दब-दबा है जिससे दुकानदारों के यहां ग्राहक पहुंच ही नहीं पाता है।

युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि पक्का पुल बंद होने से डालीगंज बाजार में जाम लगता है। त्योहारों के समय तो डालीगंज बाजार से निकलना मुश्किल हो जाएगा। गुरप्रीत सिंह सेठी ने महानगर बाजार की समस्याएं बताईं।

डीसीपी रवीना त्यागी ने कहा कि समस्याओं के निराकरण हरसंभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में अनुराग मिश्र, विशाल अग्रवाल, नीरज जौहर, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, रविंद्रनाथ रस्तोगी, विनोद अग्रवाल, निहारिका सिंह, डॉ. नित्या वर्मा, अशोक मोतियानी, एसीपी कैसरबाग आदि मौजूद रहे।



डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी को सम्मानित करते अमरनाथ मिश्रा। अमृत विचार

## एक नजर

### वॉलीबाल लीग का आगाज जनवरी में

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में वॉलीबाल के खिलाड़ियों को बड़ा मंच प्रदान के करने के मकसद से उत्तर प्रदेश प्रो वॉलीबाल लीग आयोजित की जायेगी। अगले वर्ष 11 से 26 जनवरी के बीच इस लीग के मुकाबले नोएडा में खेले जायेंगे। लीग के आयोजन से जड़े कुलवंत बालियान और क्यू इवेंट्स के सीईओ ऋतराज खन्ना के अनसार इस लीग में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। इसकी सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। लीग में मुजफ्फरनगर लायंस, अयोध्या सुपर किंग्स, मथुरा किंग्स, काशी वॉरियर्स, मुरादाबाद बुल्स, नोएडा थंडर्स, लखनऊ टाइगर्स और कानपुर पैंथर्स की टीमें हिस्सा लेंगी। उत्तर प्रदेश में पहली बार शुरू हो रही इस लीग के माध्यम से वॉलीबॉल को बढ़ावा मिलेगा। लीग में विभिन्न टीमों की तरफ से अनुभवी, अंतरराष्ट्रीय और युवा प्रतिभाएं एक साथ खेलेंगी। लीग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के लिए बुधवार से पंजीकरण की शुरुआत होगी। जो भी खिलाड़ी इस लीग में हिस्सा लेने चाहते हैं वे आधिकारिक यूपीपीवीएल वेबसाइट पर अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

### मानसी से जीता स्वर्ण



अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मांटेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की कक्षा छह की छात्रा मानसी शर्मा ने तमिलनाडु में आयोजित सीआईएससीई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इस चैंपियनशिप का आयोजन काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने किया। इस चैंपियनशिप में मानसी ने अंडर-14 कैटेगरी में अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। सीएमएस प्रबन्धक, प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस होनहार खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने दी।

# चैंपियन रामस्वरूप टाइगर्स ने जीत से किया आगाज

## ग्रेस्केल ने इकाना टाइटंस को बड़े अंतर से हराकर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ नाइट गोल्फ लीग के पहले सीजन की चैंपयिन टीम रामस्वरूप टाइगर्स ने सीजन -2 में शानदार खेल दिखाते हुए जीत से आगाज किया। खिताबी की रक्षा के लिये उतरी रामस्वरूप ने अमेजिंग ओरिजिंस को एक भी मौका नहीं दिया और एकतरफा मुकाबला खेलते हुए ओरिजिंस पर 8-2 से जीत हासिल की। फेयरवे टाइगर्स ने अपनी सूझबूझ की बदौलत वेलनेस वॉरियर्स पर जीत दर्ज की। एक हार के बाद एसएएस हुंडई वाइकिंग्स को शालीमार पार मास्टर्स पर जीत हासिल की। लगातार दूसरे दिन खेलते हुए ग्रेस्केल ने इकाना टाइटंस को बड़े अंतर से हराकर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा।

लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जा रही लीग के दूसरे दिन चार मैच खेले गए। पहले मुकाबले में रामस्वरूप टाइगर्स और अमेजिंग ओरिजिंस में भिड़ंत हुई। पहले एकल मुकाबले में रामस्वरूप के आदेश सेठ ने ओरिजिंस के संतोष कुमार को पराजित किया। दूसरे एकल मुकाबले में रामस्वरूप के विक्रम भार्गव ने ओरिजिंस के सुधांशु कृष्ण दुबे को शिकस्त दी। युगल मुकाबले में रामस्वरूप के अक्षय सिंह और सैयद फैजल ने ओरिजिंस के संजय सिंहा और पियूष कुमार को हराया। रामस्वरूप के अजय भसीन और संदीप अग्रवाल ने मिलकर ओरिजिंस की सृष्टि डी. राठौड़ और साद अहमद रिजवी को हराया। एक अन्य मुकाबले में रामस्वरूप के पंकज अग्रवाल और सुभाष चंद्रा का ओरिजिंस हाथों हार का सामना करना पड़ा। उनका मुकाबला ओरिजिंस के धीरज सिंह और सुधीर के. शाह के साथ हुआ।

अन्य मैच में एसएएस हुंडई वाइकिंग्स ने शालीमार को 8-2 से हराया वहीं फेयरवे टाइगर्स और वेलनेस वॉरियर्स को 7-3 से हराया।



नाइट गोल्फ लीग में शॉट लगाते हुए गोल्फ खिलाड़ी। अमृत विचार

### ग्रेस्केल की रोमांचक जीत

पहले दिन विजेता रही ग्रेस्केल को हार से सामना करना पड़ा। उसे अपने पहले ही सिंगल मुकाबले में इकाना टाइटंस के हाथों हार का स्वाद चखना पड़ा। ग्रेस्केल के एकल में हर्ष कुमार रस्तोगी का इकाना के एसके तिवारी ने हराया। दूसरे एकल में ग्रेस्केल के आरडी सिंह ने इकाना के राकेश सेठ को हार का स्वाद चखाकर टीम को पॉइंट दिलाए। इसके बाद युगल मुकाबले में ग्रेस्केल के अनुपम मित्तल और डॉ. संजय कुमार ने इकाना के विनोद सिंह और पवन कुमार अग्रवाल को पराजित किया। दूसरे युगल में ग्रेस्केल के राजेश मिश्रा और रवि कपूर को इकाना के नवीन चरण और मनोज शुक्ला ने शिकस्त दी। एक अन्य युगल मुकाबले ग्रेस्केल के दिनेश के. सिंह और पीके धवन ने इकाना के अजीत सिंह और जवाहर लाल पाल को पराजित किया। रोमांचक मुकाबले में ग्रेस्केल ने 6-4 से जीत दर्ज की।



टाइगर क्लब के मोंटी को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार। अमृत विचार

# उत्तर प्रदेश के अनुराग ने जीते दोहरे स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### राष्ट्रीय ओपन वाटर तैराकी चैंपियनशिप

- ओपन वाटर तैराकी वर्ल्ड कप व एशियन ओपन वाटर तैराकी चैंपियनशिप के लिये अनुराग ने किया क्वालीफाई

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय तैराक अनुराग सिंह ने हाल ही में हुई राष्ट्रीय ओपन वाटर तैराकी चैंपियनशिप में दोहरे स्वर्ण पदक जीतते हुए इंटरनेशनल ओपन वाटर तैराकी इवेंट्स के लिए क्वालीफाई कर लिया।

वाराणसी निवासी अनुराग सिंह ने बेंगलुरु की गुंजर लेक में गत 22 व 23 सितंबर आयोजित इस चैंपियनशिप में 10 किमी की स्पर्धा में 2 घंटे, 26 मिनट, 26 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद वह पांच किमी की स्पर्धा में भी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर रहे।

उत्तर प्रदेश तैराकी एसोसिएशन के सचिव शिवम कपूर ने बताया कि बेंगलुरु में आयोजित यह चैंपियनशिप इंटरनेशनल ओपन वाटर तैराकी चैंपियनशिप का क्वालीफाइंग इवेंट भी था। इसके चलते अनुराग अब पुर्तगाल में 8 से 11 अक्टूबर तक होने वाले ओपन वाटर तैराकी वर्ल्ड कप में 10 किमी की स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद अनुराग हांगकांग में 8 से 10 नवंबर तक होने वाली एशियन ओपन वाटर तैराकी चैंपियनशिप में खेलेंगे।

एशियन चैंपियनशिप में 10 किमी. व 5 किमी. दोनों ही वर्गो की स्पर्धाएं होंगी और हांगकांग में अनुराग के पास दोनों ही स्पर्धाओं में चमक बिखेरने का मौका का होगा।

वर्तमान में कर्नाटक के बेल्लारी में इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में विदेशी कोच के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे अनुराग लगातार तीन ओपन वाटर तैराकी विश्व कप में भारतीय तैराकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अनुराग ने तीन साल में 8 प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते हैं।


अनुराग सिंह

# केजीएमयू व टाइगर क्लब ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

अमृत विचार : 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए पहले मैच में केजीएमयू क्लब ने मैन ऑफ द मैच आशीष वाल्मीकि के तूफानी शतक से बाल्दा सुपर किंग्स को 78 रन से हराया। चौक स्टेडियम पर खेले गए मुकाबलों में दिन के दूसरे मैच में टाइगर क्लब ने खदरा इलेवन को 3 विकेट से हराकर पूरे अंक जुटाए।

पहले मैच में केजीएमयू क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट पर 198 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच आशीष वाल्मीकि ने मात्र 30 गेंदों पर 4 चौके व 16 छक्के से 120 रन व सतीश वाल्मीकि ने 25 गेंदों पर 4 चौके व 5 छक्के से 61 रन का योगदान किया। जवाब में बाल्दा सुपर किंग्स 7 विकेट पर 120 रन ही बना सका। केजीएमयू क्लब से शिवा, साहिल व अमन को दो-दो विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार केजीएमयू के सतीश को मिला।

दूसरे मैच में टाइगर क्लब ने खदरा इलेवन को 3 विकेट से हराया। खदरा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 79 रन बनाए। निखिल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। टाइगर क्लब से मोंटी को तीन व विनीत को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में टाइगर क्लब ने 8 ओवर में 7 विकेट पर 80 रन बनाकर मैच जीत लिया। जीत में मैन ऑफ द मैच मोंटी ने उम्दा पारी भी खेलते हुए 25 व अर्पित ने 28 रन जोड़े। बेस्ट कैच का पुरस्कार टाइगर क्लब के विनीत को मिला। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मोंटी को वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि व समाजसेवी वीरेंद्र वैदराज ने पुरस्कार प्रदान किया। एक अन्य मैच में रायल स्पोर्टिंग बहराइच के न पहुंचने के चलते विकास नगर क्लब को वाकओवर से जीत मिली।

# शहर में जुटेंगे प्रदेश भर के टेनिस खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नवंबर में आयोजित होगी राज्य स्तरीय टेनिस चैंपियनशिप
- रैंकिंग खिलाड़ी भी इस चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

अमृत विचार : दीपावली के बाद प्रदेश भर के टेनिस खिलाड़ी यहां पर अपने प्रदर्शन की चमक बिखेरते नजर आयेंगे। नवंबर माह उत्तर प्रदेश टेनिस संघ की देखरेख में टेनिस चैंपियनशिप के आयोजन की तैयारी की जा रही है। शहर में आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप को लेकर जगह और तारीख को फाइनल करने को बैठक शुरू हो चुकी है। संघ के पदाधिकारी इस चैंपियनशिप में आने वाले खिलाड़ियों का ब्योरा जुटा रहे हैं। संघ से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार विभिन्न जिलों से जानकारी ली जा रही है।

प्रदेश के खिलाड़ी कहीं परीक्षा या किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्त तो नहीं है। प्रयास किया जा रहा है कि इस चैंपियनशिप में सभी जिलों के रैंकिंग खिलाड़ी यहां पहुंच सके। उत्तर प्रदेश टेनिस संघ के सचिव पुनीत अग्रवाल के अनुसार प्रदेश में खिलाड़ियों को अधिक से अधिक चैंपियनशिप के मुकाबले मिले, इसके प्रयास किये जा रहे हैं। इसकी क्रम में नवंबर में राज्य स्तरीय टेनिस चैंपियनशिप की तैयारी है। अभी इसकी तारीख और आयोजन स्थल पर फैसला लिया जाना है।

### आइटा मेंस टेनिस टूर्नामेंट 14 से

एक लाख रुपये की इनामी धनराशि के लिए एसबीआई आइटा मेंस टूर्नामेंट 14 अक्टूबर से आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी पर खेला जायेगा। 12 और 13 अक्टूबर से क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जायेंगे। मुख्य ड्रॉ के मुकाबले 14 से 18 अक्टूबर तक खेले जायेंगे।

### अकादमी बनाये जाने को खेल विभाग को लिखा पत्र

टेनिस संघ के पदाधिकारियों के अनुसार डेविस कप के लिए राजधानी के विजयंत खंड स्टेडियम में टेनिस के अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया। अब प्रयास किये जा रहे है कि इसे अकादमी के रूप में विकसित किया जा सके। संघ ने इसे अकादमी बनाने के लिए खेल विभाग को पत्र भी लिखा है। यहां पर अभ्यास करने से खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबलों की तैयारी यहां पर कर सकेंगे।

# पुत्र के दीर्घायु के लिए जितिया व्रत आज

अमृत विचार, लखनऊ : पुत्र के दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जीवित्पुत्रिका या जितिया व्रत रखा जाता है। जितिया व्रत आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। जितिया का व्रत रखने वाली माताएं बुधवार को व्रत रखके अगले दिन गुरुवार को व्रत का पारण सुबह करेंगी। इस दिन माताएं निर्जला व्रत रखती हैं, जिसमें जल, फल या अन्न आदि ग्रहण नहीं किया जाता है। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि जितिया व्रत में स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। भगवान जीमूतवाहन की पूजा करें। इसके लिए कुशा से बनी जीमूतवाहन की प्रतिमा को धूप-दीप, चावल, पुष्प आदि अर्पित करें। इस व्रत में मिट्टी और गाय के गोबर से चील व सियारिन की मूर्ति बनाई जाती है। इनके माथे पर लाल सिंदूर का टीका लगाया जाता है। पूजा समाप्त होने के बाद जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा सुनी जाती है।

# कुंदन के शानदार प्रदर्शन से आईईटी इलेवन ने दी रजिस्ट्रार 11 को शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टॉस जीत कर रजिस्ट्रार 11 के कप्तान डॉ आरके सिंह ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया

अमृत विचार: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह सात मई से अगले साल आठ मई तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के क्रिकेट मैच में मंगलवार को आईईटी 11 की टीम ने कुंदन के हरफनमौला प्रदर्शन 52 रन व दो विकेट के दम पर रजिस्ट्रार 11 टीम को शिकस्त दिया।

टॉस जीत कर रजिस्ट्रार 11 के कप्तान डॉ आरके सिंह ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। उनके इस निर्णय को सलामी बल्लेबाज शांतनु पाठक और अमर ने ताबड़तोड़ शुरूआत दिलाकर सही भी साबित किया। टीम ने चार ओवर में ही 50 रन पूरा कर लिया। शांतनु पाठक ने शानदार बैटिंग करते हुए 32 रनों का योगदान दिया। उनकी पारी में कई दर्शनीय छक्के भी लगे। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आईईटी 11 की टीम के सलामी बल्लेबाजों को कप्तान राजीव मिश्रा ने टिककर खेलने का संदेश दिया था। ओपनर कुंदन ने आतिशी पारी खेलकर मुकाबले को एकतरफा बना दिया। टीम ने सातवें ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच कुंदन को दिया गया। वहीं, कैरम में मेंस सिंगल के दो मैच हुए इसमें एक में एफओएपी 11 ने मैनेजमेंट 11 को हरा दिया तो दूसरे में कैश 11 ने एफओ 11 को मात दी। जबकि वूमेंस सिंगल में कैश 11 ने फॉर्मेसी को हराया। जबकि एक अन्य मुकाबले में मैनेजमेंट 11 को वाकओवर मिल गया। इस दौरान खेल संयोजक प्रो. ओपी सिंह, कैश के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक, डॉ. अनुज कुमार शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


खेल प्रतियोगिता के अवसर पर मौजूद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

# सीबीएसई क्लस्टर चार में शामिल हुए 30 जिलों के बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल कानपुर रोड कैंपस ने सीबीएसई क्लस्टर चतुर्थ एथलेटिक इवेंट्स का आयोजन किया। खेल प्रतियोगिताएं 25 सितंबर से 27 सितंबर 2024 तक भारतीय खेल प्राधिकरण (सांई) में चलेंगी। खेल प्रतियोगिता का आरंभ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और सीबीएसई के जिला समन्वयक डॉ. जावेद आलम खां द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 30 जिलों से आए दो हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने बच्चों को संदेश दिया की पढ़ाई और खेलकूद की जुगलबंदी काफी महत्वपूर्ण है। डॉ जावेद खान ने बच्चों को बताया कि खेलकूद हमें अनुशासन और सहयोग सिखाता है। चेयरमैन शिव शंकर अवस्थी ने भी प्रतिभागियों को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य पूनम गौतम ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल हमें जीवन में संघर्ष करने की सीख देता है।

# उड़ान डांडिया उत्सव 13 को

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान की ओर से आगामी 13 अक्टूबर को इंदिरानगर के फरीदी नगर स्थित रघुवर मैरिज लॉन में उड़ान डांडिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

उड़ान की अध्यक्ष सरिता सिंह ने बताया कि उड़ान डांडिया उत्सव-2024 में गुजरात के लोक कलाकार संगीत की मनोहारी धुनों पर लखनऊ वासियों से डंडिया और गरबा नृत्य कराएंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर गुजरात के मशहूर व्यंजन भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

**कला-संस्कृति** प्रख्यात रंगकर्मी जितेन्द्र मित्तल की स्मृति में संगीत नाटक अकादमी में हुआ तीन दिवसीय नाट्य समारोह

# नाटक बाप रे बाप ने दर्शकों को जमकर हंसाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यायावर रंगमंडल की और से प्रख्यात रंगकर्मी जितेन्द्र मित्तल की स्मृति में संगीत नाटक अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय नाट्य समारोह के अंतिम दिन हास्य नाटक बाप रे बाप का मंचन किया गया। कृति नाट्य संस्थान द्वारा मंचित इस नाटक का लेखन पद्मश्री केपी सक्सेना और निर्देशन सुनील सोनू ने किया।

नाटक बाप रे बाप की शुरुआत में ही बाबू बद्रीनाथ अचानक से गुम हो जाते हैं। वह अपने घर में बेटे विकास, बहू मीनू और नूर बक्श के साथ रहते थे। वह अपने मित्र से मिलने कानपुर गये थे। विकास उस वक्त ऑफिस में था। उन्होंने मीनू को बताया कि कानपुर जा रहे हैं। बहू यह बात भूल गई और अपने काम में लग गई।

शाम को विकास ऑफिस से लौटा तो अपने पिता को गायब पाया। कोई भी उनकी जानकारी नहीं दे पाया। आसपड़ोस और रिश्तेदारों में पता करने के बाद विकास ने अपने पिता को खोजकर लाने वाले को 5 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा कर दी। इनाम के लालच में एक व्यक्ति नकली बाप बनाकर ले आता है। इसी बीच बद्रीनाथ का दोस्त फजल एक गूंगे को विकास का बाप बनाकर ले आता है। इत्तफाक यह कि लाये गए दोनों नकली बाप शक्ल से भी हूबहू थे। दोनों को लाने वाले आपस में भिड़ जाते हैं। इसी बीच असली बद्रीनाथ खुद ही लौट आते हैं।

बद्री नाथ बताते हैं कि वह तो बहू को बताकर गए थे कि वह कानपुर जा रहे हैं। बहू के भुलक्कड़पन को लेखक ने नाटक का आधार बनाया है। नाटककार ने यह बताने की कोशिश की है कि जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तो वह अपने बुजुर्गों को अनसुना कर देते हैं। इस नाटक में परिस्थितियां तेजी से बदलती हैं लेकिन दर्शकों को इसमें हर कदम ठहाके लगाने को मजबूर करती हैं।

नाटक में अखिलेश, सुनील सोनू, काव्या मिश्रा, ज्योति सिंह, सचिन मिश्रा, प्रिंस सोनकर, अंकित श्रीवास्तव, रवि कश्यप और अंकित कुमार ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।


नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, गोण्डा

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01/अधी0अभि0/2024–25

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से (प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड/फाइनेन्शियल बिड), सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक–28.09.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक–04.10.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड/दिनांक–04.10.2024 को अपरान्ह 4.00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, गोण्डा, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में मुख्य अभियन्ता, (सरयू परियोजना–प्रथम) सिंचाई विभाग, उ0प्र0, अयोध्या द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस–बिड/फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई–पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में खोली जायेगी।

| लाट सं0 | कार्यों का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + स्टेश्नरी चार्ज | पंजीकृत श्रेणी | कार्य से सम्बन्धित अधिकारी का पता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | अधिशासी अभियन्ता | अधीक्षण अभियन्ता | मुख्य अभियन्ता |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 1.260 के मध्य सेक्शन सुधार एवं 01 अदद बाक्स कल्वर्ट के निर्माण का कार्य। | 56.00 | 5.60 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | सरयू नहर खण्ड–प्रथम, गोण्डा | पंचदशम मण्डल सिंचाई कार्य, गोण्डा | मुख्य अभियन्ता (सरयू परियोजना–प्रथम), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0, अयोध्या |
| 2 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 1.270 से किमी0 2.200 के मध्य सेक्शन सुधार एवं 01 अदद बाक्स कल्वर्ट के निर्माण का कार्य। | 55.50 | 5.55 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |
| 3 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 2.210 से किमी0 3.990 के मध्य सेक्शन सुधार का कार्य। | 78.50 | 7.85 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |
| 4 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 4.000 से किमी0 5.200 के मध्य सेक्शन सुधार एवं 01 अदद बाक्स कल्वर्ट के निर्माण का कार्य। | 49.50 | 4.95 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |
| 5 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 5.210 से किमी0 5.955 के मध्य सेक्शन सुधार एवं 01 अदद बाक्स कल्वर्ट के निर्माण का कार्य। | 38.50 | 3.85 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |
| 6 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 5.965 से किमी0 6.600 के मध्य सेक्शन सुधार एवं 01 अदद बाक्स कल्वर्ट के निर्माण का कार्य। | 51.00 | 5.10 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |
| 7 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 6.610 से किमी0 6.870 के मध्य सेक्शन सुधार एवं 01 अदद बाक्स कल्वर्ट के निर्माण का कार्य। | 38.00 | 3.80 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | सरयू नहर खण्ड–प्रथम, गोण्डा | पंचदशम मण्डल सिंचाई कार्य, गोण्डा | मुख्य अभियन्ता (सरयू परियोजना–प्रथम), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0, अयोध्या |
| 8 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 6.880 से किमी0 7.085 के मध्य सेक्शन सुधार एवं 01 अदद बाक्स कल्वर्ट के निर्माण का कार्य। | 41.00 | 4.10 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |
| 9 | धनईपट्टी राजवाहा के किमी0 7.095 से किमी0 7.600 के मध्य सेक्शन सुधार एवं 01 अदद बाक्स कल्वर्ट के निर्माण का कार्य। | 50.00 | 5.00 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |
| 10 | बेलवानोहर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 9.350 के मध्य सेक्शन सुधार का कार्य। | 58.00 | 5.80 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |
| 11 | नरायनपुर राजवाहा के किमी0 1.000 से किमी0 2.800, किमी0 3.000 से किमी0 3.400, किमी0 3.800 से किमी0 4.800, किमी0 6.200 से किमी0 8.700 व किमी0 9.400 से किमी0 10.200 तक पुर्नस्थापना का कार्य। | 63.00 | 6.30 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | सरयू नहर खण्ड–तृतीय, गोण्डा | | |
| 12 | परसिया राजवाहा के किमी0 0.400 से किमी0 1.600, किमी0 3.600 से किमी0 6.600 एवं किमी0 8.400 से किमी0 11.300 तक पुर्नस्थापना का कार्य। | 51.00 | 5.10 | 04 माह | 354+2000 | "बी" या उच्च | | | |

नोटः– कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित है।
इस निविदा/बिड सूचना का नियम शर्तें एवं विस्तृत विवरण उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना की वेबसाईट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता
पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य
गोण्डा

UP--219821 दिनांक 24.09.2023
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेक : परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धा : स्वयमेव संपद : ॥

हमें अचानक आवेश या जोश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि विवेक हीनता सबसे बड़ी विपतियों का कारण होती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है। गुणों से आकृष्ट होने वाली मां लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

## संपादकीय

# भारत के लिए अच्छी शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना में सुधारों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। भारत लगातार आवाज उठाकर पहली बार यूएनएससी पर दबाव बनाने में सफल रहा है। परिणामस्वरुप यूएनएससी में सुधारों की पहल लिखित रूप से शुरू हो गई है। सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता समेत अन्य सुधारों को लेकर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे भारत को सुरक्षा परिषद में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। विश्व के नेताओं ने भविष्य के जिस समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, उसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया है। ये मुद्दा अमेरिका में हाल ही में क्वाड समिट के दौरान भी उठा। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया। अमेरिका ने भी यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का समर्थन किया है। क्वाड में यूएनएससी का मुद्दा उठना भारत के लिए सफलता है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी ओर से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इससे हिंद महासागर को शांति का क्षेत्र घोषित किया जा सकता है और यह चीन को उसकी विस्तारवादी नीतियों का उचित जवाब होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता भारत को वैश्विक राजनीति के स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के समकक्ष ला खड़ा कर देगी। सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हुआ था। सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। परिषद की वर्तमान संरचना पहले की शक्ति संतुलन की व्यवस्था पर बल देती है। यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है। उसके सदस्य यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर बंटे हुए हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक हैं। सुधार की पहल संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में मुद्दे को शामिल किए जाने से होना भारत के लिए एक अच्छी शुरुआत है।

# सम-विषम परिस्थितियों में संतुलन सिखाती है शिक्षा



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है।

मेरे अनुभव में यह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने असफलता को सेलिब्रेट किया। पार्टी की तिथि, स्थान और समय निश्चित किया तथा अपने सभी सहकर्मियों को पार्टी दी। सहकर्मियों को उस समय यह वाकया हास्यास्पद लगा, पर कुछ समय बाद ही उनकी ओर से पुनः पार्टी का निमंत्रण प्राप्त हुआ। सभी चौंके, क्या फिर से? पर नहीं! "इस बार यह सज्जन अपनी सफलता के साथ थे। बढ़े-चढ़े रुतबे के साथ नवीन नियुक्ति पत्र उनके हाथ में था। मैं अपने सपने का पीछा करता रहा और अब अपने मन के काम में आ पाया"-गर्मजोशी से गले मिलते हुए वे बोले। "कुछ छोटा छूटना भविष्य में कुछ बड़ा मिलने का संकेत होता है, इसलिए निराश होने के बजाय हर स्थिति को सेलिब्रेट करना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास भी। उस समय मैंने यही किया था।" उन्होंने याद दिलाया। उनकी अभी की स्थिति को देखकर उनसे असहमत होने का कोई कारण ही नहीं था। अपने सपने को साधने की साधना उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है। सपनों को पूरा करना भी, लेकिन जब सपनों का पीछा करने की बात आती है तो कम ही लोग उस राह के हमराह होते हैं और जो सच में इस राह के राहगीर होते हैं वे अपने सपनों को पूरा कर ले जाते हैं। प्रतिबद्धता, परिश्रम, जुनून और अनुशासन इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कई बार बच्चे मुझसे सफलता का शॉर्ट कट पूछते हैं। मेरा पहला जवाब होता है-कोई नहीं। सफलता नियमबद्ध कठोर परिश्रम का प्रतिफल होती है, जिसके लिए अपना सर्वोत्तम झोंकना होता है। साथ ही धैर्य, धीरज और अपने आप पर विश्वास को भी निरंतर कायम रखना होता है। इनमें से कोई भी एक कड़ी टूटती है तो सफलता दूर होती जाती है। हम लक्ष्य सिद्धि के लिए अर्जुन का उदाहरण देते हैं। पांडवों में केवल अर्जुन ही थे, जिन्होंने परीक्षा की घड़ी में कहा - "गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आंख दिख रही है"।



शिक्षा मुख्यत : जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन- पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें।

यह लक्ष्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण है। हमारे इर्द-गिर्द भी ऐसे कितने ही उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद कठिन परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को हासिल किया। ऐसा नहीं कि उनके जीवन में असफलताएं नहीं थीं। हां, इतना जरूर कि उन्होंने असफलताओं से हताश या निराश होने के बजाय उन्हें सेलिब्रेट किया तथा अपने आप को और मजबूती से लक्ष्य की ओर उन्मुख किया। करियर निर्माण के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालयीय परीक्षाओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का हिस्सा होना पड़ता है। इनमें से कम ही होते हैं, जो अपने पहले प्रयास में सफलता अर्जित कर लेते हैं। वरना अधिसंख्य वर्ग को परीक्षा-दर-परीक्षा अपने आप को आजमाना पड़ता है। यह प्रतीक्षा, प्रतिबद्धता और संघर्ष की आजमाइश का वक्त होता है। इस समय जरूरी होता है कि बिना विचलित हुए, धैर्य पूर्वक और पूरे मन से सफलता का पीछा किया जाए। साथ ही कदाचित असफलता की स्थिति में निराश या हताश होने के बजाय असफलता के कारणों की समीक्षा कर पुनः दोगुने जोश से तैयारी में लगा जाए।

शिक्षा मुख्यतः जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। पाठ्य पुस्तकों में ऐसे तमाम प्रसंग, कविता, कहानियां, उद्धरण मौजूद हैं, जो एक के बाद एक असफलताओं के बावजूद सफलता की इबारत को उकेरते हैं। इस प्रकार के प्रसंगों पर बच्चों से निरंतर बात हो तथा विषम परिस्थितियों में उनके दृष्टिकोण को जाना-समझा जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि किसी भी किरदार के जीवन में एक पराजित मन को कई स्तर पर युद्ध करना होता है। स्वयं से, परिवार की अपेक्षाओं से और समुदाय की टिप्पणियों से। निश्चित तौर पर इस स्थिति का दुष्परिणाम कई आत्मघाती निर्णयों के रूप में सामने आता है। स्ट्रेस, शर्मिंदगी, भविष्य की चिंता, हीनता बोध जैसी भावनाओं के चलते बच्चे भटकाव की उन अंधेरी गलियों की ओर मुड़ जाते हैं, जहां से वापसी मुश्किल होती है। अतः आवश्यक है कि विद्यालय और समुदाय के स्तर पर इस बारे में पर्याप्त चर्चा- विमर्श हों कि किसी के संघर्षों में साझेदार होते हुए उसे किस तरह अभिप्रेरित किया जाता है।

शिक्षा अपनी परिभाषाओं में विविधता के सम्मान की बात भी करती है। निश्चित तौर पर यह विविधता बच्चों और उनके साथ किए जा रहे क्रियाकलापों की ओर इंगित करती है। अतः सफलता के तयशुदा मानकों पर काम करते समय हमें इस विविधता पर भी पर्याप्त विचार करना चाहिए। वैसे भी कोई बच्चा असफल होने के लिए विद्यालय नहीं आता।

## प्रसंगवश

# प्रशासनिक दुनिया के असामान्य व्यक्तित्व

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अत : सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्राय : हास्य का विषय बनाते रहते हैं।

यह सामान्य धारणा है कि प्रशासकीय सेवाओं में चुनाव बड़ी कठिन प्रतियोगिता के पश्चात होने के कारण उनमें बड़े मेधावान एवं विवेकशील व्यक्ति ही चयनित हो पाते हैं। परंतु उनके विवेकशील होने के विषय में न तो कोई टेस्ट होता है और न कोई गारंटी।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं। वे अपने संपर्क में आने वाले सहयोगियों और जनता के व्यक्तियों के जीवन की तनावपूर्ण दिनचर्या को सरस एवं चटपटा मसालेदार बनाने में अनजाने ही लगे रहते हैं। उनका रहन-सहन, खानपान, बातचीत, सहकर्मियों से व्यवहार एवं जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया इतनी हास्यजनक होती है कि वे अनायास टॉक ऑफ द फ्रैटर्निटी बन जाते हैं। प्रशासन में एब्नार्मल्स की एंट्री कोई नई बात नहीं है। अंग्रेजी जमाने में भी आईसीएस और आईपी में एब्नोर्मल्स चयनित हो जाते थे। एक श्री सिंह नैनीताल में कमिश्नर हुआ करते थे, जिनकी किसी भी सरकारी कागज पर हस्ताक्षर करने में रूह कांपती थी। अतः वह कोई भी फाइल अपने सामने प्रस्तुत होने पर किसी न किसी बहाने संबंधित बाबू को डांटकर भगा देते थे। इसके फलस्वरुप उनके कार्यालय के कमरे फाइलों से पटे रहते थे। कलेक्टरों के टीए बिलों पर उनके हस्ताक्षर न हो पाने के कारण वे भी परेशान रहते थे और इस प्रतीक्षा में रहते थे कि वह कब छुट्टी पर जाएं और वह अपने बिलों पर ऑफशियाटिंग कमिश्नर से हस्ताक्षर करवा लें।



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इसी तरह एक पुलिस अधिकारी रामपुर रियासत में आईजी हुआ करते थे, जिनको रियासतों के भारत में विलय के समय उत्तर प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक पुलिस के पद पर नियुक्ति दे दी गई थी। कुछ वर्ष बाद वह पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर नियुक्त हुए थे। वह भी सिग्नेचरोफोबिया से ग्रस्त थे। एक दिन उनको वायरलेस से पुलिस मुख्यालय का आदेश प्राप्त हुआ कि ए असेंबली क्वेश्चन का उत्तर अविलंब अपने हस्ताक्षर से भेजें। वायरलेस को उन्होंने चुपचाप रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। फिर दो दिन बाद टेलीफोन पर आदेश दोहराया गया। अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्तर का ड्राफ्ट बनाकर उनके सामने रख भी दिया, तब भी उन्होंने असेंबली क्वेश्चन के उत्तर पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर मुख्यालय ने एक उपाधीक्षक को उनसे हस्ताक्षर करवाने हेतु सुल्तानपुर रवाना किया। इसकी सूचना मिलते ही वह दौरे पर प्रस्थान कर गए। सुल्तानपुर आकर जब उपाधीक्षक ने उनके दौरे के स्थान को प्रस्थान किया, तो वह दूसरी जगह चले गए और फिर डिप्टी साहब पीछे-पीछे और एसपी साहब आगे-आगे भागते रहे। अंत में डिप्टी साहब हारकर वापस लौट गए, क्योंकि कप्तान साहब चालाकी कर कहीं अज्ञातवास पर चले गए। उल्लेखनीय यह है कि फिर भी उन्हें कोई जनपद के चार्ज से न हटा सका, क्योंकि वे अधिकारियों को खुश रखने में माहिर थे। जब मैं एसपी बस्ती नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी को बात करने का बहुत शौक था। जनपद में मुआइने पर आने पर वह अपनी बातों के दौरान एक किस्सा बार-बार दोहराया करते थे कि वह जब एसपी इटावा थे, तब उन्होंने अपने बंगले पर एक शेर पाला था, जो उनके बंगले के गेट पर रखे एक बड़े से पिंजड़े में रहता था। वह अक्सर कॉन्स्टिपेशन का शिकार रहता था और अंततः कॉन्स्टिपेशन का शिकार होकर मर गया था। उनका शेर पालन का यह किस्सा इतना लंबा खिंचता चला जाता था कि मुझे कॉन्स्टिपेशन होने लगता था, परंतु फिर भी मैं ध्यान की मुद्रा बनाकर उनकी कथा सुना करता था, क्योंकि उनके मुआयने का परिणाम मेरे कार्य पर निर्भर न होकर इस पर अधिक निर्भर करता था कि मैं कितने मनोयोग से उनकी बात सुनता था।

# संकट भी बढ़ा सकती है नकली बरसात



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं।

इस बार जाड़ा पड़ने से बहुत पहले जब दिल्ली हर बारिश के बाद डूब रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को यह बताने के लिए कहा कि सर्दियों में प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से कैसे निपटेगा। जब इस बारे में कार्य योजना की बात हुई तो दिल्ली सरकार का विंटर प्लान के नाम पर एक नया शिगूफा सामने आ गया, कृत्रिम बरसात।

असल यह समझना होगा कि पर्यावरण से जुड़ी किसी भी समस्या का संपूर्ण निराकरण किसी तकनीकी में नहीं, बल्कि आत्म नियंत्रण में छुपा है। तकनीकी तात्कालिक कुछ राहत दे सकती है, लेकिन वह निराकरण नहीं है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है, उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है, जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है, जिससे बरसात हो जाती है।

एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फीसदी नमी हो। फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्माग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़, पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं नदी-तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य हैं कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है। फिर उस दिल्ली एनसीआर में जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी, नाले भरने से जाम होता है और यही जाम तो दिल्ली के हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही।

समझना होगा कि कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। पिछले साल दुबई और पास के अरब देशों में अचानक भयानक बरसात और बाढ़ का कारक वहां कृत्रिम बारिश को भी माना जा रहा है। यही नहीं किसी एक इलाके में इस तरह की बरसात से दूसरे इलाकों में सूखा पड़ सकता है। कृत्रिम बारिश हवा के पैटर्न और तापमान में अचानक बदलाव ला सकती है। इससे कई संक्रामक रोगों के वायरस उपजने की संभावना होती है। एक बात और इस तरह की बरसात से जलवायु परिवर्तन की गति तेज होने की प्रबल आशंका है। यह वैश्विक जल चक्र में बदलाव का औजार भी बन सकता है।

वायुमंडल में ओजोन का स्तर 100 एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स होना चाहिए, लेकिन जाम से हलकान दिल्ली में यह आंकड़ा 190 तो सामान्य ही रहता है। वाहनों के धुंए में बड़ी मात्रा में हाईड्रो कार्बन होते हैं और तापमान चालीस के पार होते ही यह हवा में मिलकर ओजोन का निर्माण करने लगते हैं। यह ओजोन इंसान के शरीर, दिल और दिमाग के लिए जानलेवा है। इसके साथ ही वाहनों के उत्सर्जन में 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाले पार्टिकल और गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है, जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं। दिल्ली में जो भी तरीका अपनाया वह सारा देश बगैर दूरगामी परिणाम जाने अपनाने लगता है। जाहिर है कि दिल्ली के असफल प्रयोग सारे देश के लिए त्रासदी बन जाते हैं। ऐसे में यहां कोई भी कदम उठाने से पहले इसके व्यापक प्रभाव पर गहन अध्ययन जरूरी है। शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे, इसी से जहरीला धुंआ कम होगा। मशीनें मानवीय भूल का निदान होती नहीं। हमें जरूरत है ऐसी प्रक्रिया की, जिससे वायु को जहर बनाने वाले कारक ही जन्म न लें।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार का मुद्दा

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। दूसरा बड़ा कारण साहित्य का मास कल्चर के सामने आत्मसमर्पण और उसके साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश करना है। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है। अबाधित पूंजीवादी विकास हुआ है। उपभोक्तावाद की लंबी छलांग लगी है और संचार क्रांति हुई है। इन लक्षणों के कारण सोवियत अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। सोवियत संघ और उसके अनुयायी समाजवादी गुट का पराभव हुआ। फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छलयोजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने, येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई।

आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहाराव-मनमोहन। यह मनमोहन अर्थशास्त्र है। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता।

-फेसबुक वॉल से

# किस्म-किस्म की रस्सियां



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है।

जब कभी किसी को रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या की खबर पढ़ता हूं तो मैं विचलित ही नहीं व्यथित भी हो जाता हूं। सीधा चालीस साल पीछे चला जाता हूं। उन दिनों मैं अवसाद के दौर से गुजर रहा था। मुझे याद आता है। मैं बाजार जाता हूं रस्सी खरीदने एक दुकान में घुसता हूं। भांति-भांति की रस्सियां टंगी थीं। उन दिनों नायलोन की रस्सी नहीं मिलती थी। सूत वाली या नारियल वाली रस्सियों की भरमार होती थी।

मैंने दुकानदार से कहा-"कोई मजबूत किस्म की रस्सी चाहिए, जो सत्तर किलो का बोझ सह सके"। दुकानदार ने कहा-"मिल जाएगी, लेकिन श्रीमान जी प्रयोजन तो बताएं"। सुनकर गुस्सा आ गया - "अरे भाई, तुमको इससे क्या मतलब? मुझे आत्महत्या करनी हो या चाहे कुएं से आदमी को बाहर खींचना हो"। दुकानदार समझदार था। बोला-"माफ करना भाई। मैंने तो यों ही पूछ लिया"। फिर दुकानदार ने एक मजबूत रस्सी की ओर इशारा करते हुए कहा- "यह वाली ले लें। दोनों ही प्रयोजन संपन्न करेगी, आदमी के झूला झूलने का भी और कुएं से बाल्टी खींचने का भी, लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि हुक मज़बूत हो"।

मुझे ख्याल आता है कि यूपी आवास-विकास परिषद् से जब मकान खरीदा था बताया गया था कि यह हुक सिर्फ पंखा लटकाने के लिए ही है। पंखा इंसान से हल्का होता है। इसका मतलब यह हुआ कि हो सकता है कि हुक मेरा सत्तर किलो का बोझ न सह सके। हुक के टूटने का मतलब यह होगा कि मेरे साथ पंखा भी नीचे आ गिरे। सर पर चोट लग सकती है। चोट ज्यादा हुई तो डॉक्टर सीटी स्कैन रेफर करेगा। फिर ऑपरेशन लंबा खर्चा बैठ जाएगा। आत्महत्या का उद्देश्य तो पीछे छूट जाएगा और फिर पिछले महीने पैसा-पैसा जोड़कर खरीदे पंखे की ठंडी-ठंडी हवा का अभी कायदे से लुत्फ भी नहीं उठा पाया हूं।

एक मुसीबत और भी है। पत्नी दिन भर साए की भांति चिपकी रहती है। हर पंद्रह मिनट पर झांकने आती है कि निठल्ला पति कर क्या रहा है? हुक से रस्सी फंसाने के लिए कम से कम आधा घंटा टाइम चाहिए। सुसाइड नोट भी तो लिखना होगा। बहुत सोच-समझकर लिखना होगा, लेकिन ठोस कारण भी तो होना चाहिए। किससे परेशान हूं? खुद से या पत्नी से? या ऑफिस के कामकाज या साथियों से। या फिर अड़ोस-पड़ोस से। मगर इनमें से कोई भी तो कारण नहीं? ऐसा न हो कि इतना हल्का कारण हो कि किसी को यकीन ही न हो कि सुसाईड का इतना हल्का कारण भी हो सकता है। खिल्ली उड़ेगी अलग से। फिर तो फिलहाल सुसाइड प्लान स्थगित करना ही उचित होगा। तभी पीछे से कोई चीखा- "अबे अंधा है क्या? देखता नहीं पीछे सड़क का बाप चला आ रहा है। मैंने पीछे मुड़कर देखा"। अरे यह क्या? जाने कब बेख्याली में मैं सड़क के बीचो-बीच आ गया था और एक ट्रक ड्राइवर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था-"मरण जोग्यां नूं जाणे जाने क्यों मेरा ही ट्रक मिलदा है, भूतनी दिया"।

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है। हटाओ, छोड़ो। साला सुसाइड करने में कितना झंझट है, मगर इस रस्सी का क्या करूं? रखे रहो। कभी किसी कुएं में डूबते हुए को सहारा देने के काम आएगी। तभी घर आ गया। पत्नी ने हाथ में रस्सी देखी तो बोली-" अरे वाह! मैं इसी के बारे में सोच रही थी। आंगन में बांधेंगे कपड़े सुखाने के लिए"।

# बागवानी उत्पादन में गिरावट

हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी लेटिन शब्द हार्ट्स (उद्यान) और कल्चर (कृषि) से मिलकर बना है, इस समय भारत बागवानी फसलों के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। वही निर्यात के मामले में भारत सब्जियों के मामले में 14 वें और फलों के मामले में 23 वें स्थान पर है, जबकि भारत में उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल बागवानी उत्पादन में शीर्ष राज्य है। बागवानी उत्पादन के हाल में जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 (जुलाई से जून) में पिछले वर्ष के 355. 48 मिलियन टन से . 65 प्रतिशत घटकर 355.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अधिकारियों का मानना है कि कुल बागवानी उत्पादन में गिरावट सब्जियों के कम उत्पादन के कारण आई है। प्याज का उत्पादन 242.4 लाख टन रहने की उम्मीद है। आलू का उत्पादन 5.70 करोड़ टन रहने की संभावना है। बिहार और पश्चिम बंगाल में कम उत्पादन के कारण यह आंकड़ा सालाना आधार पर गिरावट दर्शाता है। जबकि फलों की फसल में कुछ वृद्धि हुई है। इस बार सब्जी का उत्पादन 205. 80 मिलियन टन रहने का अनुमान है, जो 2022-23 के 212. 55 मिलियन टन से कम है। हालांकि टमाटर, गोभी और फूल गोभी के उत्पादन में वृद्धि ने आलू और प्याज जैसी प्रमुख फसलों के गिरावट की भरपाई कर दी है।
फलों का उत्पादन 2023-24 में 2.29 प्रतिशत बढ़ कर 112.73 मिलियन टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय के अनुसार आम, केला, नीबू, अंगूर और शरीफे आदि का उत्पादन बढ़ा है, जबकि सेब, अमरूद, लीची, अनार आदि का उत्पादन थोड़ा कम हुआ है। यह आंकड़े भारत में बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को बताते हैं, जिसमें कुछ फसलें तो फल फूल रही हैं, परंतु अन्य को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### 5 मंजिला अपार्टमेंट समेत दो निर्माण सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने मंगलवार को टीम ने अमीनाबाद में निर्माणाधीन एक पांच मंजिला अपार्टमेंट व दुबग्गा में एक कॉम्पलेक्स सील किया। प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक के निर्देश पर मॉडल हाउस में सरफराज, भानु सहगल व अन्य द्वारा लगभग 2 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में व्यवसायिक व आवासीय पांच मंजिल बिल्डिंग का निर्माण व फिनिशिंग करने पर सील की गई। प्रवर्तन जोन-7 में जोनल अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता के निर्देश पर दुबग्गा में बाईपास रोड पर 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर डॉ. नदीम व अन्य द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र बना कॉम्पलेक्स सील किया।

### लूट को चोरी में दर्ज कराने को पुलिस बना रही दबाव

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** अवध विहार कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्टर गोपीनाथ तिवारी के साथ हुई लूट को पुलिस चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए दबाव बनाती रही, लेकिन पीड़ित तैयार नहीं हुआ। पीड़ित से रविवार रात बाइक सवार तीनों बदमाश ने 2 हजार रुपये, मोबाइल फोन और उसकी पल्सर बाइक लेकर फरार हो गए थे, जिसको लेकर सरोजनीनगर और बिजनौर पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई थी। मंगलवार को सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में पाया गया। सरोजनीनगर थाना के कार्यवाहक प्रभारी अनवर अहमद का कहना है कि लूट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बिजली विभाग के जेई पर लगाया आरोप

**अमृत विचार, काकोरी :** विद्युत विभाग के एफसीआई पावर हाउस के जेई पर आरोप लगाते हुए एक महिला ने अधिशासी अभियंता सेस 2 से शिकायत की है। काकोरी रोड़ स्थित प्रकृति विहार कालोनी निवासी संतोषी ने बताया जेई नितिन कुमार निजी ट्रांसफार्मर से जबरदस्ती दूसरे को कनेक्शन जारी कर रहे हैं। बताया कि जब बिजली विभाग द्वारा उन्हें कनेक्शन नहीं दिया तो खुद के खर्चे पर उन्होंने ट्रांसफार्मर लगवाया था। उनके निजी ट्रांसफार्मर को लेकर एक वाद भी न्यायालय में विचाराधीन है।

# भ्रमण के दौरान ओबीसी वर्ग से संवाद करे आयोग

## ओबीसी आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी का स्वागत करते पिछड़ा वर्ग आयोग के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिलों में भ्रमण के दौरान ओबीसी आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य संबंधित वर्ग के लोगों से संवाद करें। संवाद के बाद आशाओं-अपेक्षाओं से सरकार को भी अवगत कराएं। मुख्यमंत्री मंगलवार को सरकारी आवास पर आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य के साथ विशेष बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बीते साढ़े सात वर्षों में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों से ओबीसी समाज को मुख्य धारा में स्थान मिला है। ओडीओपी प विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं के केंद्र में ओबीसी समाज ही है। सरकार की लाभार्थीपरक योजनाएं हों या आरक्षण जैसे संवैधानिक अधिकारों का लाभ, वर्तमान सरकार में ओबीसी समाज पूरा लाभ प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि संवाद के बाद आयोग 'फीडबैक' से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराए। अगर किसी कारण से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग की ओर से संस्तुति भी की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आयोग की गतिविधियों को और अधिक जनोपयोगी बनाने पर जोर दिया। कहा कि ओबीसी समाज की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोग को सकारात्मक भूमिका निभानी होगी।

### मोदी-योगी के निर्देशों का करें पालन: राजभर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर की अध्यक्षता में मंगलवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत से कार्य कर रहे हैं। विभाग की तरफ से भी पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में जो निर्देश प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा मिला है, उसको धरातल पर उतारने में हम सभी को मिलकर सहयोग करना होगा। 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी क्षेत्र प्रमुखों को अपना अमूल्य सहयोग देने का आह्वान किया। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा ओडीएफ प्लस योजना पर कार्य किया जा रहा है। गांवों में कूड़े के प्रबंधन के दृष्टिगत सॉलिड एवं लिक्विड मैनेजमेंट की दिशा में पंचायतीराज विभाग काम कर रहा है। कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था गांवों में ही की जा रही है। कूड़े के प्रबंधन से ग्राम पंचायत की स्वयं की आर्थिक स्रोत बन रहे है। इसके अलावा पंचायतीराज संस्थाओं की कार्य प्रणाली में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। आज प्रदेश की समस्त पंचायतें अपना कार्य ऑनलाइन कर रही हैं।

# रोडवेज बसों का फास्टैग हैक होने के बाद सभी रीजन में जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रोडवेज एमडी मामले को लेकर गंभीर, दोषियों पर जल्द होगी बड़ी कार्रवाई
- शिकायत के बाद जांच में जुटे एनएचएआई के अधिकारी
- सभी जोन के अधिकारी हुए सतर्क साइबर सेल से जांच कराएगा निगम

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों पर लगे फास्टैग हैक को लेकर मंगलवार को प्रदेश के सभी डिपो में जांच शुरू हो गई है, लेकिन अभी समस्या जस की तस बनी हुई है। फास्टैग हैक होने और रोडवेज बसों का टोल टैक्स कैश देने से राज्य सड़क परिवहन निगम को प्रतिदिन दो लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। 21 बसों में आई समस्या की शिकायत के बाद एनएचएआई के अधिकारी भी जांच में जुट गए हैं। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर मामले को लेकर कड़ा रुख अपनाया है, उन्होंने सभी रीजन को इस संबंध में जांच कर जल्द से जल्द मुख्यालय को रिर्पोट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

**झांसी, प्रयागराज और कानपुर बसों का फास्टैग हुआ है हैक :** परिवहन निगम के प्रवक्ता अजीत सिंह ने बताया कि झांसी, प्रयागराज और कानपुर रीजन की बसों का फास्टैग सोमवार को किसी ने हैक कर लिया था। इसके बाद अलग-अलग टोल प्लाजा पर इन अलग-अलग रीजन की करीब 21 बसों को टोल टैक्स चुकाना पड़ा, जबकि ग्लोबल वॉलेट में हर रोज परिवहन निगम दो करोड़ रुपये तक का भुगतान करता है, जिससे उत्तर प्रदेश की साढ़े 11 हजार से अधिक बसों का टोल टैक्स दिया जाता है। टोल पर पहुंचने पर खाते में पैसा नहीं दिखा रहा, जबकि जांच करने पर पता चला कि बसों के फास्टैग में अभी पैसा है।

### एसबीआई का फास्टैग

परिवहन निगम की तरफ से एसबीआई का फास्टैग इस्तेमाल किया जा रहा। इस दौरान बैंक के खिलाफ शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी पूरी हो गई है। निगम प्रशासन साइबर सेल से जांच करायेगा।

# अधीनस्थ सेवा आयोग कार्यालय पर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

## 2022 में निकली कनिष्ठ सहायक भर्ती की प्रक्रिया 2024 तक नहीं हो पाई पूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रदर्शन करते कनिष्ठ सहायक भर्ती के अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कनिष्ठ सहायक पदों के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा परिणाम जारी कर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की। बुधवार को लेखपाल भर्ती के कई प्रदेशों के अभ्यर्थी प्रदर्शन करेंगे।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वर्ष 2021 में स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति कनिष्ठ सहायक पदों के 1261 विज्ञापन आए थे। 15,141 अभ्यर्थी आयोग से प्रक्रिया पूरी करने की गुहार लगा रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि 3 वर्षो से प्रक्रिया चल रही है लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

21 नवंबर 2022 को कनिष्ठ सहायक के लिए विज्ञापन निकाला गया था। जिसकी लिखित परीक्षा 27 अगस्त 2023 को संपन्न हुई। लिखित परीक्षा का परिणाम 6 फरवरी 2024 को जारी किया गया था। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि आठ महीने का समय बीत गया है, लेकिन अभी टंकण परीक्षा की तिथि सम्बन्धी नोटिस नहीं आया है।

अभ्यर्थियों ने कहा कि टंकण परीक्षा के बाद अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया भी होनी है। अभी तक लगभग तीन साल का समय बीत चुका है लेकिन कुछ नहीं हुआ। ऐसे में इसका अंतिम परिणाम कब तक आएगा सोचकर हमलोगों के अंदर हताशा और निराशा आ रही है।

### जांच या कोर्ट में लंबित नहीं है प्रक्रिया

अभ्यर्थियों ने कहा कि आयोग की कई परीक्षाएं न्यायालय में विचाराधीन है पर हमारी भर्ती प्रक्रिया पर किसी भी तरह का कोई न्यायिक मामला विचाराधीन नहीं है। इसके बाद भी विभाग की ओर से लगातार प्रक्रिया को पूर्ण करने में विलंब किया जा रहा है। आठ माह पहले पहले जब लिखित परीक्षा का परिणाम आया था, तब आयोग के अध्यक्ष की तरफ से कहा गया था कि सितंबर महीने तक एजेंसी का चयन कर टंकण परीक्षा को पूर्ण कर दिया जाएगा। अब सितंबर महीना बीतने को है लेकिन अबतक आयोग एजेंसी का चयन नहीं कर पाया है।

## छात्र को प्रताड़ित कर रही थी शिक्षिका

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहरू की शिक्षिका मीरा शर्मा द्वारा कक्षा- 8 के छात्र प्रशांत यादव को प्रताड़ित करने के मामले में दोषी पाया गया है। जल्द ही उनके निलंबन की कार्रवाई की जाएगा।

छात्र के पिता ने 23 सितंबर को अधिकारियों से शिकायत कर शिक्षिका पर पुत्र प्रशांत से बर्तन मंजवाने, बच्चों को खिलाने का दबाव डालने का आरोप लगाया था। जाति सूचक अभद्र शब्दों का प्रयोग करने मासिक परीक्षा देने से रोकने का भी आरोप था। खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी राममूर्ति सिंह ग्राम प्रधान की मौजूदगी में जांच की। आरोप सही पाए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि जल्द ही निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### निःशुल्क डायलिसिस की होगी शुरुआत, 26 को जुटेंगे कवि



भावना सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश की रक्षा को तत्पर रहने वाले सैन्य अधिकारी आमजन की सेवा को भी कदमताल कर रहे हैं। इस कदमताल का लक्ष्य न केवल छावनी क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को अंजाम तक पहुंचाना है बल्कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी रहने का है। इस मिशन की कमान संभाली है प्रधान निदेशक रक्षा संपदा मध्य कमान भावना सिंह ने। भावना सिंह ड्यूटी के साथ-साथ अपने लंबे अनुभव और भावनाओं दोनों को आमजन की सेवा में समर्पित करने की मंशा रखतीं हैं। उन्होंने मंगलवार को डिफेंस स्टेट ऑफिस स्थित अपने कक्ष में बताया कि, किडनी मरीजों में डायलिसिस के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हम 26 सितंबर को नि:शुल्क डायलिसिस केंद्र की शुरुआत रक्षा सम्पदा मध्य कमान निदेशालय लखनऊ में करने जा रहे हैं। उसी दिन राजभाषा सम्मेलन राष्ट्रवाणी का आयोजन भी होगा। मुख्य अतिथि महानिदेशक रक्षा संपदा रक्षा मंत्रालय जीएस राजेश्वरन व विशिष्ट वक्ता साहित्यकार शिव मूर्ति होंगे। किव डॉ. विष्णु सक्सेना, दिनेश रघुवंशी, गजेंद्र प्रियांशु, सर्वेश अस्थाना, डॉ. प्रवीण शुक्ला, पंकज प्रसून, डॉ. सोनरूपा भी शामिल होंगे।

### रिश्ता ए हमजोली सा है, चोर के घर चोरी सा है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार दोपहर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक न्यूजिपेपर की कटिंग शेयर करते हुए यूपी के पूर्व चर्चित नौकरशाह की उत्तराखंड स्थित आलीशान कोठी का जिक्र करते हुए लिखा कि कोठी से 50 करोड़ की चोरी हो गई। लिखा कि ' 'रिश्ता ये हमजोली-सा है, चोर के घर में चोरी-सा है। अखिलेश यादव ने जिस अखबार की कटिंग शेयर की है, उसमें लिखा है ' 'सूबे के एक पूर्व चर्चित नौकरशाह की उत्तेराखंड में आलीशान कोठी से 50 करोड़ की चोरी होने की चर्चा इन दिनों नौकरशाही में खूब हो रही है। पर साहब ने चुप्पीद की चादर ओढ़ रखी है। खास बात यह है कि इतनी बड़ी चोरी के बाद भी साहब ने न तो मुकदमा दर्ज कराया और ना ही कोई कार्रवाई होने दी।

### रेलवे ने लगवाये कपड़े दान करने वाले बॉक्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की देखरेख में 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम परस्वच्छता पखवाड़ा अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में 'रेड्यूस रीयूज रीसाईकलिंग' को ध्यान में रखते हुए लखनऊ मंडल ने एक अनूठी पहल शुरू की। इसके तहत लखनऊ जं. स्टेशन परिसर में 'क्लाथ 'डोनेशन बाक्स' लगाया गया है। रेलवे की इस अपील पर लखनऊ के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कपड़े दान के लिए डीआरएम कार्यालय, बंदरियाबाग रेलवे स्थित अधिकारी क्लब में डोनेशन बॉक्स लगवाये हैं। लखनऊ वासियों से अपील की जाती है कि घर में रखें इस्तेमाल न होने वाले कपड़े दान दे सकते हैं। खिलौने, बर्तन और कम्बल भी दान में दिए जा सकते हैं। 15 अक्टूबर तक यह दान बॉक्स लगे रहेंगे।

### 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। शासन ने शिक्षकों की वेतन वृद्धि को रोकने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रदेश में एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित होकर गए 27,000 शिक्षकों की वेतन वृद्धि संबंधित मामले लंबित हैं। विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाते हुए शिक्षकों के वेतन वृद्धि आदेश जारी कराने की मांग की थी। मुख्यमंत्री सचिवालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से अद्यतन जानकारी मांगी थी। बताया जा रहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग ने जब संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों से पूछताछ की तो ज्यादातर ने वेतन वृद्धि संबंधित पत्रावलियों को लंबित रखने का मुख्य कारण रिकॉर्ड मिलान न हो पाना बताया। शासन ने उनके तर्क से असहमति जताते हुए कहा था कि सभी की सेवा पुस्तक ऑनलाइन हैं। इस जवाब को कतई संतोषजनक नहीं माना जा सकता।

### पिकप डाला व ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर, चार घायल

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मंगलवार की रात 9 बजे के करीब क्षेत्र के गौरा गांव के एक निजी इंजीनियरिंग कालेज के पास तेज रफ्तार पिकप डाला अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जा घुसी।दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गया और पिकप डाला दीवार से टकरा गया।दुर्घटना में ट्राली में बैठे रामगोपाल व रविकांत निवासीगण कनकहा व मोहित निवासी दयालपुर व पिकप चालक दिलीप घायल हो गया। पुलिस चारों घायलों को सीएचसी ले गई, जहां से डॉक्टर ने चालक दिलीप को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

### पुरानी पेंशन के लिए पीडब्ल्यूडी कर्मचारी मनाएंगे मांग दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लोक निर्माण विभाग, राजकीय निर्माण निगम, सेतुनिगम के कर्मचारी 26 सितंबर को कर्मचारी मांग दिवस मनायेंगे। दोपहर भोजनावकाश के बाद कर्मचारी कार्यालय परिसर में निकलकर अपनी मांग विभागाध्यक्ष के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार को समक्ष रखेंगे। डिप्लोमा इंजीनिर्यस संघ समेत कई इम्पलाइज यूनियन के बैनर तले प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजेंगे।

# अयोध्या हाइवे व शहीद पथ पर 4 फुटओवर ब्रिज बनाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यातायात पुलिस की तरफ से शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

**अमृत विचार :** हादसा और जाम से राहत दिलाने के लिए यातायात पुलिस ने अयोध्या हाइवे और शहीद पथ पर चार फुटओवर ब्रिज बनवाने की जरूरत बताई है। इसकी रिपोर्ट यातायात पुलिस ने तैयार की है। जल्द शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। अयोध्या हाइवे पर दो और शहीद पथ पर दो फुटओवर ब्रिज बनवाए जा सकें।

डीसीपी यातायात प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक प्रमुख मार्गो का सर्वे किया गया है। अयोध्या रोड पर हाईकोर्ट और बीबीडी विवि के पास, शहीद पथ पर लुलु मॉल और इकाना स्टेडियम के पास फुटओवर ब्रिज की जरूरत महसूस हुई। एस्कलेटर वाले फुटओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव बनाया गया है। सर्वे में पाया गया कि लंबी सीढ़ियों के कारण लोग फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल करने के बजाय वाहनों के आवागमन के बीच से ही सड़क पार कर रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। यातायात पुलिस और पीडब्ल्यूडी अफसरों की बैठक में तय किया गया कि दोनों विभागों की संयुक्त टीम अलग-अलग चौराहों का सर्वे करेगी। जिन सड़कों को चौड़ा करने की जरूरत महसूस होगी, उसका चौड़ीकरण किया जाएगा।

# ई-रिक्शा से बाजारों में जाम, ग्राहकों को परेशानी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



सहायक पुलिस आयुक्त को ज्ञापन देते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के लोग।

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी के नेतृत्व में मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त कैसरबाग से मिला। व्यापारियों ने ई रिक्शा से चौराहों एवं बाजारों में जाम, सभी प्रमुख बाजारों में पुलिस पेट्रोलिंग बढाना, बाजारों में पार्किंग की सुलभ व्यवस्था कराने की मांग की। सुरेश छाबलानी ने कहा कि कैसरबाग चौराहे पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे नजीराबाद, अमीनाबाद, लाटूश रोड, नाका, चारबाग सहित बाजारों में आने वाले ग्राहक जाम में फंसे रहते हैं। उन्होंने सभी प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक की व्यवस्था सुचारू बनाने और प्रति माह क्षेत्रीय व्यापार मंडलों की बैठक थाना स्तर पर पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित करने की मांग की। उक्त समस्याओं का सहायक पुलिस आयुक्त ने निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह, महामंत्री अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मो. सालिम, उपाध्यक्ष शिशिर सिंह, अमरनाथ चौधरी, नितिन श्याम अग्रवाल, मुकेश कुमार नाग, जय मिगलानी, साबिर हुसैन, मो. ईदरीस, मो. साजिद, मो. समीर कलाम, जुगल अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राजधानी में ई-रिक्शा के पंजीयन पर लगाई जाए रोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में बढ़ती जाम की समस्या, अतिक्रमण और दुर्घटनाओं को देखते हुए टेंपो-टैक्सी, ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा ने लखनऊ में ई रिक्शा पंजीयन पर रोक लगाने मांग की है। इस संबंध में मंगलवार को आरटीओ संजय तिवारी और जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को पत्र सौंपा गया। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि लखनऊ जिले की आबादी करीब 50 लाख है। इसके सापेक्ष 55000 ई-रिक्शा, 8500 ई-ऑटो के अलावा 42000 नगर बसें, सीएनजी ऑटो, टैम्पो, चौपहिया टैक्सी व बाइक टैक्सी संचालित हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ई-कार्ट और ई-रिक्शा की नीति के तहत इन वाहनों को परमिट से मुक्त रखा गया है। इसी वजह से राजधानी में 55000 से अधिक ई-रिक्शा व 8500 ई-ऑटो पंजीकृत हो चुके हैं। पंजीकरण लगातार जारी है।

# हुसड़िया में नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण

## विवेक खंड में पार्क की बाउंड्रीवाल गिरी, पशुओं का जमावड़ा, नागिरक सुविधा दिवस हुईं शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंडलायुक्त ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए



स्मार्ट सिटी सभागार में नागरिक सुविधा दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय ग्राम हुसड़िया के पास नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया और विभागीय अधिकारियों को खबर तक नहीं लगी। नागरिक सुविधा दिवस में आलाधिकारियों के समक्ष शिकायत पहुंचने पर हड़कंप मच गया। मंडलायुक्त ने मातहतों को तत्काल अतिक्रमण हटवाने का आदेश आदेश दिया है।

लाल बाग स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें एक शिकायतकर्ता ने बताया कि हुसडिया गांव स्थित नगर निगम के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल के बाहर सड़क के भाग और नाली को बाधित करके अवैध निर्माण कर दुकान लगा ली गई है। शिकायतकर्ता ने अतिक्रमण हटाने की मांग की। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए। अभियान चला कर अतिक्रमण चिह्नित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। एक अन्य शिकायतकर्ता ने बताया कि गोमती नगर विवेक खंड 2 के पास सार्वजनिक पार्क जर्जर हो गया है। नगर निगम इसका रखरखाव नहीं कर रहा है। बाउंड्री गिरने की वजह से पार्क में आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। मंडलायुक्त ने एक सप्ताह में समस्या का निराकरण कराने के आदेश दिए।

अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि नागरिक सुविधा दिवस में 59 शिकायतें आईं। जिसमें 15 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण की 30, नगर निगम 19, जिला प्रशासन क 4, बिजली विभाग की 3 और डूडा से संबंधित 3 शिकायतें रहीं। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम ने बिना टेंडर शुरू करा दी सड़कों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- मुख्य अभियंता को नहीं मिली सभी जोन से खराब सड़कों की सूची
- सड़कों पर गड्ढों की रिपोर्ट पहले ही भेज चुके थे अभियंता

**अमृत विचार :** शहर की खस्ताहाल सड़कों पर मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद नगर निगम के जिम्मेदार हरकत में आ गए हैं। गोमती नगर सहित शहर के कई इलाकों में टेंडर कराए बिना काम शुरू करा दिया। अभी तक अभियंता जोन से खराब सड़कों की सूची न मिलने का हवाला देकर टेंडर नहीं करा रहे थे।

24 करोड़ से शहर की सड़कों पर गड्ढे भरने और टूटी पुलिया सही कराने के लिए सभी जोन से सूची मिलने के बाद भी टेंडर नहीं कराया जा रहा था। मुख्य अभियंता कार्यालय से पैच वर्क के लिए खराब सड़कों की सभी जोन से सूची मांगी जा रही थी। 10 अक्टूबर तक सभी सड़कें सही कराने के मुख्यमंत्री के अल्टीमेटम के बाद अधिकारियों में खलबली मच गई है। आनन-फानन अभियंताओं को सड़कों के गड्ढे भरने के अभियंताओं ने निर्देश दे दिए। मंगलवार को गोमती नगर के कई इलाकों और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र की खराब सड़कों के गड्ढे भरने का काम नगर निगम के ठेकेदारों ने शुरू कर दिया। जोन के नगर अभियंता सड़कों पर गड्ढे और टूटी पुलिया की सूची मुख्य अभियंता को 2 सप्ताह पहले भेज चुके हैं। गड्ढे भरने, पैच वर्क का काम एक साथ कराने के निर्णय से देरी हो रही थी।

**आयोजन** 10 दिवसीय मेला काकोरी ट्रेन एक्शन को होगा समर्पित, हिन्दी, अंग्रेजी और उर्दू भाषा के प्रकाशक व वितरक होंगे शामिल

# बलरामपुर गार्डेन में 27 से लगेगा राष्ट्रीय पुस्तक मेला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के बलरामपुर गार्डेन में 27 सितंबर को 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला शुरू होगा। केटी फाउंडेशन और फ़ोर्स वन बुक्स के तत्वावधान में होने वाला ये पुस्तक मेला काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानियों को समर्पित किया गया है।

मेले के संयोजक मनोज सिंह चन्देल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि ये वर्ष काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष है। इस नाते पुस्तक मेले को अमर शहीदों को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 100 साल पहले चन्द्रशेखर आजाद, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह, राजेन्द्र लाहिड़ी और सचींद्र बख्शी जैसे क्रांतिकारियों ने काकोरी में ट्रेन रोककर सरकारी खजाना लूटकर अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी थीं।

पुस्तक मेले में देश भर के हिन्दी, अंग्रेजी और उर्दू भाषा के प्रकाशक और वितरक शामिल होंगे। मेले में उन सभी प्रकाशकों की पुस्तकें शामिल की जाएंगी, जो देश के शीर्ष 10 पुस्तक मेलों में शामिल होते हैं।

### कवि सम्मेलन, मुशायरा भी होगा

ज्योति रतन ने बताया कि मेले में विमोचन, लेखकों से मुलाक़ात, कवि सम्मेलन, मुशायरा, युवा और बच्चों के कार्यक्रम होंगे। इन दिनों बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं लेकिन रविवार और 2 अक्टूबर को बच्चों को किताबों के बीच रहने का मौका रहेगा। 27 सितंबर को शाम 5 बजे मेले का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे।

### पुस्तकों पर मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट

मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि पुस्तकों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। पुस्तकों के प्रदर्शन के लिए 15 हजार वर्ग फीट का वाटरप्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया है। मेले में आने वाले नए प्रकाशकों में पिछले साल शताब्दी वर्ष मना चुका गोरखपुर का गीता प्रेस, दिल्ली का अनबॉउंड स्क्रिप्ट व वर्धमान बुक, इंदौर का फ्लाइड्रीम पब्लिकेशंस, गुरुग्राम का शुभी प्रकाशन, प्रयागराज का फ्यूचर सॉल्यूशंस और लखनऊ का नवपल्लव बुक्स शामिल हैं।

### मेले में ये प्रकाशक आएंगे

दिल्ली से राजकमल, वाणी, प्रभात, राजपाल एंड संस, सस्ता साहित्य मंडल, सेतु प्रकाशन, सम्यक प्रकाशन, गौतम बुक सेंटर, प्रकाशन संस्थान, नई किताब प्रकाशन, रितेश बुक, ऋषभ बुक, ऋषि पब्लिकेशंस, नैय्यर बुक, भारतीय कला प्रकाशन, यूनिवर्सल बुक, गुडवर्ड बुक्स, अरुण बुक्स, याशिका इण्टरप्राइज़ेज़, एजूकेशनल मिराकिल, एजूकेशनल एण्ड साइंटिफिक एड्स, नेशनल काउंसिल उर्दू व प्रकाशन विभाग, मुम्बई से जय बुक, जयपुर से श्रीधुप्तेश्वर, पटना से मेहता बुक, अहमदाबाद से विधि बुक्स, नोएडा से हिन्द युग्म, गाजियाबाद से न्यू बुक, आगरा से निखिल पब्लिशर्स, रायपुर से एंजेल बुक के अलावा उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, बोधरस प्रकाशन, दलित साहित्य, दिव्यांश पब्लिकेशंस, रामकृष्ण मठ, योगदा सत्संग, राष्ट्रधर्म प्रकाशन, हिन्दी वांग्मय निधि, आर्य प्रतिनिधि सभा, द रियल मार्क और सुभाष पुस्तक भंडार स्टाल स्टाल लगाएंगे।

# उत्तराखंड व दिल्ली में पुलिस ने डाला डेरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का मामला
- भगोड़े सैन्य अधिकारी की कुंडली खंगालने में जुटी एसटीएफ

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ की ठगी के मामले मे साइबर थाने की दो टीमें दिल्ली और उत्तराखंड गई है। एक टीम आधा दर्जन संदिग्धों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जबकि एक टीम दिल्ली में साइबर ठगों के ठिकानों को खंगालने में जुटी है। उधर, एसटीएफ की एक टीम भगोड़े सैन्य अधिकारी की कुंडली खंगालने में जुट गई है।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचिका टंडन से ठगी के मामले में अब तक 16 आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। जैसे मामला आगे बढ़ रहा है। कई चौकाने वाले तथ्य सामने आ रहे है। साइबर थाने की पुलिस टीम को पता चला है कि जेल भेजे गए गिरोह के सरगना व भगोड़े सैन्य अफसर गोपाल व उसके साथियों ने पाकिस्तान, कम्बोडिया, वियतनाम और सऊदी के खातों में करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए। जांच में 50 लाख से अधिक रुपये ट्रांसफर करने की पुष्टि भी हो गई। साइबर टीम खातों की डिटेल निकालने में जुटी है।

### गिरोह के कुछ सदस्यों की लोकेशन उत्तराखंड में

गिरोह से जुड़े कुछ साइबर अपराधी उत्तराखंड के है। पुलिस टीम अब उनका ब्योरा जुटा रही है। इसके साथ ही एक टीम लोकेशन के आधार पर उत्तराखंड में डेरा डाल रखा है। वहां संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इसमें गुजरात के जामनगर बंदरगाह में नौ सेना की टेक्निकल विंग में अफसर भी शामिल था। मूल रूप से बिहार में पटना के बाढ का रहने वाला था। जालसाज गोपाल और उसके साथी के टेलीग्राम ग्रुप पर 92 से अधिक पाकिस्तानी मोबाइल नंबर मिले थे। टीम उनकी तफ्तीश कर लोकेशन का पता लगा रही है। इन नबंरों की काल डिटेल्स भी खंगाली जा रही है।

## एक नजर

### पांच किलो चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त जांच के दौरान एक नेपाली महिला तस्कर को पांच किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद चरस को पुलिस ने सीज कर दिया है। महिला चरस की खेप लेकर शिमला जा रही थी। रूपईडीहा में स्थित एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि पूछताछ के दौरान महिला ने अपना नाम रेखा बूढ़ा पुत्री दिलबहादुर बूढ़ा निवासी नेपाल बताया। डिप्टी कमाण्डेन्ट दिलीप कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मादक पदार्थ 32 लाख रुपये प्रति किलो है। बरामद पांच किलो चरस की कीमत 1.60 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### प्रेमपुर पहुंची एटीएस, ब्लैक स्पॉट तय होंगे

**कानपुर, अमृत विचार :** महाराजपुर थानाक्षेत्र में स्थित प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास लूपलाइन में मालगाड़ी के आगे 5 किलो का सिलेंडर रखने के मामले में घटनास्थल पर एटीएस पहुंची। पूरे ट्रैक का निरीक्षण किया। सूत्र बताते हैं कि एटीएस इसे आसपास के लोगों की शरारत ही मान रही है। एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि रेलवे की टीम को ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित करने के लिए कहा गया है, जहां पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी की टीमें लगातार पेट्रोलिंग करेंगी। थाना पुलिस को ट्रैक के आस पास के गांवों की सूची बनाने के लिए कहा गया है। प्रधानों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी कि वे पेट्रोलिंग में मदद करें। साथ ही गांव में रहने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की निगरानी करें। बुधवार को लखनऊ की फोरेंसिक टीम प्रेमपुर आकर घटनास्थल पर सीन रिक्रिएट कर सकती है। अब तक जीआरपी और आरपीएफ ने स्थानीय 56 लोगों से पूछताछ की है।

### धर्मांतरण के प्रयास में आरोपी को भेजा जेल

**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार :** कॉलेज जा रही छात्रा को बुर्का पहनाकर धर्मांतरण कराने जा रहे विशेष समुदाय के युवक पर एससीएसटी एक्ट, धर्मांतरण कराने व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली अंतर्गत एक कस्बा निवासी 22 वर्षीय युवती ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि वह परास्नातक की छात्रा है। सोमवार सुबह वह कॉलेज जा रही थी तभी रास्ते में मोहान के गांव कोट निवासी मो. इसाक पुत्र ताज मोहम्मद ने उसे गुमराह कर शादी करने की बात कह धर्मांतरण के लिए बुर्का पहनाकर बाइक पर बैठा लिया। विरोध करने पर उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा गया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# ट्रक ने पांच छात्राओं को कुचला, दो की मौत

## 45 मिनट तक दबी रही एक बच्ची, आक्रोशित लोगों ने की तोड़फोड़, ट्रक में लगाई आग, चालक फरार

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज

**अमृत विचारः** ओवरलोड ट्रक ने यमुना नगर स्थित मेजा में मंगलवार को स्कूल से लौट रहीं पांच छात्राओं को ट्रक ने कुचला दिया। इससे एक छात्रा ने मौके पर तत्काल दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी छात्रा ट्रक के पहिए के नीचे करीब 45 मिनट तक फंसी रही। जेसीबी से उसे निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। तीन छात्राओं को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे से आसपास के लोग आक्रोशित हो गए और सड़क पर उतर आए। रोड जाम कर वह हंगामा करने लगे और ट्रक में तोड़फोड़ की। इस बीच ड्राइवर मौका पाकर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। इसकी सूचना पर कई थानों की फोर्स बुलाई गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।


हादसे के बाद ट्रक में लगी आग। अमृत विचार

हादसा मिर्जापुर हाईवे पर मेजा के टिकुरी समहन गांव के पास का है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे एक ट्रक मिर्जापुर की तरफ से प्रयागराज शहर की ओर तेज रफ्तार में जा रहा था। टिकुरी समहन गांव के पास पांच छात्राएं सड़क किनारे साइकिल चलाते हुए स्कूल से घर लौट रही थीं। तभी बेकाबू ट्रक ने छात्राओं को रौंद दिया।

### बाराबंकी में स्कूल की छत से गिरी छात्रा, मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी थाना क्षेत्र में एक इंटर की छात्रा संदिग्ध हालात में स्कूल की दूसरी मंजिल से जमीन पर जा गिरी। उसे गिरते देख छात्राओं ने शोर मचाया तो भीड़ लग गई। आनन फानन में उसे सीएचसी से जिला अस्पताल फिर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। साथी बता रहे कि वह मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रही थी। जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार को कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा कोठी में दोपहर के समय हुआ। क़स्बे के रहने वाले दीपक मिश्रा की पुत्री वैष्णवी मिश्रा कस्बा कोठी के बाल विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा थी।

### सुलतानपुर : बेकाबू बस ने छात्र को रौंदा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कामतागंज बाजार के पास स्कूल जा रहे साइकिल सवार छात्र को एक बेकाबू बस ने कुचल दिया। छात्र के सिर पर बस चढ़ जाने से वहीं पर उसकी मौत हो गई। गुस्साए सकड़ों छात्रों ने पहले तो कामतागंज के पास जाम लगाया, इसके बाद बगल से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पहुंचकर जाम लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची कई थानों की पुलिस ने जब छात्रों को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से हटाने का प्रयास किया तो छात्र उग्र हो उठे और ग्रामीणों के साथ मिलकर पथराव कर दिया। करीब दो घंटे बाद पुलिस ने हालात पर काबू पाया। मृतक पसियापारा गांव का लवकुश (14) पुत्र रामदेव धुरिया कामतागंज स्थित रामदेव सिंह इंटर कॉलेज दोस्तपुर का कक्षा आठ का छात्र था।

# पुलिस ने युवक को दौड़ाया कुएं में गिरकर हुई मौत

संवाददाता, कुतुबनगर, सीतापुर

**मारपीट के मामले में आरोपी युवक को पकड़ने गई थी पुलिस**

**अमृत विचार :** पिसावां थाना क्षेत्र के सतनापुर गांव में मारपीट के मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ने के लिए दौड़ाया। आरोप है कि अचानक पुलिस के भय के कारण युवक का संतुलन बिगड़ा और वह कुएं में जा गिरा। युवक के कुएं में गिरता देख पुलिसकर्मी उसे बचाने के बजाय वापस वहां से वापस निकल गए। जिससे युवक की कुएं में गिरकर मौत हो गई। वहीं युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।

मामला पिसावां थाना क्षेत्र के सतनापुर गांव से जुड़ा हुआ है। सतनापुर निवासी छन्नी ने गांव के ही दीपू और उसके भाई राकेश के विरुद्ध मारपीट की तहरीर दी थी। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, क्षेत्रीय चौकी कुतुबनगर के आरक्षी ताजेंदर और जयवीर सतनापुर गांव पहुंचकर आरोपी दीपू और उसके भाई राकेश को चौकी पर आने को कहा था। जब दीपू और उसका भाई कुतुबनगर चौकी पर नहीं पहुंचा। तो दोनों आरक्षी दोपहर बाद लगभग तीन बजे फिर से सतनापुर गांव पहुंचे। इस दौरान राकेश घर पर नहीं था। दीपू को देखते ही पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने के लिए दौड़ाया। वहीं गांव की उत्तर दिशा में स्थित कुएं में अचानक अनियंत्रित होकर दीपू जा गिरा। कुएं में युवक को गिरता देख पुलिसकर्मी वहां से तुरंत वापस हो लिये।

# लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव चला रहा था जाली नोट का गिरोह

## अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा, 10 गिरफ्तार, असलहा भी बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**5.50 लाख जाली नोट बरामद नेपाल, यूपी और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में खपा रहे थे**

**अमृत विचार :** कुशीनगर जिला पुलिस ने जाली नोट का कारोबार करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा किया है। जाली नोटों के काले कारोबार को फैलाने का मास्टरमाइंड समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ बबलू है। रफी का नेपाल, यूपी और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में जाली नोट सप्लाई का नेटवर्क फैला है। पुलिस ने इस गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5.62 लाख के नकली नोट, 1.10 लाख के असली नोट और 3000 नेपाली मुद्रा के साथ 10 देसी तमंचा, 4 सुतली बम, 2 नेपाली सिम समेत 26 फर्जी दस्तावेजों पर खरीदे गए सिम भी बरामद किया है।

### नेपाली सिम का करते थे प्रयोग

एसपी संतोष मिश्रा के मुताबिक आरोपियों के पास से नेपाली सिम बरामद हुआ है। गिरफ्तारी के पहले 72 घंटे के अंदर 10 बार नेपाल में बातचीत हुई है। पुलिस नेपाल में बात हुए नंबरों की डिटेल निकाल रही है।

कुशीनगर पुलिस ने बताया कि पकड़े गए 10 आरोपियों में नौशाद खान भी समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष बताया जा रहा है। अन्य आरोपियों में औरंगजेब, मोहम्मद रफी, नौशाद खान, परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी, शेख जमालुद्दीन, नियाजउद्दीन उर्फ मुन्ना, रेहान खान उर्फ सद्दाम, मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू खान, हाशिम खान, और सिराज हशमती शामिल है। मामले में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि बिहार के सिवान का रहने वाला जितेंद्र यादव और गोपालगंज का मनीष कुमार व कमरुद्दीन समेत 4 फरार हैं। पुलिस के मुताबिक स्कैनर और प्रिंटर की मदद से समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद रफ़ी खान उर्फ बबलू के इशारे पर ही जाली नोट का कारोबार नेपाल के रास्ते किया जाता था।

# पूर्व विधायक की 8.24 करोड़ की संपत्तियां जब्त

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** उतरौला के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी की 21 संपत्तियों को ईडी ने मंगलवार को जब्त कर लिया। संपत्तियों की कुल कीमत 8.24 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह कार्यवाई ईडी ने पीएमएलए एक्ट के अंतर्गत की है। जब्त हुई संपत्तियों में आवासीय, कृषि और वाणिज्यिक भूमि शामिल है।

ईडी ने आरिफ अनवर हाशमी, उनके भाइयों और अन्य सहयोगियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाते हुए यूपी पुलिस द्वारा आईपीसी, 1860 और अन्य अधिनियमों की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। पूर्व विधायक को उप्र. गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंगस्टर के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया है। जांच के बाद, पुलिस ने आरिफ अनवर हाशमी और अन्य के खिलाफ अवैध अतिक्रमण, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के अपराध स्थापित करते हुए कई आरोप पत्र भी दायर किए था। ईडी की जांच से पता चला कि आरिफ अनवर हाशमी वर्ष 1984 से अवैध अतिक्रमण और जमीन हड़पने के अपराधों में शामिल हैं। आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी रोजी सलमा की आय के ज्ञात स्रोतों से काफी अधिक हैं।

# शादी की बात बढ़ाई तो तीन बच्चों का पिता निकला प्रेमी

अयोध्या कार्यालय

**मोबाइल पर परवान चढ़ा था प्रेम, युवती ने दर्ज कराई धोखा देने की रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** बाबा बाजार थाना क्षेत्र निवासी एक युवती का मोबाइल पर थाना क्षेत्र के ही एक युवक से वार्तालाप शुरू हुआ। मोबाइल पर प्यार-मोहब्बत की बातें होने लगीं। प्यार परवान चढ़ने के बाद युवती ने शादी के लिए युवक को मिलने बुलाया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दिल के मंदिर में जिसको जवान हमसफ़र समझा था वो तीन बच्चों का बाप निकला। प्यार में धोखा खाई युवती ने कैंट थाना पुलिस में अपने प्रेमी के खिलाफ आबरू पर हमला और धोखा देने की शिकायत दर्ज कराई है।

मूल रूप से जिले के बाबा बाजार थाना क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय युवती यहां कैंट थाना क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहती है। युवती का कहना है कि बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ही ग्राम सुजात अली का पुरवा मजरे महमूदमऊ निवासी राहुल ने उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और उसको फोन करने लगा। फोन पर राहुल मीठी-मीठी बातें करता था और दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ने लगा। काफी दिनों तक मोबाइल पर बात होती रही लेकिन उसके फ़ैजाबाद शहर में रहने तथा राहुल के 50-60 किलोमीटर दूर गांव में होने के चलते मुलाकात नहीं हो पाई। युवती का कहना है कि वार्तालाप के दौरान अंतरंगता बढ़ने पर उसने राहुल के साथ शादी का निर्णय ले लिया और उसे मुलाकात के लिए अपने घर बुलाया। राहुल घर पहुंचा तो उसको देख वह अवाक रह गई। राहुल उससे उम्र में काफी बड़ा और शादीशुदा निकला। इतना ही नहीं उसके तीन बच्चे भी हैं। असलियत की जानकारी पर उसने विरोध जताया तो राहुल ने उसके साथ छेड़छाड़ किया। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और छल करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

# राम की पैड़ी पर विकसित होंगी पर्यटन की सुविधाएं

**पहले फेज का चल रहा काम दूसरे फेज के कार्यों को लेकर किया गया निरीक्षण**

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** सरयू तट पर स्थित राम की पैड़ी पर पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंगलवार को श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने इसका निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई पूरी करने के बाद इस पर काम शुरू होगा।

बता दें कि राम की पैड़ी पर पहले फेज का काम चल रहा है। सीईओ ने संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीएन सिंह और धीरज श्रीवास्तव के साथ दूसरे फेज के कार्यों को लेकर निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश पावर प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि. के सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर अजय मिश्रा ने बताया कि उनकी संस्था फेज-एक के तहत कार्य करा रही है। फेज-दो के तहत दर्शकों के बैठने के लिए स्थान की क्षमता को बढ़ाया जाएगा। राम की पैड़ी के सौंदर्यीकरण का प्लान एडीपीएल की आर्किटेक्ट ज्योति मित्रा ने तैयार किया है। सौंदर्यीकरण के प्लान को मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव पर्यटन के समक्ष प्रेजेंटेशन कराया जा चुका है। फेज दो के कार्यों को दीपोत्सव के बाद शुरू कराया जाएगा। सीईओ शर्मा ने संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीएन सिंह को निर्देश दिया कि आर्किटेक्ट से वार्ता कर फेज-2 के सौंदर्यीकरण कार्य का प्रेजेंटेशन उनके समक्ष कराएं।

# दक्षता और सुरक्षा मानक बढ़ाने पर जोर

संवाददाता, नई दिल्ली

**उत्तर रेलवे महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक**

**अमृत विचार।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने बड़ौदा हाउस में उत्तर रेलवे के विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन समीक्षा बैठक की।


महाप्रबंधक शोभन चौधरी

दिव्यांगजनों के लिए लिफ्ट की सुविधा, स्टेशनों पर साफ-सफाई, स्टेशनों पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, ताजा पेयजल जैसी सुविधाओं की उपलब्धता और यात्रियों को ट्रेन के शेड्यूल और अन्य प्रासंगिक विवरणों के बारे में सटीक और समय पर जानकारी प्रदान करने आदि जैसी यात्री सुविधाओं पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि रेलवे की कार्यप्रणाली पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया, ताकि मानवीय हस्तक्षेप को कम किया जा सके और रेलवे के कामकाज के सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता स्थापित की जा सके। उन्होंने कहा कि ट्रेन संचालन में मानवीय विफलता को न्यूनतम करने के लिए प्रयास बढ़ाए जाने चाहिए। बेहतर चालक दल प्रबंधन और जनशक्ति के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने ट्रेनों की समयबद्धता का अच्छा रिकॉर्ड बनाए रखने के निर्देश दिए।

# रेल मंत्री ने कवच प्रणाली का किया निरीक्षण

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** भारतीय रेल में मिशन रफ्तार के अंतर्गत नई तकनीक कवच प्रणाली की उपयोगिता से संरक्षा एवं सुरक्षा प्रणाली और ट्रेनों को स्पीड मिल रही है। इसी क्रम में रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अश्विनी वैष्णव द्वारा मंगलवार को कोटा मंडल के सवाई माधोपुर से इंद्रगढ़ सुमेरगंजमंडी स्टेशन तक कवच सिस्टम का लोको से ट्रायल रन कर निरीक्षण किया।


लोको से ट्रायल रन के दौरान कर्मचारी से जानकारी लेते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

**विशेषताएं :** इस प्रणाली की विशेषताएं कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा एवं ट्रेनों के टकराव रोकने की क्षमता प्रदान करता है। सिग्नल पासिंग एट डेंजर स्थिति को रोकता है और आवश्यकतानुसार स्वचालित गति प्रतिबंध लागू करता है। आमने-सामने, पीछे से और साइड से टकराव की स्थिति में ट्रेनों का स्वचालित रूप से पता लगाता है और रोकता है। लोको पायलट को इन-कैब सिग्नलिंग प्रदान करता है, जिससे कोहरे में ट्रेन संचालन संभव होता है।

इस दौरान रेल मंत्री ने लोको पायलटों के साथ संवाद किया एवं कवच 4.0 के बारे में सभी जानकारियां ली। इस ट्रायल रन के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ सहित पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, कोटा के मण्डल रेल प्रबन्धक एवं मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (जीएसयू)/कोटा उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-202

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोस्ते की फली 2. कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं, बौड़ी।

3. 1. नशीले पेय तथा फलों के रस से बनाया जाने वाला एक पेय, एकाधिक मदिराओं का मिश्रित पेय मांड़ा

6. मरने की इच्छा, मरण कामना, मरणाशंसा।

8. (अंधविश्वास) एक प्रकार के भूत-प्रेत, एक योनि जिसमें पड़ी आत्माएं मनुष्य जीवन में बाधा उत्पन्न करती हैं।

9. 1. नम्रता, शालीनता 2. लज्जाशीलता, शिष्टता, सुशीलता।

**ऊपर से नीचे**

2. पुराने आधे पैसे के बराबर का सिक्का, अधेले के मूल्य का सिक्का।

4. 1. दूषित अथवा मलिन होने की अवस्था या भाव, मैल, मलिनता, गंदगी 2. पाप, पातक 3. गुस्सा, क्रोध 4. कलंक, अपयश, बदनामी 5. अपवित्रता 6. कालिमा 7. विकार।

5. 1. जो ख़ास हो, जो मामूली न हो, असाधारण, विशिष्ट 2. प्रचलित परंपरा से भिन्न।

7. 1. तपना, गरमाना, गरम होना 2. संतप्त होना 3. जलना।

8. 1. बाप, तात, जनक 2. संतान का जन्मदाता पुरुष।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | 3 | 4 | | |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | |
| 6 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 7 |
| ■ | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -201 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | हा | ल | 2 य | ■ | 3 घा |
| ज़ा | ■ | ■ | था | ■ | नी |
| 4 कि | ब | ला | नु | मा | ■ |
| या | ■ | ■ | पा | ■ | 5 नं |
| ■ | ■ | 6 ए | त | का | द |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | रा |
| ■ | 7 अ | भि | मा | नि | नी |

## सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | | | | 7 | | 9 |
| 9 | | | 2 | | | | | 3 |
| | 5 | | 3 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | 4 | 5 | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | 7 | | | | 8 | 4 | | 5 |
| | 1 | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 6 | | | | | 1 | | | 4 |
| 3 | | 8 | | | | | 5 | 1 |

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.10 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 22.23 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। माता या मातातुल्य स्त्रियों का सम्मान करें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। मित्रों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**वृष** — आज किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपकी आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को जबरदस्त सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** — आज आपके स्वभाव में ताजगी रहेगी। अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूर्वनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

**कर्क** — आज अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें। भावुक होने के बजाय व्यवहारिक रहें तभी प्रसन्न रह पाएंगे। नई जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। व्यापार में आ रही गिरावट दूर होगी।

**सिंह** — आज आपके ऊपर काम का दबाव रह सकता है। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें। पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें।

**कन्या** — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। घर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लेंगे। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**तुला** — आज आपकी दिनचर्या बहुत ही व्यवस्थित रहेगी। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

**वृश्चिक** — आज किसी पुराने मामले को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। घर में मेहमान आ सकते हैं। लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। असंतुलित खानपान के कारण आपको परेशानी हो सकती है। स्त्री जातकों को कष्टपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों का बेहतरीन लाभ मिलेगा। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज लोग आपसे काफी अपेक्षा करेंगे। साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। नौकरीपशा लोगों को ज्यादा काम करना पड़ेगा। मेडिकल शोध से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

**मीन** — आज आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बड़ों के द्वारा होने वाले सुझावों पर गौर अवश्य करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपनी कार्यक्षमता को लेकर भ्रम की स्थिति रहेगी। क्रोध के कारण अवसरों को खो सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- 16 दिसंबर — सुबह : 09.41
- छतरीवाली — रात : 07.56

**&pictures**
- बोल राधा बोल — सुबह : 10.49
- शर्माजी नमकीन — रात : 08.00

**Sony Pix**
- रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10.41
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 11.45
- भीमा — रात : 08.00

**Zee Action**
- वज्रकाया — सुबह : 10.50
- गद्दार — रात : 09.51

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 11.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चलकर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## एक नजर

### पं. दीनदयाल की जयंती पर आज कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी बुधवार को जनसंघ के संस्थापक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रदेशभर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर भाजपा बूथ स्तर पर सदस्यता का महाभियान भी चलाएगी। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी राजधानी लखनऊ में चारबाग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा कर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पार्टी के सभी पदाधिकारी, राज्य सरकार के मंत्रिगण, सांसद, विधायक सहित सभी प्रमुख नेता बूथ स्तर पर पार्टी के सदस्यता अभियान के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### 11 प्रोफेसरों को मिली 1 करोड़ से अधिक की रिसर्च ग्रांट

**बरेली :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 11 शिक्षकों के प्रोजेक्ट के लिए 1 करोड़ से अधिक की धनराशि मिली है। इसमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत आठ प्रोजेक्ट भी शामिल हैं, जिनमें प्रो. मदनलाल, डॉ. अतुल सरोजवाल, प्रो. एसके पांडेय, डॉ. सौरव मिश्रा, डॉ. देश दीपक शर्मा, डॉ. मुकुल कुमार गुप्ता, प्रो. विनय ऋषिवाल, डॉ. आभा त्रिवेदी के प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके अलावा प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. अमित कुमार वर्मा और डॉ. प्रीति यादव के प्रोजेक्ट को भी धनराशि मिली है। यह सभी शिक्षक अपने-अपने विषयों पर शोध को आगे बढ़ाएंगे। प्रोजेक्ट के लिए धनराशि मिलने पर कुलपति प्रो. केपी सिंह ने मंगलवार को शिक्षकों के साथ बैठक की और उन्हें बधाई दी।

### हिरण का मांस पकाकर खाया जमीन में दबाए अवशेष

**मुजरिया (बदायूं) :** हिरण का शिकार कर मांस खाने के बाद अवशेष वन विभाग की जमीन में दबा दिए गए। वन दरोगा पर मांस पकाकर खाने के आरोप लगे हैं। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव कौल्हाई में हिरण का शिकार कर उसके अवशेष वन विभाग की नर्सरी में दबाए जाने की जानकारी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा को मिली। उन्होंने अपने साथी संजीव प्रजापति को बताया। संजीव पुलिस को साथ लेकर नर्सरी पहुंचे। जमीन की खोदाई कराने पर हिरण के अवशेष मिले। पुलिस ने आरोपी वन दरोगा को कई बार फोन किया, परंतु फोन रिसीव नहीं किया गया। इस संबंध में डीएफओ प्रदीप वर्मा ने बताया कि बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुसांई में हिरण का शव पड़े होने की जानकारी वन दरोगा को मिली थी। अवशेषों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# निकाय काडर का पुनर्गठन 3601 पदों पर होंगी भर्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निकायों में केंद्रीयित कर्मियों के पदों की संख्या बढ़कर हुई 6686

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने अच्छी शहरी सुविधा देने के लिए उत्तर प्रदेश पालिका (केंद्रीयित) सेवा संवर्ग का पुनर्गठन कर दिया है। ऐसे में निकायों में केंद्रीयित कर्मियों के पदों की संख्या 3085 से बढ़कर 6686 हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। निकायों में कॉडर पुनर्गठन के आधार पर शीघ्र ही 3601 पदों पर भर्तियां होंगी।

दरअसल, सरकार ने नगर निगमों, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में केंद्रीयित कर्मियों को रखने के लिए वर्ष 2017 में पदों का निर्धारण किया था। उस समय उप्र में निकायों की संख्या 632 हुआ करती थी।

राज्य में साल 2017 के बाद तीन नगर निगम बनाने के साथ ही 117 नए निकायों का गठन किया गया है। मौजूदा समय निकायों की संख्या बढ़कर 762 हो गई है। इसके साथ ही 124 नगर निकायों की सीमा में विस्तार किया गया है। वर्ष 2017 में निकायों के लिए तय की गई केंद्रीयित कर्मियों की संख्या कम पड़ रही थी। कर्मियों की कमी होने की वजह से शहरी लोगों को सुविधाएं देने में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसको ध्यान में रखते हुए निकायों में केंद्रीयित कर्मियों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया गया है।

# प्राविधिक शिक्षा संस्थानों में शुरू हुई भर्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने एकेटीयू को 31 अक्टूबर तक सभी शैक्षिक पदों पर भर्ती पूरी करने के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में विधान सभा स्थित सभागार में प्राविधिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने शैक्षिक और गैर-शैक्षिक पदों पर भर्ती, नए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना, सत्र नियमन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी।

बैठक के दौरान बताया गया कि हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू), कानपुर में शैक्षिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मार्च 2024 में पूरी हो चुकी है। वहीं, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी), गोरखपुर और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में शैक्षिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है।

मंत्री ने एकेटीयू को 31 अक्टूबर तक सभी शैक्षिक पदों पर भर्ती पूरी करने के निर्देश दिए। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के शैक्षिक पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया तेज की जा रही है और 504 पदों का अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजा गया है, जिस पर कार्यवाही जारी है। बैठक में यह भी बताया गया कि एमएमएमटीयू गोरखपुर और एचबीटीयू कानपुर ने सत्र 2024-25 के लिए अपने शैक्षणिक कैलेंडर क्रमशः 10 जून और 12 जून को जारी कर दिए थे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में सत्र नियमन और प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध और अधिक पारदर्शी बनाया जाए ताकि, छात्रों को कोई असुविधा न हो। डिग्री सेक्टर के पिछले तीन वर्षों के प्रवेश और प्लेसमेंट का विवरण भी बैठक में प्रस्तुत किया गया। डिप्लोमा सेक्टर के संस्थानों में शिक्षकों और विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती की स्थिति पर भी बैठक में चर्चा की गई। अब तक 612 कर्मचारियों का स्थाईकरण किया जा चुका है और शेष प्रस्तावों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, डिप्लोमा इंजीनियरिंग और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 12 जुलाई से 15 सितंबर 2024 तक काउंसिलिंग के छह चरणों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

## सार-संक्षेप

### पॉलीटेक्निक में काउंसिलिंग पूरी, प्रवेश मिलना संभव

**लखनऊ :** राज्य के पॉलीटेक्निक संस्थानों में छह चरणों में आयोजित प्रवेश काउंसिलिंग के बाद भी कुल डेढ़ लाख सीटों के सापेक्ष लगभग एक लाख सीटें अभी खाली हैं। इनमें से सरकारी कॉलेजों में भी लगभग छह हजार सीटें रिक्त हैं। पॉलीटेक्निक संस्थानों में इंजीनियरिंग व अन्य कोर्स (फार्मेसी छोड़कर) में प्रवेश की प्रक्रिया अभी 15 सितंबर तक पूरी हुई है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के अनुसार राज्य में 150 सरकारी, 19 सहायता प्राप्त, 18 पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप व 270 प्राइवेट पॉलीटेक्निक हैं। इसमें लगभग 1.60 लाख सीटें हैं। प्रवेश काउंसिलिंग के माध्यम से लगभग 60 हजार सीटों पर ही प्रवेश हुआ है। सरकारी कॉलेजों की 42 हजार में से लगभग छह हजार और प्राइवेट की 94 हजार सीटें खाली हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट से प्रवेश के लिए लगभग एक महीने की राहत मिलने के बाद सरकारी व प्राइवेट कॉलेजों को सीटें भरने के लिए एक और मौका मिल सकता है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन में कौशांबी आगे

**लखनऊ :** केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना में 27 लाख से अधिक लोगों के आवेदन के दूसरे चरण में सत्यापन में कौशांबी आगे है। तीन चरणों में सत्यापन पूरा होने के बाद चयनित लोगों को योजना का लाभ दिया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से 27,47,017 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी आवेदन का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। कौशांबी 80 प्रतिशत से अधिक सत्यापन के साथ शीर्ष पर है। गाजियाबाद दूसरे, बलरामपुर तीसरे, फिरोजाबाद चौथे व फतेहपुर 5वें स्थान पर है। बताया कि 7,606 आवेदन को बैंक को भेजा गया है। इनमें से अब तक 2,457 आवेदन को स्वीकृत कर दिया गया है जबकि 1,326 लोगों को ऋ ण वितरित किया जा चुका है।

### प्रदेश कांग्रेस ने 10 सीटों पर नियुक्त किए मीडिया प्रभारी

**लखनऊ :** प्रदेश में विधानसभा की खाली 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस ने मीडिया प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। पिछले दिनों इन सीटों पर पार्टी की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। कानपुर जिले की सीसामऊ विधानसभा सीट के लिए अतहर नईम को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट से हिमांशु गुर्जर को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से सुधीर पाठक व गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट से आशुतोष गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। मिर्जापुर की मझवा विधानसभा सीट से मिन्हाज अहमद, प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट से मोहम्मद हसीब अहमद, अंबेडकरनगर की कटेहरी विधानसभा सीट से अवधेश मिश्रा, अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से संजय तिवारी, अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से गोपाल मिश्रा व मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से शशिभूषण सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### इरफान सोलंकी के मामले में 27 को होगी सुनवाई

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की अपील पर बहस नहीं हो सकी। अब मामले की अगली सुनवाई आगामी 27 सितंबर को सूचीबद्ध की गई है। अगली सुनवाई पर विधायक के अधिवक्ता प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करेंगे। मालूम हो कि जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की महिला का घर जलाए जाने के मामले में कानपुर की सीसामऊ विधानसभा से सपा के निर्वतमान विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को एमपी/एमएलए कोर्ट ने 7 वर्ष की सजा सुनाई थी। उपरोक्त आदेश के खिलाफ विधायक द्वारा हाईकोर्ट में अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर रिहा किए जाने की मांग लेकर वर्तमान अपील दाखिल की गई। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। अब विधायक के अधिवक्ता अपना पक्ष रखेंगे। बता दें कि विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ नज़ीर फातिमा के घर पर कब्जा करने की मंशा से आगजनी के मामले सहित 11 और मुकदमे दर्ज हैं।

# उद्यमियों के महाकुंभ की भव्य शुरुआत आज से

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- 29 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण

**अमृत विचार :** आस्था का महाकुंभ अभी भले ही दूर हो, लेकिन उद्यमियों की आशाओं और संभावनाओं का महाकुंभ यानी उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण की शुरुआत बुधवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होने जा रहा है। बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इस मेगा शो का शुभारंभ करेंगे। दूसरा संस्करण पहले संस्करण से भी बड़ा होने जा रहा है।

इस आयोजन के माध्यम से दुनिया प्रदेश के क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर से रूबरू होगी। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित और बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, तो भारत और वियतनाम का जायका भी आगंतुकों को आकर्षित करेगा। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उन्हें प्रदेश के कल्चर से भी अवगत कराया जाएगा। शो का समापन 29 सितंबर को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा।

एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि आयोजन में 2500 स्टाल्स एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। अब तक 70 देशों के 350 से अधिक क्रेताओं द्वारा अपना प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है, यह संख्या और भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आयोजन में 3,50,000 से अधिक लोगों के आने की संभावना है।

**फैशन शो का भी होगा आयोजन :** राकेश सचान के मुताबिक, इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस के सहयोग से वियतनाम, बोलीविया, रूस, वेनेजुएला, मिश्र एवं कजाकिस्तान के सांस्कृतिक ग्रुप्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन भी किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के परम्परागत परिवेश एवं परिधान को दुनिया के सामने एक फैशन शो के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

### प्रदेश के जायकों का स्वाद भी चखेंगे मेहमान

ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो में आगंतुक, मेहमान और मेजबान उत्तर प्रदेश के व्यंजन का भी स्वाद चखेंगे। यहां एक या दो नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों के नामचीन पकवान परोसे जाएंगे। इसके पीछे राजय सरकार का उद्देश्य है कि यहां के पकवानों के स्वाद की खुशबू विदेशों तक पहुंचे। इस दौरान यूपीआईटीसी में आगरा के पंछी पेठा और मथुरा के पेड़ा का भी स्वाद मिलेगा। ट्रेड शो में आए मेहमान बलिया की लिट्टी-चोखा और लखनऊ के टुंडे के कबाब का भी जायका ले सकेंगे। अवध के व्यंजनों की खुशबू भी ट्रेड शो में महकेगी। बरेली के पकवानों का जायका भी लिया जा सकेगा।

# जिला न्यायाधीशों के खिलाफ वकीलों का अशिष्ट व्यवहार अस्वीकार्य

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- कोर्ट ने अधिवक्ता को सख्त चेतावनी देकर कार्यवाही समाप्त की

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायाधीशों के प्रति अधिवक्ताओं द्वारा किए जाने वाले अशिष्ट व्यवहार की घटनाओं पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वह न्यायाधीशों के खिलाफ असंयमित भाषा के प्रयोग से बचें।

अधिवक्ताओं द्वारा पीठासीन न्यायाधीशों के प्रति अभद्र व्यवहार किए जाने की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जा सकती हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने सिविल न्यायाधीश, कानपुर नगर द्वारा योगेंद्र त्रिवेदी नाम के अधिवक्ता के खिलाफ की गई शिकायत पर की।

मालूम हो कि अधिवक्ता ने गत वर्ष हुई एक अदालती कार्यवाही के दौरान कथित तौर पर कोर्ट स्टाफ से फाइल छीन ली थी और ट्रायल कोर्ट के जज के खिलाफ अनावश्यक टिप्पणी भी की थी। लेकिन बाद में अधिवक्ता ने अपनी गलती मानते हुए माफी भी मांग ली थी। मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता हाई कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए और दोबारा ऐसी अवज्ञाकारी हरकत न करने का दावा किया। जिस पर कोर्ट अधिवक्ता को सख्त चेतावनी देकर कार्यवाही को समाप्त कर दिया।

# एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी। राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 10 सितंबर को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को रद कर दिया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि पैसा कमाने की मशीन है।

# ज्ञानवापी के एएसआई सर्वेक्षण मामले की अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को सुनिश्चित

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वुजूखाने का एएसआई सर्वेक्षण करने के मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान याची राखी सिंह ने अपना जवाब दाखिल किया। इसके बाद कोर्ट ने मामले को एक अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। पिछली सुनवाई में याची की ओर से मुस्लिम पक्ष द्वारा दाखिल हलफनामे पर जवाब देने के लिए समय की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि श्रृंगार गौरी मामले की मुख्य वादी श्रीमती राखी सिंह ने जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की, जिसमें सील वुजूखाने (शिवलिंग को छोड़कर) के पूरे परिसर का एएसआई सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है, जिससे कथित वुजूखाने के वास्तविक चरित्र का पता लगाया जा सके।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, छतोह-रायबरेली।

पत्रांक- 3256/क्षे0पं0/निविदा-नि0कार्य/2024-25 दिनांक- 23.09.2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्षेत्र पंचायत - छतोह, रायबरेली मे निम्न तालिका में दर्शित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 25.09.2024 से 16.10.2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क नकद भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
निविदा दाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनाँक 16.10.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में रखी टेण्डर पेटिका में डाली जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त समस्त निविदायें दिनाँक 16.10.2024 को ही अपरान्ह 03:00 बजे निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी।
**निविदा प्रपत्र के साथ निविदा दाता का पंजीयन प्रमाण पत्र, ITD-1/टी-4 (चरित्र प्रमाण पत्र), ITD-2/टी-5 (हैसियत प्रमाण पत्र), ITD- 3/टी-6 (स्वघोषणा / शपथपत्र, स्टाम्प पेपर पर), जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाणपत्र, लेबर पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा अनुभव प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।**
निविदा प्रपत्र पर कोई भी कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। कार्य की लागत में नियमानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0 शामिल होगा। निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी छतोह, रायबरेली में निहित होगा।

| क्रमांक | कार्य का नाम | लागत | धरोहर धनराशि | टेण्डर मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत लहेंगा शिव विद्या मन्दिर इंटरलाकिंग रोड से राम लखन के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण | 993000 | 99300 | 1800 | 6 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत जगतपुर में जायस परशदेपुर हाइवे से भैरोबाबा के स्थान तक खड़ंजा निर्माण कार्य | 163021 | 16302 | 300 | 6 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत बभनपुर से ग्राम पंचायत गढ़ा के पूरे भगतन तक खड़ंजा मरम्मत का कार्य | 378234 | 37823 | 800 | 6 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत पूरे राई के हाथीराम दुबे के पुरवा से प्रतापगढ़ बार्डर मार्ग तक खड़ंजा मरम्मत का कार्य | 971669 | 97167 | 1800 | 6 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत महमदपुर नमकसार में पारसनाथ के घर होते हुए डेहवा अडडा तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 734632 | 73463 | 1500 | 6 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत बेवल के पूरे सनहिया में पक्की सड़क से पूरे तिलक तक खड़जा मरम्मत का कार्य | 641867 | 64187 | 1300 | 6 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत बारा के पूरे कृपाल में इंटरलाकिंग रोड से इन्द्रकुमार के घरा तक इंटरलाकिंग का निर्माण | 143007 | 14301 | 300 | 6 माह |
| 8 | खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित प्रशासनिक भवन में सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना | 966000 | 96600 | 1800 | 6 माह |
| 9 | खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित सभागार में सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना | 866000 | 86600 | 1700 | 6 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत बरांवां में इण्टरलाकिंग मार्ग से पूरे चमारन गांव तक खड़ंजा मरम्मत का कार्य | 390000 | 39000 | 800 | 6 माह |
| 11 | प्रशासनिक भवन एवं सभागार में स्टेबिलाइजर व अन्य उपकरणों की व्यवस्था | 992734 | 99273 | 1800 | 6 माह |
| 12 | विकास खण्ड परिसर में सोलर पेयजल प्लान्ट की स्थापना | 335882 | 33588 | 700 | 6 माह |
| 13 | विकास खण्ड परिसर में मुख्य गेट का निर्माण | 300000 | 30000 | 600 | 6 माह |
| 14 | ग्राम पंचायत बभनपुर में स्वामीनाथ के घर से राजा पाण्डेय के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण | 430132 | 43013 | 900 | 6 माह |
| 15 | विकास खण्ड परिसर स्थित पंचायत कक्ष की मरम्मत का कार्य | 591273 | 59127 | 1200 | 6 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत राजापुर कुंवरमऊ काली पाण्डेय का पुरवा में राघवेन्द्र पाण्डेय के घर से खड़ंजा तक इण्टरलाकिंग निर्माण | 875423 | 87542 | 1800 | 6 माह |
| 17 | ग्राम पंचायत कुढ़ा के एम0पी0एस0एजूकेशन होम में सोलर पेयजल प्लाण्ट की स्थापना का कार्य | 335822 | 33582 | 700 | 6 माह |
| 18 | ग्राम पंचायत महानन्दपुर में भगवत तिराहा के पास सोलर पेयजल प्लाण्ट की स्थापना का कार्य | 335822 | 33582 | 700 | 6 माह |
| 19 | ग्राम पंचायत कुढा के पूरे भदोरियन में सोलर पेयजल की स्थापना का कार्य | 335822 | 33582 | 700 | 6 माह |
| 20 | ग्राम पंचायत निनांवां में ब्रहमदेव के स्थान पर सोलर पेयजल प्लाण्ट की स्थापना का कार्य | 335822 | 33582 | 700 | 6 माह |
| 21 | ग्राम पंचायत चंदावाहीपुर तिराहा के पास सोलर पेयजल प्लाण्ट की स्थापना का कार्य | 335822 | 33582 | 700 | 6 माह |
| 22 | ग्राम पंचायत जमालपुर हुरैया के पूरेगाजी में मो0 जाकिर हुसैन के घर के पास सोलर पेयजल प्लाण्ट की स्थापना | 335822 | 33582 | 700 | 6 माह |
| 23 | ग्राम पंचायत बारा में परसदेपुर-अमेठी हाइवे पर सोलर पेयजल प्लाण्ट की स्थापना का कार्य | 335822 | 33582 | 700 | 6 माह |
| 24 | ग्राम पंचायत परैया में हनुमान मन्दिर के पास सोलर पेयजल प्लाण्ट की स्थापना का कार्य | 335822 | 33582 | 700 | 6 माह |
| | **कुल योग** | 12459450 | 1245942 | 24700 | |

कार्यो के आगणित कुल मूल्य की 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एफ0डी0आर0, जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जायेगा तथा जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकृत की जायेगी उसे अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि) का एफ0डी0आर0 जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा, के जमा करने पर ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

खण्ड विकास अधिकारी
छतोह-रायबरेली

# सड़कें 15 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त हों : धामी

ब्यूरो, देहरादून



मुख्यमंत्री धामी

- आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सड़कें 15 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित सभी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। सचिव, विभागाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें। जो कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, उनका भौतिक सत्यापन किया जाए। जो सड़कें अभी बंद हैं, उन्हें यथाशीघ्र सुचारू किया जाए।

मुख्यमंत्री ने ये निर्देश मंगलवार को आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में स्थितियां सामान्य बनाई जाएं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आंकलन कर मानकों के अनुसार क्षतिपूर्ति की जाए। जिलाधिकारी अपने जिलों को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में कार्य करें। जिन गांवों से लोगों को विस्थापित करना है, उसकी कार्यवाही शीघ्र की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा काल के बाद होने वाली जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जल जनित रोगों से बचाव के लिए मुख्यमंत्री ने नियमित जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पतालों में सफाई व्यवस्था के साथ ही मरीजों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। उन्होंने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में आंतरिक मार्गों की मरम्मत एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य में प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए कुल 427.87 करोड़ रूपये की धनराशि आवंटित की जा चुकी है।

# रूड़की में बस ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा

**हरिद्वार, अमृत विचार :** रूड़की में रोडवेज बस बाइक सवार दो लोगों को रौंद कर 40 मीटर तक घसीटते ले गई। हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गई। गढ़ी संघीपुर, लक्सर निवासी मन्नान (19) व शादाब (17) बाइक से मंगलवार शाम सिविल लाइंस क्षेत्र में जा रहे थे। नगला इमरती में कोर विश्वविद्यालय से आगे रोडवेज बस ने बाइक सवारों को रौंद डाला। यही नहीं बस दोनों को 40 मीटर दूर तक घसीटते हुए ले गई। हादसा होते ही उधर, से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाकर बस को रुकवाया और दोनों युवकों को अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है।

# मलेशिया का युवक अलकनंदा में बहा

**देहरादून :** बद्रीनाथ धाम दर्शन को मलेशिया से आए परिवार के साथ हादसा हो गया। दर्शन से पहले अलकनंदा नदी में स्नान करते वक्त परिवार के मुखिया सुरेश चंद्र (60) तेज बहाव में बहने लगे, तभी बेटे डॉ. बलराज शेट्टी (40) ने पिता को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। एसडीआरएफ ने पिता को तो सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया लेकिन बेटा अलकनंदा के तेज बहाव में गुम हो गया। कई घंटे तक खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं लगा।

एनआरआई सुरेश चंद्र परिवार के चार सदस्यों के साथ 14 सितंबर को चारधाम दर्शन करने के लिए उत्तराखंड आए थे। मंगलवार को ये परिवार बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने के लिए पहुंचा था।

# कुत्तों के झुंड ने खेत पर जा रहे छह वर्ष के बच्चे को नोचकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, संभल

- मां को देखने खेत पर जा रहा था इकलौता बेटा मोहम्मद शान
- गांव से थोड़ी दूर आम के बाग के पास कुत्तों ने कर दिया हमला



मोहम्मद शान

**अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव में मां को देखने खेत पर जा रहे 6 वर्षीय इकलौते बेटे मोहम्मद शान पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों का झुंड तब तक उसे नोचता रहा जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। इकलौते बेटे की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव कुतुबपुर सक्ता निवासी असरफ अली अपनी ससुराल शाहपुर सिरपुड़ा में पत्नी अफसीन के साथ रहता है। असरफ की बेटी आयत कक्षा 4 की छात्रा है, जबकि 6 वर्षीय बेटा मोहम्मद शान कक्षा तीन का छात्र था। मंगलवार की सुबह बुखार आने से बेटे मोहम्मद शान को घर छोड़कर अफसीन बेटी आयत को गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय छोड़ने चली गई। काफी देर तक अफसीन घर नहीं लौटी तो उसके खेत पर चले जाने की बात सोचकर शान मां की तलाश में खेत की तरफ चल दिया। गांव से थोड़ी दूर आम के बाग के पास पहुंचा कि कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों का झुंड तब तक बच्चे को नोचता रहा जब तक वह बेदम नहीं हो गया। इस बीच घर पहुंचीं अफसीन को बेटा दिखाई नहीं दिया तो वह खेत की ओर चल दी। आम के बाग के पास शान को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा तो उसकी चीख निकल गई। घायल बेटे को गोद में लेकर वह घर आई।

सूचना पर पिता असरफ भी पहुंच गया। वह शान को लेकर सीएचसी गया, जहां से बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्म 7000–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बाबवीं 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पेंसेरा 5000 गुड़ लड्डू 5200 आटा मैदा मैदा 3000–3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 76,500 |
| सोना रवा | 76,350 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 89,800 |
| चांदी (999) | 89,700 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार

### रेटिंग्स एजेंसी को उम्मीद- आरबीआई मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में करेगा कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठोस वृद्धि से मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर आरबीआई कर सकेगा ध्यान केंद्रित



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8% पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि यह 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष (मार्च 2025 में समाप्त होने वाले) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहेगी।

### सरकार का मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने का है लक्ष्य

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सात से नौ अक्टूबर को होने वाली है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से नीतिगत दर को 6.5% पर यथावत रखा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की कटौती की है। इसके बाद आरबीआई के अगले महीने इसमें 0.25% की कटौती करने की उम्मीद है।

# 85,000 अंक लांघने के बाद फिसला सेंसेक्स



- एनएसई के निफ्टी ने भी 26,000 अंक को किया पार

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक और एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि, बाद में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 14.57 अंक यानी 0.02% की गिरावट के साथ 84,914.04 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 85,000 अंक पहुंचा था। यह 234.62 अंक यानी 0.27% की बढ़त के साथ उच्चतम स्तर 85,163.23 अंक पर पहुंच गया। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा से धातु शेयरों को गति मिली। दोपहर में रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली से यह दिन के निचले स्तर 84,716.07 अंक तक आ गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। एनएसई का निफ्टी 1.35 अंक यानी 0.01% की बढ़त के साथ 25,940.40 अंक पर बंद हुआ। यह 72.5 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर 26,011.55 अंक तक चला गया था।

# कीमत स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- केंद्रीय बैंकों को नियमन और निगरानी के उपायों को अपनाना चाहिए



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि कीमत स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी है। अगर केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देता है और इसके लिए बड़े स्तर पर वृद्धि के साथ समझौता करता है ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने की जरूरत पड़ती है। दास ने काठमांडू में कहा कि अर्थव्यवस्था की मदद के लिए, केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति के साथ नियमन और निगरानी जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।

उन्होंने नेपाल राष्ट्र बैंक के हिमालय शमशेर स्मृति व्याख्यान में कहा कि मूल्य स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मूल्य स्थिरता के लिए वृद्धि को छोड़ा जाता है। दास के अनुसार, यह हो सकता है कि मूल्य स्थिरता के लिए उपाय वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त नहीं हों। हाल ही में कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही देखा गया। वहां जब सख्त मौद्रिक नीति ने बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संदर्भ में आरबीआई के कार्य मूल्य स्थिरता से कहीं अधिक व्यापक हैं और इसमें वित्तीय स्थिरता बनाए रखना शामिल है। दास ने कहा कि इससे हमें अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र दृष्टिकोण अपनाने, तालमेल के साथ आगे बढ़ने और हमारे पास जो भी साधन हैं, उसका उपयोग कर कदम उठाने में मदद मिलती है।

## चीनी बैंक ने आरक्षित दरों में की कटौती

**बीजिंग।** चीनी केंद्रीय बैंक ने संपत्ति क्षेत्र में मंदी से निपटकर सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से कई कदम उठाने की मंगलवार को घोषणा की। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने कहा कि बैंकों के लिए आवश्यक आरक्षित दर (रिजर्व रेट) में 0.5% की कटौती होगी तथा केंद्रीय बैंक इसमें और भी कटौती करेगा। केंद्रीय बैंक शेयर बाजार के स्थिर विकास में सहयोग के लिए नयी नीतियां बना रहा है। दूसरा घर खरीदने वालों के लिए अग्रिम भुगतान की अनिवार्यता 15% होगी तथा गिरवी दरों में कटौती होगी।

# फर्जी पंजीकरण : 10,700 जाली कंपनियों का लगा पता

नई दिल्ली, एजेंसी

- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 20 राज्य करेंगे आधार प्रमाणीकरण शुरू

कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत 10,700 फर्जी पंजीकरण का पता लगाया है, जिनमें 10,179 करोड़ की कर चोरी शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है और चार अक्टूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अंततः मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा कि भविष्य में कर अधिकारी नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे।

## उद्योग जगत से चार लाख करोड़ की ऋण मांग : एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा कि हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है। सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1% बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ कर दिया था। यह देश के जीडीपी का 3.4% है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके नकदी स्रोतों से किया गया है।

# बैंक जमाराशि वृद्धि में कमी से बॉण्ड से धन जुटाने के लिए मजबूर : इक्रा

मुंबई, ,एजेंसी

- 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से किए जाएंगे जारी

धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बॉण्ड जारी कर 1.3 लाख करोड़ तक जुटाने पर मजबूर होना पड़ेगा। मंगलवार को रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, बॉण्ड की राशि 1.2-1.3 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी और यह अभी तक का सर्वाधिक है। यह बॉण्ड राशि ऐसे समय में जारी होगी जब जमा तथा ऋण वृद्धि के बीच लगातार अंतर जारी है। 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किए जाएंगे।

इसी के साथ ऋणदाताओं के बीच बुनियादी ढांचा बॉण्ड के लिए बढ़ती मांग बाजार को गति प्रदान करेगी। एजेंसी ने कहा कि नकदी की कठिन परिस्थितियों तथा ऋण वृद्धि के जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों के लिए वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बॉण्ड जारी कर एक लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले 2022-23 में 1.1 लाख करोड़ जुटाए गए थे, जो मौजूदा बॉण्ड राशि से पहले सर्वाधिक था।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### कोलकाता में एक हिस्से को छोड़कर ट्राम सेवा होगी बंद

**कोलकाता।** बंगाल सरकार ने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र हेरिटेज खंड को छोड़कर कोलकाता में 150 साल पुरानी ट्राम सेवा को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। हालांकि, ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने का फैसला किया है। कोलकाता देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां ट्राम का संचालन जारी है।

### ऑटो-ट्रक की भिड़ंत में 6 की मौत, 3 लोग घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कटनी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समन्ना गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर और एसपी के साथ एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दमोह से जबलपुर तक कॉरिडोर भी बनाया गया। क्रेन की मदद से ऑटो को ट्रक के नीचे से निकाला गया। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

### प. बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता।** प. बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई। गुवाहाटी से आ रही यह मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात बहाल कर दिया गया।

# फर्जी मुठभेड़ बताकर कोर्ट पहुंचा मृत आरोपी का पिता

### बदलापुर यौन शोषण : अन्ना शिंदे ने याचिका में अक्षय की हत्या का लगाया आरोप, एसआईटी जांच की मांग

मुंबई, एजेंसी

बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मारे गए आरोपी अक्षय शिंदे के पिता ने बंबई हाईकोर्ट में याचिका दायर कर विशेष जांच दल (एसआईटी) से मामले की जांच कराने की मांग है।

अन्ना शिंदे ने वकील अमित कटरनवारे के जरिए दायर याचिका में आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या फर्जी मुठभेड़ में की गई। वकील कटरनवारे ने कहा कि आरोपी उस समय हिरासत में था, जब उसे फर्जी मुठभेड़ में गोली मार दी गई। यह वर्दीधारी अपराधियों द्वारा की गई निर्मम हत्या है। याचिका पर बुधवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ सुनवाई करेगी। वहीं मामले की जांच राज्य सरकार ने सीआईडी को सौंप दी है। टीम ने जांच के तहत मंगलवार को घटना स्थल और पुलिस वैन से जांच के लिए नमूने एकत्र लिए हैं।



आरोपी अक्षय शिंदे के मुठभेड़ में मार जाने के बाद वैन की जांच करती फोरेंसिक टीम।

### आरोपी पर पुलिसवालों की हत्या की कोशिश का मामला दर्ज

पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के लिए आरोपी अक्षय के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोपी की आकस्मिक मौत का मामला दर्ज हुआ है। अधिकारी ने बताया कि एपीआई नीलेश मोरे को गोली मारकर घायल करने के बाद उसके साथ जा रही टीम के अधिकारी ने उस पर जवाबी गोली चलाई। घायल अवस्था में अक्षय को कलवा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अदालत के फैसले को स्वीकार कर लेते परिजन

आरोपी अक्षय के पिता अन्ना शिंदे ने कहा कि परिवार अदालत के फैसले को स्वीकार कर लेता। उन्होंने सवाल उठाया कि अक्षय ने सोमवार शाम को पुलिसकर्मी की बंदूक छीन ली और गोली चला दी, जिसके कारण जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। अन्ना ने कहा कि हमें न्याय चाहिए। मेरा बेटा पटाखे फोड़ने से डरता था, वह पुलिस अधिकारी से कैसे पिस्तौल छीन सकता है और गोली चला सकता है। पुलिस ने यौन शोषण में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है और उस पर मुकदमा चलाया जा सकता था। परिवार ने अदालत के सुनाए फैसले को स्वीकार कर लिया होता। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने अज्ञात कारणों से उनके बेटे की हत्या कर दी।

### अक्षय की मां ने पुलिस के दावे पर सवाल उठाया

अक्षय के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने जुर्म कबूलने के लिए उस पर दबाव बनाया था। अक्षय की मां और चाचा ने आरोप लगाया कि पहले उसने पुलिसकर्मी की बंदूक छीनी और गोली चलाई तथा बाद में पुलिस ने आत्मरक्षा में उस पर गोली चलाई। पुलिस ने दबाव बनाकर उससे बयान लिखवाया कि उसने अपराध किया है। यह पुलिस और बदलापुर स्कूल प्रबंधन की साजिश है। राष्ट्रवादी कलवा–मुंब्रा से विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि कैसे हथकड़ी में आरोपी रिवॉल्वर छीनकर गोली चला सकता है जबकि पांच से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# लेखा परीक्षण से धन की सुरक्षा के साथ जनविश्वास बढ़ता है : मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी



- लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लेखा परीक्षण संस्थान लेखा परीक्षण और आकलन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनविश्वास बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा आयोजित लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16 वीं सभा का उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर गैर पारदर्शी लेखांकन प्रथाओं से घिरी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक संसाधनों को कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग से और ईमानदारी के साथ प्रबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के लेखा परीक्षण और आंकलन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पत्नी के जीविकोपार्जन में सक्षम होने से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी के जीविकोपार्जन के लिए सक्षम होने की वजह से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निचली अदालत द्वारा पत्नी को भरण-पोषण देने के निर्देश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की देखभाल करने, बच्चों की जरूरतों और पति तथा उसके माता-पिता की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ देती हैं। याचिकाकर्ता पति के बारे में कहा जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया है और वह दूसरी महिला के साथ रह रहा है। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 30,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था, साथ ही उसे मानसिक यातना, अवसाद और भावनात्मक पीड़ा आदि के लिए पांच लाख देने का आदेश दिया था। निचली अदालत ने उसे अपनी पत्नी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख देने का निर्देश दिया था, जिसमें मुकदमेबाजी की लागत के रूप में 30,000 रुपये शामिल हैं।

# राहुल ने भाजपा से पूछा- क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेरोजगारी की समस्या को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को घेरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आख़िर राज्य के युवा डंकी होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिये अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा। यहां डंकी का तात्पर्य अवैध तरीके से दूसरे देश में जाने से है जिसे डंकी फ़्लाइट भी कहा जाता है।

राहुल गांधी ने अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को करनाल जाकर मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इसका वीडियो एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया कि क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा? भाजपा द्वारा फैलाई बेरोज़गारी की बीमारी की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान हरियाणा के उन युवाओं से मुलाकात हुई जो घर परिवार से दूर खुद को पराए मुल्क में खपा रहे हैं। भारत लौटने पर जब उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं।

### भाजपा ने बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।

## एम्स के कार्यकारी निदेशक के बेटे पर लगे आरोपों की जांच करेगी समिति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक के बेटे को गैर-क्रीमी लेयर के तहत ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने और एम्स, गोरखपुर में एमडी पाठ्यक्रम में उसके प्रवेश में अनियमितता के आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल एम्स, गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। गोपाल कृष्ण के बेटे अरुप्रकाश पाल को दो गैर-क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए गए थे।

## महिला को किराये के मकान में मिले गुप्त कैमरे, मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

- व्हाट्सएप में असामान्य गतिविधि से हुआ मामले का खुलासा

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में महिला किरायेदार के बेडरूम और स्नानकक्ष में गुप्त कैमरे लगाने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही महिला कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि महिला को व्हाट्सअप में असामान्य गतिविधि दिखी। जांच के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सएप एकाउंट अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है। उसने स्नानकक्ष में बल्बहोल्डर में कैमरा देखा और पीसीआर कॉल की, पुलिस ने उसके बेडरूम में कैमरा मिला।

# आरटीआई पोर्टल को लेकर 11 राज्यों से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद अब तक नहीं शुरू हुआ पोर्टल

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पोर्टल शुरू करने के लिए दाखिल याचिका पर आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत के 2023 के फैसले के बावजूद इन राज्यों ने अब तक पोर्टल नहीं शुरू किया है। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और उच्च न्यायालयों को तीन महीने में आरटीआई वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। अदालत ने रेखांकित किया था कि इस सुविधा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता अनुज नकाडे के वकील की दलील पर संज्ञान लिया जिन्होंने बताया कि 11 राज्यों ने अब तक अपनी आरटीआई वेबसाइट शुरू नहीं की है।

## भाजपा मुझे चोर दिखाना चाहती है इसलिए जेल में डाला : केजरीवाल



**चंडीगढ़।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर प्रहार तेज करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें चोर दिखाना चाहती है लेकिन उनके कट्टर शत्रु भी मानते हैं कि वह भ्रष्ट नहीं हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आप प्रत्याशी हरपिंदर सिंह के समर्थन में सिरसा के रानिया विधानसभा क्षेत्र में एक रोडशो किया। केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने पर पिछले सप्ताह तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# स्कूल सुरक्षा के निर्देश अधिसूचित करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी



- पीठ ने गैर सरकारी संगठन बीबीए याचिका पर की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश अधिसूचित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में जारी दिशानिर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया था। गैर सरकारी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने कहा कि आज तक केवल पांच राज्यों ने केंद्र के 2021 के स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश को अधिसूचित किया है। पीठ ने वर्ष 2019 की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि याचिका में उन अभिभावकों की आशंका को दर्शाने का प्रयास किया गया है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। याचिका में कहा गया है कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य और लक्ष्य, सभी बच्चों को हर प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक कल्याण की गारंटी देने के लिए एक व्यापक कानून बनाना है।

# टीम की तैयारियों से खुश हूं : हरमनप्रीत कौर

- 20 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्वकप

**मुंबई, एजेंसी**



मुख्य कोच मजूमदार के साथ पत्रकारों से वार्ता करतीं कप्तान कौर। ● एजेंसी

हरमनप्रीत कौर लंबे समय से खिताब के करीब पहुंचकर चूकने के अहसास से परेशान हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि उनकी टीम ने तीन से 20 अक्टूबर तक यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने की दावेदारी पेश करने के लिए अच्छी तैयारी की है।

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। भारत 2017 में महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उप विजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी-20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरनमप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ी लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। हम पिछली बार इतने करीब आ गए थे और सेमीफाइनल (2023) में हार गए। हमारी सभी विभागों में तैयारी काफी अच्छी है। जुलाई के अंत में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से भारतीय टीम को खेलने का मौका नहीं मिला है।

टीम ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में एक व्यापक तैयारी शिविर में हिस्सा लिया जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में बहुत समय बिताया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां टीम अतीत में कमजोर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य कोच अमोल मजूमदार और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड भी मौजूद थे। अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा एशिया कप के दौरान हमने अच्छी क्रिकेट खेली, एक दिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं। हरमनप्रीत ने अपने लगभग डेढ़ दशक के करियर में कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन उन्हें लगता है कि वह अब भी अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तरह ही उत्साहित हैं।

### मानसिक ट्रेनिंग को भी दी तरजीह : मजूमदार

मुख्य कोच मजूमदार में बेंगलुरू में ट्रेनिंग शिविर पर अधिक प्रकाश डाला। हमने कुछ चीजों की पहचान की (श्रीलंका से हार के बाद) और हमने अगले शिविर में इन पर काम किया। हमने पहले फिटनेस और क्षेत्ररक्षण शिविर लगाया। फिर हमने 10 दिन का कौशल शिविर लगाया। हमने एक खेल मनोवैज्ञानिक (मुग्धा बावरे) को भी बुलाया। वह टीम के साथ शानदार रहीं। हमने एथलेटिक क्षमता, ऑलराउंड क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, योग सत्र और मनोवैज्ञानिक सत्र भी जोड़े गए। बांग्लादेश में अशांति के कारण इस टूर्नामेंट को वहां से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन।** गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद एलिस पेरी (36) और एश्ली गार्डनर (33) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले पांच गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया हैं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का स्कोर बनाया।

आज यहां 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 26 के स्कोर पर उसने बेथ मूनी (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वेयरहम ने कप्तान अलीसा हीली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एमेलिया केर ने अलिसा हीली (27) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। तीसरे विकेट के रूप में जॉर्जिया वेयरहम (26) रन और एलिसा पेरी 29 गेंदों में (36) रन बनाकर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (5) और तालिया मैक्ग्रा (6) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# पैरालंपिक पदक विजेता व पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे।

पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। तुलसीमति, मनीषा और नित्या ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

## खेल डायरी

### राफेल नडाल स्पेन की डेविस कप टीम में शामिल



**मैड्रिड।** स्पेन ने डेविस कप के लिए अपनी टीम में फिटनेस से जूझ रहे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को टीम में जगह दी है। नवंबर में होने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट के लिए 38 वर्षीय राफेल नडाल को कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ स्पेन की टीम में जगह दी गई है। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। ओलंपिक के बाद नडाल को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण यूएस ओपन और लेवर कप से हटना पड़ा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। डेविस कप के लिए आठ देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19 से 21 नवंबर के दौरान होंगे। सेमीफाइनल 22 और 23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा। मेजबान स्पेन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

### फीफा ने नए कायदे कानून की पुस्तिका प्रकाशित की

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल नियामक संस्था (फीफा) ने दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नए नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र वाली कानूनी पुस्तिका का 2024 संस्करण प्रकाशित किया। फीफा द्वारा सोमवार को जारी की गई पुस्तिका के नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों तथा मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हाल ही में हुए बदलाव और संशोधन के बारे में जानकारी दी गई हैं। फीफा ने 2020 में इस पुस्तिका प्रकाशित किया था तब से प्रत्येक वर्ष यह कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा कानूनो के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर नियम और महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल है।

### मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया

**सेविले (स्पेन)।** मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2-1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

### त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

**मकाऊ।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11-21, 21-15, 21-17 से हराया लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10-21, 22-24 से हार गए।

# चीन में चमके भारतीय सितारे

## जीवन-विजय ने जीता हांग्झोऊ ओपन , भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन के उपविजेता बने





हांग्झोऊ ओपन के पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में खिताब जीतन के बाद जीवन और विजय, साथ में चेंगदू ओपन के उपविजेता युकी भांबरी और अल्बानो। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांग्झोऊ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी मंगलवार को चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 10-7 से शिकस्त दी। 35 साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती सेट को 4-6 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को 7-6 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई ब्रेक में भारतीय जोड़ी 10-7 से आगे रही। जीवन और विजय की जोड़ी अपनी सर्विस पर अंक भुनाने के मामले में शानदार रही।

### चेंगदू ओपन में भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने डौम्बिया और रेबौल को हराया

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4-6, 6-4, 4-10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में शुरुआती सेट को गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाये लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ा। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी-ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।



चेन्नई हवाई अड्डे पर डी गुकेश का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

# डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली और श्रीनाथ का जोरदार स्वागत

**चेन्नई, एजेंसी**

### नायकों की घर वापसी

- ओलंपियाड में देश को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद पूरी भारतीय टीम लौटी

ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया। चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 18 वर्षीय गुकेश अब नवंबर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए तैयार हैं।

# शेष भारत एकादश और मुंबई के बीच खेला जाएगा मैच

- लखनऊ में पहली बार 1 से 5 अक्टूबर के बीच होगा ईरानी ट्रॉफी प्रतिस्पर्धा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** लखनऊ में पहली बार होने वाले ईरानी ट्रॉफी के मुकाबले में शेष भारत की टीम ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में शहर के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ उतरेगी। रणजी चैंपियन मुंबई की कमान अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। ईरानी ट्रॉफी का यह मुकाबला 1 से 5 अक्टूबर तक खेला जाएगा। इस पांच दिवसीय मुकाबले के लिए मुंबई के 27 सितंबर और शेष भारत की टीम के 28 सितंबर के आने की संभावना है। दोनों टीमों के 29 सितंबर से अभ्यास करने की उम्मीद है।

### टीमों हैं ये सितारे

**मुंबई–** रहाणे (कप्तान), पृथ्वी शॉ, आयुष महात्रे, मुशीर खान, श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड, सूर्यांश शेडगे, हार्दिक तमोरे, सिद्धांत अधटराव, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, हिमांशु सिंह, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, जुनैद खान, रॉयस्टन दियास।

**शेष भारत–** ऋतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, ईशान किशन, मानव सुथार, सारांश जैन, प्रसिद्ध कृष्णा, मुकेश कुमार, यश दयाल, रिकी भुई, शाश्वत रावत, खलील अहमद, राहुल चाहर।

# दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर पहुंची भारतीय टीम

- 27 से औद्योगिक नगरी में खेला जाएगा शृंखला का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच

**कानपुर, एजेंसी**



कानपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते रोहित शर्मा, विराट कोहली और बांग्लादेश की टीम। ● एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरु होने वाले श्रृंखला के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिये भारतीय टीम के सदस्य मंगलवार को कानपुर पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य टुकड़ियों में यहां पहुंचे। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमन गिल,रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ।

बांग्लादेश की टीम भी यहां पहुंची। दोनों टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। टीमों के अभ्यास के शेड्यूल जारी होना बाकी है हालांकि सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम ग्रीनपार्क में नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीनपार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गयी। सुरक्षा के लिहाज से हालांकि पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखायी दी। होटल में क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी रैंकिंग को मजबूत करने का कानपुर में भरपूर मौका होगा।

## बॉलीवुड हलचल



# पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू

**पेरिस।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं। ब्यूटी ब्रांड लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए आलिया ने स्टाइल में रैंप वॉक किया। वह मेटैलिक सिल्वर बस्टियर में सजी नजर आईं, जिसे उन्होंने ब्लैक ऑफ-शोल्डर जंप सूट के साथ पेयर किया। मेकअप के लिए उन्होंने अपने होठों पर गुलाबी रंग का टच दिया। गीले बालों के साथ उनका लुक और भी आकर्षक लग रहा था। गौरतलब है कि हाल ही में आलिया को लोरियल पेरिस के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया था। वह कुछ दिन पहले पेरिस आई थीं। उन्हें अपने पति रणबीर कपूर के साथ पेरिस की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा गया। दोनों ने एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाई, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

### आलिया ने देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने आने वाली फिल्म देवरा का गाना चुट्टमल्ले तेलगु में गाया। 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान दोनों ही साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है जोकि आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर के ज्वाइंट इंटरव्यू की है। आलिया इस दौरान जिगरा का प्रमोशन कर रही थीं जबकि जूनियर एनटीआर देवरा के प्रमोशन के लिए साथ आए थे। इस सेशन को करण जौहर ने ऑर्गेनाइज किया था। वीडियो में आलिया भट्ट देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाती नजर आ रही हैं।इस वीडियो को देवरा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है।आलिया का गाना सुनकर जूनियर एनटीआर उनकी तारीफ करते हुए वॉव कहते हैं।

### वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक



**रोम।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंच गए हैं। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार लोकेशन की तस्वीर शेयर की, जहां फिल्म वॉर 2 की शूटिंग हो रही है।तस्वीर में उन्हें इटली की प्राकृतिक खूबसूरती का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। ऋतिक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा इटली वॉर 2 में सब कुछ कैद कर लिया गया है। ग्रे टी-शर्ट और धारीदार पैंट में ऋतिक बेहद आकृषक और स्टाइलिश लग रहे हैं।उनकी पोस्ट पर नेटिजन्स की दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्हें उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद से भी तारीफ मिली।सबा ने कमेंट किया मेरा प्यार। गौरतलब है कि अपनी शानदार सुपरहिट फिल्मों वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र के निर्देशन से प्रसिद्ध अयान मुखर्जी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म वॉर 2 में मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म वॉर 2 वर्ष 2019 में प्रदर्शित एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर का सीक्वल है। वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की अहम भूमिका थी।

# भारत दो हॉकी मैचों की शृंखला के लिए जर्मनी की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय शृंखला खेलेगी भारतीय टीम



भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय शृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह शृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा हम इस शृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना है कि यह शृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह शृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के गोरोंटालो प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया की जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गयी, लेकिन इसके कारण समुद्र में ऊंची लहरें नहीं उठीं। एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार मंगलवार को तड़के 02:51 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र गोरोंटालो शहर से 77 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 132 किमी की गहराई में था।

### ईरान में कोयला खदान में मृतक संख्या बढ़कर 49 हुई

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार को कहा कि देश के पूर्वी हिस्से में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण उसमें फंसे शेष श्रमिकों की भी संभवत: मौत हो गई होगी। इसके साथ ही, घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 49 हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक रिपोर्ट में, प्रांतीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली अखौंदी ने मृतक संख्या की जानकारी दी। यह घटना देश के तबास स्थित खदान में हुई।

### चीन ने समुद्र से आठ उपग्रह लॉन्च किए

**हैयांग।** चीन ने मंगलवार को पूर्वी प्रांत शेडोंग के हैयांग शहर के पास समुद्र से आठ उपग्रहों का प्रक्षेपण किया और उन्हें नियोजित कक्षा में स्थापित किया। वाणिज्यिक रॉकेट स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह करीब 10:31 बजे तियानयी-41 और अन्य उपग्रहों को लेकर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।

### तुर्की एयरलाइंस ने लेबनान के लिए उड़ानें निलंबित की

**इस्तांबुल।** तुर्की की प्रमुख विमान कंपनी टर्किश एयरलाइंस और देश की कम लागत वाली विमान कंपनी, पेगासस एयरलाइंस ने बढ़ते जोखिमों के कारण लेबनान के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैबर्टर्क दैनिक के अनुसार, यह निर्णय लेबनान पर इज़रायल के हवाई हमलों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे बुधवार को बेरूत से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं। वर्तमान में, तुर्की एयरलाइंस की वेबसाइट पर मंगलवारके लिए इस्तांबुल से बेरूत का टिकट उपलब्ध नहीं हैं, हालांकि गुरुवार के लिए बुकिंग खुली हुई है।

### नेपाल में आर्थिक सुधार के शुरुआती संकेत :आईएमएफ

**काठमांडू।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि नेपाल की अर्थव्यवस्था में सुधार के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। नेपाल की 11 दिवसीय यात्रा के बाद संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय एजेंसी ने सोमवार शाम को जारी एक बयान में आयात में वृद्धि, कर संग्रह में सुधार और सार्वजनिक निवेश में वृद्धि को सुधार के कारणों में से एक बताया गया। नेपाल में क्रेडिट वृद्धि में सुधार हो रहा है और यह सांकेतिक जीडीपी वृद्धि से बहुत नीचे है। जुलाई के मध्य तक मुद्रास्फीति में लगभग 3.6 प्रतिशत की गिरावट जारी रही, जो आंशिक रूप से अनुकूल कमोडिटी की कीमतों और कमजोर मांग प्रदर्शित करती है।

# सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री दोषी करार

- अगले महीने पूर्व मंत्री ईश्वरन को सुनाई जाएगी सजा

**सिंगापुर, एजेंसी**

लोक सेवक के रूप में कीमती वस्तुएं प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के आरोपों में मंगलवार को दोषी ठहराए गए सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को तीन अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में मंगलवार को सुनवाई के बाद 62 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत की अवधि बढ़ा दी गई।

अभियोजन पक्ष ने 62 वर्षीय पूर्व मंत्री को छह से सात महीने की जेल की सजा दिए जाने का अनुरोध किया था। ईश्वरन ने कहा था कि वह स्वयं को ईमानदार साबित करने के लिए मुकदमा लड़ेंगे लेकिन सुनवाई के पहले ही दिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति विन्सेंट हुंग ने दलीलें पेश करने के लिए बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष को धन्यवाद दिया।

### अभियोजन पक्ष ने छह महीने की कैद का अनुरोध किया

अभियोजन पक्ष ने ईश्वरन के लिए छह से सात महीने की कैद का अनुरोध किया जबकि बचाव पक्ष ने दलील दी कि यदि न्यायाधीश को लगता है कि इस मामले में जेल की सजा देना उचित है तो ईश्वरन को आठ सप्ताह से अधिक कारावास की सजा नहीं दी जानी चाहिए। आरोप पढ़े जाने के बाद ईश्वरन से पूछा गया कि क्या वह आरोप स्वीकार करते हैं।

# वर्कलोड से लाखों मौतें, काम के बोझ में भारत दूसरे स्थान पर

पुणे में युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट की कथित तौर पर ज्यादा वर्कलोड के कारण असामयिक मृत्यु की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इस घटना ने न केवल हर किसी को परेशान किया, बल्कि टॉक्सिक वर्कप्लेस कल्चर और कॉर्पोरेट जगत में ओवरवर्क इश्यू पर एक महत्वपूर्ण बहस भी खड़ी कर दी। डब्ल्यूएचओ और इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) के मुताबिक, 2016 में लंबे समय तक काम करने के कारण स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट डिजीज से 7,45,000 लोगों की मृत्यु हुई, जो वर्ष 2000 की तुलना में 29% ज्यादा है। स्टडी ये भी बताती है कि 35-40 घंटे काम करने की तुलना में प्रति सप्ताह 55 या इससे अधिक घंटे काम करने से स्ट्रोक का खतरा 35% और कोरोनरी हार्ट डिजीज से मृत्यु का खतरा 17% बढ़ जाता है।



### भारत में एक सप्ताह में कितने घंटे काम करते हैं लोग

भारत दुनिया के सबसे लंबे वर्किंग आवर्स वाले देशों में से एक है, जहां कर्मचारी औसत से अधिक घंटे काम करते हैं। यहां प्रति कर्मचारी सप्ताह में 46.7 घंटे वर्क करते हैं। साथ ही 51% कर्मचारी प्रति सप्ताह 49 या उससे ज्यादा घंटे काम करते हैं, जिससे भारत दुनिया के सबसे ज्यादा काम के घंटों वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। जब आप ऑफिस के काम के बोझ को निपटाने के लिए एक्स्ट्रा आवर में वर्क करते हैं या ऑफिस वर्क को घर पर करते हैं, इसे ही ओवरवर्क करना कहते हैं। अगर आप इसे रोजाना करते हैं तो ये आपकी मेंटल हेल्थ, फिजिकल हेल्थ और सोशल लाइफ पर असर डालता है। इस आंकड़े को देखने के बाद ये तो साफ है कि भारत में 50% से अधिक लोग सप्ताह में 49 घंटे से अधिक काम करते हैं। ये आंकड़े वाकई हैरान करने वाले हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी देश हैं, जहां काम के घंटे बेहद कम हैं। यहां कर्मचारियों के हितों का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है। नीचे ग्राफिक में सबसे कम घंटे काम करने वाले 10 देशों की लिस्ट देख सकते हैं।

### विकसित देशों में कितने घंटे काम

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के विकसित देशों में लोग एक सप्ताह में 40 घंटे से भी कम काम करते हैं, जो डब्ल्यूएचओ के बताए एक स्वस्थ मानक पर भी फिट बैठता है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन और स्विटजरलैंड समेत कई विकसित देश शामिल हैं। नीचे ग्राफिक में इस बारे में जानकारी दी गई है।

### सेहत पर क्या असर

- बहुत ज्यादा काम करने से थकान के कारण नींद संबंधी समस्या हो सकती है।
- हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है, जिससे स्ट्रोक, हार्ट डिजीज और किडनी फेलियर का खतरा रहता है।
- डिप्रेशन और एंग्जाइटी का शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है।
- टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ सकता है।
- फैमिली को टाइम न दे पाने से परिवार में अनबन हो सकती है, जिससे आपकी पर्सनल लाइफ भी प्रभावित होती है।
- आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मेंटल हेल्थ खराब हो सकती है।

# जेलेंस्की ने शांति प्रक्रिया में भारत से मांगी मदद

## तीन महीने में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। गौरतलब है कि मोदी और जेलेंस्की की पिछले एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले मोदी के यूक्रेन दौरे के दौरान दोनों नेता कीव में मिले थे।

मोदी ने संघर्ष के समाधान के लिए भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को भी दोहराया और कहा कि दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने के लिए एक मेज पर बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक से पहले दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। मीडिया में जारी बयान में कहा गया प्रधानमंत्री मोदी ने 23 सितंबर को समिट ऑफ द फ्यूचर इन न्यूयॉर्क के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने मोदी की हाल की यूक्रेन यात्रा को याद किया और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर सुदृढ़ीकरण पर संतोष व्यक्त किया।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत करते मोदी। एजेंसी

### मोदी ने पश्चिम एशिया में युद्ध विराम और वार्ता की राह पर लौटने का आह्वान किया

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई और वार्ता एवं कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया कि केवल द्वि-राष्ट्र समाधान से ही अस्थिर क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता आएगी। मोदी ने सोमवार को यहां भविष्य के शिखर सम्मेलन के अवसर पर फिलीस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ मुलाकात के दौरान गाजा में उत्पन्न मानवीय संकट और क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने फिलस्तीन के लोगों के प्रति भारत के अटूट समर्थन की पुष्टि की, जिसमें मानवीय सहायता जारी रखना भी शामिल है।

### जयशंकर ने बांग्लादेश के अपने समकक्ष से द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से यहां सोमवार शाम को मुलाकात की और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। बातचीत द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही। संयुक्त राष्ट्र महासभा की 79वीं बैठक से इतर जयशंकर और बांग्लादेश के उनके समकक्ष हुसैन की सोमवार शाम को यह बैठक हुई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने तथा नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस खान के नेतृत्व में अंतरिम सरकार गठित होने के बाद भारतीय विदेश मंत्री की अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ यह पहली मुलाकात थी।

### सिख प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री का समुदाय के लिए किए गए कार्यों के लिए आभार जताया

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में सिख समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने समुदाय के लिए भारत सरकार के किए कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिख ऑफ अमेरिका संगठन के जसदीप सिंह जस्सी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में मोदी से मुलाकात के बाद कहा हम बहुत खुश थे और उनसे मुलाकात के बाद हमें बहुत सकारात्मक अनुभूति हुई। प्रधानमंत्री के कमरे में आते ही हमने सिखों के पारंपरिक जयकारे जो बोले सो निहाल के साथ उनका स्वागत किया और प्रधानमंत्री ने बहुत ही विनम्रता से जवाब में सत श्री अकाल कहा। विस्कॉन्सिन के प्रमुख सिख नेता दर्शन सिंह धालीवाल ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में गठबंधन और साझेदारियों को मजबूत करना जारी रखेंगे : बाइडन

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हमें अपने सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन को कड़ा संदेश देते हुए मंगलवार को विश्व नेताओं से कहा कि वाशिंगटन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने गठबंधनों और साझेदारियों के नेटवर्क को मजबूत करना जारी रखेगा। बाइडन ने स्पष्ट किया कि ये गठबंधन और साझेदारियां किसी देश के खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन करना चाहता है।

बतौर अमेरिकी राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मंच से विश्व नेताओं को अपने आखिरी संबोधन में बाइडन ने कहा, हमें अपने सिद्धांतों को भी बनाए रखने की आवश्यकता है, क्योंकि हम चीन के साथ प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन करना चाहते हैं, ताकि यह संघर्ष में न तब्दील हो जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने संरा महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में कहा, अमेरिका स्पष्ट रूप से अनुचित आर्थिक प्रतिस्पर्धा के खिलाफ है, वह दक्षिण चीन सागर में अन्य देशों पर सैन्य दबाव बनाने के खिलाफ है और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के पक्ष में है। अमेरिका अपनी सबसे उन्नत प्रौद्योगिकियों की रक्षा कर रहा है।



### भारत से द. कोरिया तक शांतिपूर्वक हुए चुनाव

**संयुक्त राष्ट्र।** बाइडन ने भारत का उदाहरण देते हुए कहा कि विश्व ने इस साल हुए चुनावों के जरिये दुनिया भर के लोगों को शांतिपूर्वक अपना भविष्य चुनते देखा। संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से विश्व के नेताओं को संबोधित करते हुए बाइडन ने कहा हमने घाना से लेकर भारत और दक्षिण कोरिया तक दुनिया भर के लोगों को शांतिपूर्वक अपना भविष्य चुनते देखा है।

# सुदूर जापानी द्वीपों पर सुनामी की छोटी लहरें उठीं

**तोक्यो।** सुदूर जापानी द्वीपों पर आए भूकंप के बाद मंगलवार की सुबह सुनामी की छोटी लहरें उठीं। आशंका है कि सुदूर जापानी द्वीपों पर ज्वालामुखी गतिविधि के कारण भूकंप आया। अपतटीय क्षेत्र में आया भूकंप स्थानीय निवासियों को महसूस नहीं हुआ और सुनामी संबंधी चेतावनी करीब तीन घंटे बाद वापस ले ली गई। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि इजू द्वीप के तटीय इलाके में मंगलवार सुबह 5.9 तीव्रता का भूकंप आया और कुछ ही मिनट बाद इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला में एक मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताते हुए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा ने संसद भंग की

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका के नवनियुक्त राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को संसद भंग करने संबंधी विशेष राजपत्र अधिसूचना पर हस्ताक्षर कर दिए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संसद मंगलवार मध्य रात्रि से भंग मानी जाएगी और चुनाव 14 नवंबर को होंगे।

श्रीलंका में शनिवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले दिसानायके ने कहा था कि वह संसद को तुरंत भंग कर देंगे और मध्यावधि चुनाव कराने का आदेश देंगे। इससे पहले पिछली संसद अगस्त 2020 में गठित की गई थी। इसे निर्धारित समय से 11 महीने पहले ही भंग कर दिया गया।

### अमरसूर्या ने प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ

**कोलंबो।** हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह वर्ष 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गयीं।

# कोर्ट ने मादुरो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की एक अदालत ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ कथित मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इससे पहले, वेनेजुएला की एक अदालत ने एमट्रासुर विमान के साथ हुई घटना को लेकर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, राष्ट्रपति सचिवालय की प्रमुख करीना माइली और सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अर्जेंटीना ने सितंबर की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अभियोजक से मादुरो की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने का अनुरोध किया था।

# इजराइल के हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई का कमांडर मारा गया

**बेरूत, एजेंसी**

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने बेरूत पर एक हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि इब्राहिम कोबेसी मंगलवार को मारा गया तथा वह इजराइल की ओर मिसाइल और रॉकेट हमले करने के लिए जिम्मेदार था।

इजराइली सेना ने कहा कि हमले के समय कोबेसी के साथ अन्य प्रमुख कमांडर भी थे, लेकिन अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि इसमें क्या कोई अन्य मारा गया या घायल हुआ है।



### आईडीएफ ने ठिकानों पर हमले तेज किए

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को लेबनान में शिया समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर लक्ष्य साधकर हमले शुरू करने की घोषणा की। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा आईडीएफ वर्तमान में लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन से संबंधित आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहा है।

# ट्रंप की तुलना में अधिक लोकप्रिय हैं कमला हैरिस

- मतदाताओं के मुताबिक हैरिस की पृष्ठभूमि व नीतिगत विचार बेहतर
- अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण में आया सामने

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में एशियाई अमेरिकी, हवाई के मूल निवासी और प्रशांत द्वीप के मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अधिक उपयुक्त उम्मीदवार मान रहे हैं। एएपीआई (एशियाई अमेरिकी एवं प्रशांत द्वीप वासी) मतदाताओं का यह भी मानना है कि हैरिस ऐसी उम्मीदवार हैं जो उनकी पृष्ठभूमि और नीतिगत विचारों का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हैं।

एएपीआई डेटा और एपीआईएवोट के नये सर्वेक्षण में पाया गया है कि 10 एएपीआई मतदाताओं में से लगभग 6 हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल राय रखते हैं, जबकि लगभग एक तिहाई की राय कुछ हद तक या बहुत प्रतिकूल है। प्रत्येक 10 एएपीआई मतदाताओं में तीन की ट्रंप के बारे में सकारात्मक राय है और करीब दो-तिहाई की नकारात्मक राय है।





## ज्ञान-विज्ञान

### उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा

# बृहस्पति के चंद्रमा आयो पर मिला सक्रिय ज्वालामुखी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार,:** बृहस्पति के चंद्रमा आयो में एक बड़ा ज्वालामुखी सक्रिय हो चला है। नई तस्वीरों से यह जानकारी मिली है। इस वर्ष जूनो अंतरिक्ष यान द्वारा ली गई तस्वीरों में ज्वालामुखी आग उगलता नजर आ रहा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान से ली गई तस्वीरों में यह ज्वालामुखी मौजूद नही था।

पृथ्वी की तरह कई अन्य ग्रह हैं, जिनमें ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। आयो में सक्रिय ज्वालामुखी का रहस्य बर्लिन के यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने उजागर किया है। वर्ष 1997 में आयो की सतह का वह भाग खाली नजर आता है। जिसका तस्वीरों से स्पष्ट पता चलता है। गुरु के चंद्रमा आयो में सक्रिय ज्वालामुखी को लेकर वैज्ञानिक कहते हैं कि यह चंद्रमा बृहस्पति के सबसे निकट का बड़ा चंद्रमा है। जिसके एक तरफ विशाल ग्रह के ज्वारीय बलों का प्रभाव है, जबकि दूसरी तरफ गुरु के अन्य बड़े चंद्रमाओं का गर्म आंतरिक भाग है। यह परिस्थितियां आयो की सतह पर लावा के फव्वारे फूटने का कारण बनती हैं। आयो का यह भूभाग हमारे सौर मंडल में सबसे अधिक भौगोलिक रूप से सक्रिय स्थान है। 11 सितंबर, 2024 को बर्लिन में यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने कहा कि उन्होंने आयो पर एक नया ज्वालामुखी देखा है।



दाएं चित्र में सक्रिय ज्वालामुखी व बाईं तस्वीर में खाली स्थान।

### 32 हजार वर्ग किमी फैला है ज्वालामुखी

**नैनीताल :** जूनो ने पिछले दो वर्षों में आयो के सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र में तीन हालिया उड़ाने भरी थी और जूनो के कैमरे ने इसकी सतह की लगभग 20 क्लोज़अप रंगीन तस्वीरे कैमरे में कैद की। सक्रिय ज्वालामुखी के लावा से स्पष्ट पता चलता है, जिसने आयो के 32 हजार किमी वर्ग क्षेत्र को प्रभावित किया है। लावा की 100 किमी बहती धाराओं का भी पता चलता है।

1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान की पिछली छवियों में ज्वालामुखी नही था। जूनो अंतरिक्ष यान की तस्वीरें इसका खुलासा करती हैं।

# इमरान खान पर सैन्य मुकदमे से संबंधित याचिका का निपटारा

- न्यायालय को बताया - संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सैन्य मुकदमा चलाने संबंधी याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायालय को बताया गया कि संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है।

भ्रष्टाचार के आरोप में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने नौ मई, 2023 को रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से 100 से ज्यादा लोगों को सैन्य अदालतों में मुकदमे के लिए सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था। कई सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि खान पर सैन्य अदालत में भी मुकदमा चलाया जा सकता है। खान ने अपने मुकदमे की सुनवाई सैन्य अदालत में किए जाने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने अदालत को बताया कि संघीय सरकार ने यह तय नहीं किया है कि खान पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मुकदमा चलाया जाता है, तो यह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नियम 549 के अनुसार चलाया जाएगा।